CMYK

अधिकतम :23°C
न्यूनतम: 10°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, गुरुवार 27 नवम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 22 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 5 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकता: योगी

पेज 2



दक्षिण अफ्रीका का क्लीन स्वीप, भारत में 25 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज

खेल टाइम्स



बाल उत्पीड़न: समस्या कितनी गहरी है

सम्पादकीय



राम मंदिर में मोदी का ध्वजारोहण नाजायज: पाक

पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में ही विमानों के इंजन और कल पुर्जे होंगे डिजाइन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांसिसी कंपनी सफरान से भारत में ही विमानों के इंजन और कल पुर्जों के डिजाइन की संभावनाओं का पता लगाने और अंतरिक्ष यानों की प्रणोदन प्रणालियों के डिजाइन तथा विनिर्माण के लिए भारत में मौजूद अवसरों तथा प्रतिभाओं का उपयोग करने की अपील की है। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां सफरान के विमान इंजनों के रख रखाव , मरम्मत और ओवरहालिग (एमआरओ) केंद्र का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया।

### पुणे मेट्रो का विस्तार होगा, परमानेंट मैग्नेट इंडस्ट्री के लिए 7280 करोड़ की योजना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 4 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 9858 करोड़ रुपये से पुणे मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। वहीं रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट बनाने वाली इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए 7280 करोड़ रुपये की योजना लाई गई है। ए मैग्नेट इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी), डिफेंस, एयरोस्पेस और इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने में जरूरी होते हैं। इसके अलावा, अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने गुजरात की द्वारका-कनालूस रेलवे लाइन और महाराष्ट्र की कर्जत-बदलापुर रेलवे लाइन को डबल करने की मंजूरी दी है। यानी रेल लाइनों पर और ट्रैक बनाए जाएंगे।

### फरीदाबाद से आतंकी उमर को पनाह देने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राजधानी में लालकिला के पास हुए कार विस्फोट की वारदात को अंजाम देने वाले आतंकवादी उमर उन नबी को पनाह देने के आरोप में हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद के धौज का रहने वाला शोएब इस मामले में गिरफ्तार होने वाला सातवां आरोपी है। एनआईए की जांच से पता चला है कि शोएब ने 10 नवम्बर को कार बम धमाका होने से पहले उमर को रसद सहायता प्रदान की थी।

### कमला पसंद कंपनी के मालिक की बहू ने आत्महत्या की

**नई दिल्ली।** देश की मशहूर पान मसाला कंपनी कमला पसंद और राजश्री के मालिक कमल किशोर चौरसिया की बहू दीप्ति चौरसिया (38) ने दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने घर में मंगलवार शाम आत्महत्या कर ली। दीप्ति का शव ड्रेसिंग रूम के पंखे से लटका हुआ मिला। दीप्ति का शव सबसे पहले उसके पति हरप्रीत चौरसिया ने देखा। हरप्रीत उन्हें लेकर अस्पताल गए, जहां दीप्ति को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को एक डायरी मिली है, जिसमें दीप्ति ने अपने पति के साथ विवाद का जिक्र किया है। दीप्ति ने डायरी में लिखा कि अगर किसी रिश्ते में प्यार और भरोसा नहीं तो फिर उस रिश्ते में रहने की और जीने की वजह क्या है। अब और नहीं सहन होता। बेटे को मां का आशीर्वाद।

## संविधान बचाओ-भाईचारा बनाओ महारैली में आसपा की ललकार

# अंबेडकर व मनुवादी विचारधारा में संघर्ष, सत्ता में आने वाले बढ़ेंगे आगे: चंद्रशेखर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** आजाद समाज पार्टी (आसपा) अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर ने एसआईआर के जरिये वोट चोरी रोकने का संकल्प दिलाने के साथ एक जनवरी से बेरोजगारी व ईवीएम से वोटिंग बंद कराने के लिए राज्यव्यापी आंदोलन की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि किसानों के लिए गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल करने और वेस्ट यूपी में हाईकोर्ट बेंच बनाने का वादा भी किया। चन्द्रशेखर आजाद ने कहा कि सत्ता के लिए मनुवादी और अंबेडकर वादी विचारधारा में संघर्ष छिड़ा है, जो सरकार में आएगा वह आगे बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने हक के लिए संघर्ष करना होगा। उन्होंने किसानों को गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल दिलाने, मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना कराने और दलित एवं ओबीसी युवाओं को नौकरी के लिए निजी क्षेत्र में आरक्षण दिलाने के लिए संघर्ष छेड़ने की घोषणा की। चंद्रशेखर आजाद ने संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित संवैधानिक अधिकार बचाओ, भाईचारा बनाओ रैली में उमड़े जनसमूह को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि यदि संविधान न होता तो आज एक प्राथमिक शिक्षक -**शेष पृष्ठ दो पर**

### चंद्रशेखर आजाद ने पूर्व विधायक शाहनवाज राना को आसपा की सदस्यता ग्रहण कराई

**मुजफ्फरनगर।** आसपा अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने उमड़े जनसमूह और मेरठ , सहारनपुर, मुरादाबाद मंडलों से आए कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में पूर्व विधायक शाहनवाज राना को पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ा ने उनके पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के की घोषणा की। इसके बाद पार्टी सुप्रीमो चंद्रशेखर आजाद ने पूर्व विधायक शाहनवाज राना का पटका पहनाकर सम्मान किया। जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा, राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी राजस्थान, मध्य प्रदेश रविन्द्र भाटी, कमल वालिया, पूर्व सांसद अमीर आलम, पूर्व विधायक नवाजिश आलम, भीम आर्मी अध्यक्ष विनय रतन सिंह, पश्चिम प्रभारी कमल गौतम ने उनका स्वागत किया।

■ आसपा अध्यक्ष ने एक जनवरी से ईवीएम से वोटिंग बंद कराने के लिए राज्यव्यापी आंदोलन की घोषणा की

# भगोड़ों को वापस लाना देश का अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

## 153 केस वाले आरोपी की याचिका पर सुनवाई करने से सुप्रीम इन्कार

■ एफआईआर डिटेल लेने दुबई से आना पड़ेगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि कानून से बचने के लिए विदेश भागे आरोपियों को वापस लाने का देश को पूरा अधिकार है। कोर्ट ने दुबई में रहने वाले विजय मुरलीधर उधवानी की याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया। इसमें उधवानी ने भारत से यूएई को भेजी गई उन्हें वापस लाने की रिक्वेस्ट (एक्सट्रडिशन रिक्वेस्ट) हटाने की मांग की थी।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनवाई के दौरान पिटीशनर की दलीलें मानने से इन्कार कर दिया और कहा कि अगर उसे एफआईआर की पूरी जानकारी चाहिए तो उसे भारत आकर लेनी होगी। उधवानी पर गुजरात में 153 आपराधिक केस दर्ज हैं, जिनमें शराब की तस्करी और गैंग की तरह गैर-कानूनी काम करने के आरोप भी शामिल हैं। वह जुलाई 2022 में दुबई जाने के बाद से भारत नहीं लौटा है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है। आरोपी के वकील ने कहा कि उसके पास पासपोर्ट नहीं है और वह भारत वापस आना चाहता है। इस मामले में एक सह-आरोपी की पुलिस कस्टडी में मौत हो चुकी है, इसलिए उधवानी अपनी सुरक्षा को लेकर डरा हुआ है। उसने यह भी मांग की थी कि भारत लौटने पर उसे सीसीटीवी निगरानी वाली कस्टडी में रखा जाए। बेंच ने इन दलीलों पर विचार करने से इन्कार किया और कहा कि अधिकारी उसे भारत लाने में सक्षम हैं। इसके बाद वकील ने याचिका वापस ले ली। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने भी उधवानी की याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट का कहना था कि आरोपी को मौजूद रहने के लिए बुलाना और उसे वापस लाने की प्रक्रिया शुरू करना बिल्कुल सही है। राज्य सरकार ने कोर्ट में कहा था कि वह सिर्फ शराबबंदी से जुड़े मामलों में ही नहीं, बल्कि जालसाजी, तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर अपराधों में भी शामिल है, जिनकी जांच ईडी कर रही है।

### दिल्ली में प्रदूषण चिंताजनक, हल निकालना होगा: सीजेआई

**सूर्यकांत बोले-कल डेढ़ घंटा टहला, तबीयत बिगड़ गई**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोगों की तबीयत बिगड़ रही है और सांस लेने में दिक्कत हो रही है। सीजेआई सूर्यकांत भी इससे प्रभावित दिखे। उन्होंने बुधवार को एसआईआर पर चल रही सुनवाई के दौरान इसका जिक्र किया। कहा कि मैं मंगलवार शाम को एक घंटा टहला। प्रदूषण की वजह से मेरी तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने कहा कि हमें जल्द इसका हल निकालना होगा। दरअसल हुआ यह कि इलेक्शन कमीशन के एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने सीजेआई से खराब सेहत की वजह से सुनवाई से छूट मांगी। इस पर सीजेआई



### एसआईआर: केंद्र और केरल चुनाव आयोग जवाब तलब

**चुनाव आयोग बोला- राजनीतिक पार्टियां डर का माहौल बना रहीं**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एसआईआर के खिलाफ दायर तमिलनाडु, बंगाल और केरल की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दल जानबूझकर डर का माहौल बना रहे हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केरल सरकार की याचिका पर केंद्र और राज्य चुनाव आयोग को एक दिसम्बर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। अगली सुनवाई 2 दिसम्बर को होगी। वहीं पश्चिम बंगाल की याचिका पर 9 दिसम्बर को सुनवाई होगी। इसी दिन चुनाव आयोग राज्य की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट भी जारी करेगा।

# भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स की मिली मेजबानी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 2030 में अहमदाबाद में होंगे गेम्स, ओलिंपिक 2036 की दावेदारी मजबूत होगी

**नई दिल्ली।** भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिल गई है। बुधवार को स्काटलैंड के ग्लासगो में कामनवेल्थ स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक के बाद अहमदाबाद को होस्ट सिटी घोषित किया गया।

भारत 15 साल के बाद कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले 2010 में नई दिल्ली में इन गेम्स का आयोजन किया गया था। तब भारतीय खिलाड़ियों ने 38 गोल्ड समेत 101 मेडल जीते थे। ग्लासगो में कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक के बाद अहमदाबाद को अधिकृत तौर पर होस्ट सिटी घोषित किया गया। भारत में पहली बार दिल्ली के बाहर मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट होगा अगर अहमदाबाद को 2030 की मेजबानी मिलती है, तो यह पहली बार होगा जब कोई बड़ा इंटरनेशनल मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट दिल्ली के बाहर आयोजित होगा। भारत 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स, 1951 और 1982 एशियन गेम्स की मेजबानी भी कर चुका है। 3 बड़े मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट दिल्ली में हुए थे। अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के आयोजन के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। यहां खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। मुख्य वेन्यू के तौर पर नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नारणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, और सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एंक्लेव को प्रस्तावित किया गया है। कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किसी भी देश के लिए सिर्फ खेल आयोजन नहीं, बल्कि उसकी अंतर्राष्ट्रीय छवि, विकास क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर और विजन का भी प्रतीक माना जाता है। अब तक ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, कनाडा और न्यूजीलैंड सहित कुल 9 देश इसकी मेजबानी कर चुके हैं। सबसे ज्यादा 5 बार मेजबानी का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिलने से ओलंपिक गेम्स 2036 की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी मजबूत होगी। भारत 2036 के ओलंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने लाल किले की से इसका ऐलान किया था। पिछले साल नवम्बर में भारत ने ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी।

# संविधान राष्ट्रीय अस्मिता का ग्रंथ: राष्ट्रपति मुर्मू

## कहा: इसे आत्मसात कर संसद ने जन आकांक्षाओं को किया अभिव्यक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ विश्व के विशालतम लोकतंत्र में जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने वाली भारतीय संसद, विश्व के अनेक लोकतंत्रों के लिए आज एक उदाहरण के रूप में प्रतिष्ठित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को राष्ट्रीय अस्मिता और पहचान का ग्रंथ बताते हुए कहा है कि बीते दशक में हमारी संसद ने इसके मूल्यों पर चलते हुए जन आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अनेक कार्य किए हैं।

श्रीमती मुर्मू ने बुधवार को यहां संविधान दिवस के अवसर पर संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में अपने अभिभाषण में कहा कि संविधान सभा ने संसदीय प्रणाली को अपनाने के पक्ष में जो ठोस तर्क दिए गए थे वे आज भी प्रासंगिक हैं। विश्व के विशालतम लोकतन्त्र में जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने वाली भारतीय संसद, विश्व के अनेक लोकतंत्रों के लिए आज एक उदाहरण के रूप में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान निर्माता चाहते थे कि संविधान के माध्यम से हमारा सामूहिक और व्यक्तिगत स्वाभिमान सुनिश्चित रहे। मुझे यह कहते हुए बहुत प्रसन्नता होती है कि बीते दशक में हमारी संसद ने जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अत्यंत प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए वह सभी सांसदों को बधाई देती हैं और कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से संविधान सभा के परम सम्माननीय सदस्यों की स्मृति में सादर नमन करती हैं।



उन्होंने कहा कि संविधान की अंतरात्मा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता जैसे आदर्शों में अभिव्यक्त होती है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि इन सभी आयामों पर संसद सदस्यों ने संविधान निर्माताओं की परिकल्पनाओं को यथार्थ स्वरूप प्रदान किया है। संसदीय प्रणाली की सफलता के ठोस प्रमाण के रूप में, आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से अग्रसर है। भारत में लगभग 25 करोड़ लोगों के गरीबी की सीमारेखा से बाहर आने से आर्थिक न्याय के पैमाने पर विश्व की सबसे बड़ी सफलता अर्जित हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान में सामाजिक न्याय के आदर्श के अनुरूप देश में समावेशी विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लागू होने से महिलाओं के नेतृत्व में विकास के एक नए युग का आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सात नवम्बर से राष्ट्र-गीत 'वन्दे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में देशव्यापी स्मरणोत्सव मनाए जा रहे हैं। यह स्मरणोत्सव भारत माता को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प का अवसर है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस राष्ट्रीय संकल्प की सिद्धि के लिए आप सभी सदस्यगण देशवासियों को दिशा और प्रेरणा प्रदान करेंगे।

# प. बंगाल में बाबरी मस्जिद शिलान्यास के लगे पोस्टर

■ टीएमसी विधायक बोले: छह दिसम्बर को नींव रखेंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के पोस्टर लगाए गए। इन पर लिखा है कि 6 दिसम्बर को बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का शिलान्यास समारोह होगा।

टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर को आयोजनकर्ता बताया गया है। खुद कबीर ने मंगलवार को कहा कि हम 6 दिसम्बर को बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे। तीन साल में इसका निर्माण पूरा होगा। कार्यक्रम में कई मुस्लिम नेता शामिल होंगे। अयोध्या में बाबरी मस्जिद को 6 दिसम्बर 1992 को कार सेवकों ने शहीद कर दिया था। अगले महीने बाबरी विध्वंस के 33 साल पूरे हो जाएंगे। टीएमसी विधायक का कहना है कि इसी मौके पर यह आयोजन किया जाएगा। टीएमसी विधायक का यह बयान तब सामने आया है जब मंगलवार को अयोध्या में पीएम मोदी ने राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण का मतलब है मंदिर अब पूर्ण हो गया। 22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। भाजपा ने इसकी कड़ी आलोचना की है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि टीएमसी पश्चिम बंगाल में मस्जिद नहीं, बल्कि बांग्लादेश की आधारशिला रख रही है। गिरिराज सिंह ने दावा किया कि ममता बनर्जी सरकार बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के समर्थन पर टिकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईटीआईएम मशीनों के डैमेज पर पहली बार वसूली नहीं होगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन (ईटीआईएम) के रख-रखाव और उपयोग से संबंधित नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब इरादतन या गैर-इरादतन किसी भी कारण से ईटीआईएम मशीन के पहली बार डैमेज अथवा खराब हो जाने पर संबंधित कार्मिक से किसी प्रकार की वसूली नहीं की जाएगी। मशीन के प्रतिस्थापन का संपूर्ण व्यय निगम स्वयं वहन करेगा। परिवहन निगम के प्रबंध निद. शक प्रभु एन. सिंह ने बुधवार को सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी कार्मिक द्वारा एक वर्ष की अवधि में मशीन को दोबारा फिजिकली डैमेज किया जाता है या क्षति पहुंचती है, तो ऐसी स्थिति में प्रतिस्थापन व्यय की प्रतिपूर्ति संबंधित दोषी कर्मचारी से की जाएगी।

### सफरान ने 2030 तक भारत से राजस्व तीन गुना करने का लक्ष्य रखा

**हैदराबाद।** विमान इंजन बनाने वाली फ्रांस की कंपनी सफरान ने साल 2030 तक भारत से अपना राजस्व तीन गुना करने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुधवार को यहां सफरान के एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर, ओवरहॉल) सेंटर के उद्घाटन के मौके पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओलि. वियर एंड्रीस ने यह बात कही। सीएमएफ इंटरनेशनल लीप इंजन के लिए यह सफरान का सबसे बड़ा एमआरओ केंद्र है। एंड्रीस ने कहा कि हैदराबाद में लीप और एम88 इंजन के लिए बने दो नए एमआरओ केंद्र और बीईएल के साथ हमारा नया संयुक्त उपक्रम हमारे ग्रुप के लिए भारत की अहमियत को दिखाते हैं।

# खड़गे ने संघ व मोदी पर निशाना साधा

नई दिल्ली।



■ कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा: आरएसएस ने संविधान को बताया था 'पाश्चात्य मूल्यों' पर आधारित

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को संविधान दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने संविधान को पाश्चात्य मूल्यों को आधारित बताया था और संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर का पुतला फूंका था।

खड़गे ने बुधवार को यहां संविधान दिवस के मौके पर देशवासियों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डा. अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरु और डा. राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा के साथ मिलकर संविधान का ही नहीं, एक ऐसे भारत का निर्माण किया, जहां लोकतंत्र सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भारत न्याय, समानता, आजादी, परस्पर भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद भारत की पहचान बन गया था, लेकिन आज ये पहचान खतरे में है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब संविधान लागू हुआ था, तब आरएसएस जैसे संगठन खुले तौर पर कहते थे कि संविधान 'पाश्चात्य मूल्यों' पर आधारित है और उनका आदर्श तो मनुस्मृति है। इतिहास गवाह है कि आरएसएस संविधान के खिलाफ थे। आज विडम्बना यह है कि जो लोग कभी संविधान से ज्यादा मनुस्मृति को मानते थे, सत्ता में आने के बाद मजबूरी और राजनीतिक आवश्यकता के कारण उसी संविधान को अपना बताने की कोशिश कर रहे हैं।

खड़गे ने कहा कि 11 दिसम्बर, 1948 को आरएसएस ने रामलीला मैदान में बड़ा सम्मेलन करके डा. अंबेडकर जी का पुतला भी फूंका था। आरएसएस ने केवल संविधान और तिरंगे का विरोध ही नहीं किया, बल्कि अंग्रेजी राज में जब स्वाधीनता सेनानी जेलों में थे, तो आरएसएस अंग्रेजों के साथ थी और उसी आरएसएस की मोदी जी लाल किले से तारीफ करते हैं। जबकि गांधी जी की हत्या के बाद 30 जनवरी 1948 को आरएसएस पर पहला प्रतिबंध सरदार पटेल जी ने लगाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज मोदी हमें कॉलोनाइजेशन के खतरे पर ज्ञान दे रहे हैं, पर ये उसी विचारधारा के लोग हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में, राष्ट्रीय आंदोलन में एक मिनट भी देश की जनता का साथ नहीं दिया, उल्टा अंग्रेजों की गुलामी की। उन्होंने कहा कि देश की जनता जान चुकी है कि संस्थानों को कौन चोट पहुंचा रहा है।

# गरीबों, वंचितों के सुरक्षा कवच संविधान पर नहीं होने देंगे आक्रमण: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बुधवार को कहा कि हमारा संविधान गरीबों एवं वंचितों का सुरक्षा कवच तथा देश के हर नागरिक की आवाज है और इस पर किसी तरह का हमला नहीं होने दिया जाएगा। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा ष्भारत का संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, यह देश के हर नागरिक से किया गया एक पवित्र वादा है। वादा कि चाहे कोई किसी भी धर्म या जाति का हो, किसी भी क्षेत्र से आता हो, कोई भी भाषा बोलता हो, गरीब हो या अमीर, उसे समानता, सम्मान और न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि संविधान गरीबों और वंचितों का सुरक्षा कवच है, उनकी शक्ति है और हर एक नागरिक की आवाज है। जब तक संविधान सुरक्षित है, हर भारतीय के अधिकार सुरक्षित हैं। आइए हम प्रण लें कि हम संविधान पर किसी भी तरह का आक्रमण नहीं होने देंगे। इसकी रक्षा करना मेरा कर्तव्य है।

### मुंबई आतंकी हमले के मृतकों को राहुल ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने '26/11' मुंबई आतंकवादी हमले में अपने प्राण गंवाने वाले नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों को बुधवार को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका बलिदान देश हमेशा याद रखेगा। गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मुंबई में 26/11 को हुए दुस्साहसी आतंकवादी हमले में अपने प्राण गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों और आम नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि। भारत उनके साहस, बलिदान और शहादत को कभी नहीं भूलेगा।

# चुनाव आयोग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे बीएलओ: अजय

जौनपुर, वार्ता



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को कहा कि सरकार की दमनकारी नीतियों और चुनाव आयोग की लापरवाही का खामियाजा कर्मचारी, शिक्षक और बीएलओ भुगत रहे हैं।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी सरकार और चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर पिछड़ी जातियों का वोट काटने का दबाव बनाया जा रहा है। इसी अत्याचार, दबाव और तनाव के कारण शिक्षक आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। यह बेहद शर्मनाक है।'' श्री अजय राय आज जौनपुर स्थित दिवंगत शिक्षक के मल्हनी स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की और हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच हो, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और बीएलओ ड्यूटी में मनमाने दबाव को तुरंत रोका जाए। गौरतलब है कि सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मल्हनी गांव के निवासी विपिन यादव गोण्डा जिले में सहायक अध्यापक पर तैनात थे, उनकी ड्यूटी एसआईआर के लिए बीएलओ पर तैनात थे। कल उन्होंने जहर खाकर आत्महत्या कर ली और आरोप लगाया कि वहां के एसडीएम, तसीलदार और बीडीओ उन पर पिछड़ी जातियों का वोट काटने का दबाव बना रहे थे। गांव में मौजूद मृतक के साले प्रतीक यादव ने भी बताया कि बीएलओ ड्यूटी के नाम पर अत्यधिक कार्यभार और दबाव के चलते शिक्षक बिपिन यादव कई दिनों से परेशान चल रहे थे।

## सीएम ने संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पढ़ाया पाठ

# कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकता: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



अधिकार तब सुरक्षित होते हैं, जब व्यक्ति कर्तव्यों के निर्वहन की आदत डाले: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि अधिकार तब सुरक्षित होते हैं, जब व्यक्ति कर्तव्यों के निर्वहन की आदत डाले। कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकता। जहां कर्तव्य के बिना अधिकार प्राप्त करने का प्रयास किया गया है, वहां पर लो. कतंत्र नहीं है, बल्कि वहां तानाशाह, व्यवस्था को गिरफ्त में लेकर आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को रौंदते दिखते हैं।

योगी ने लखनऊ में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 2015 से पूरा देश प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करता है। 1946 में हुए संविधान सभा के चुनाव के उपरांत गठित संविधान सभा ने भारत के संविधान का निर्माण किया था।

उन्होंने कहा कि डा. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बनी संविधान सभा ने अलग- अलग कमेटियां बनाई थीं, उसकी ड्रॉफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी। योगी ने कहा कि संविधान निर्माण में दो वर्ष 11 महीने 18 दिन लगे। संविधान निर्माण में जिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने योगदान व विशेषज्ञों ने सहयोग किया, उसी का परिणाम है कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और भारत की अनेकता को एकता में जोड़ने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान की मूल प्रति को लेकर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की समिति जब संविधान सभा के पास गई थी तब भी उन्होंने कहा था कि संविधान एक दस्तावेज है, जो भारत की विविधता को एकता में जोड़ने में मार्गदर्शिका के रूप में देश को नेतृत्व प्रदान करेगी। श्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान दिवस पर लोकभवन में संविधान की उद्देशिका का सशपथ पाठ कराया। इसके पूर्व अतिथियों ने भारत मां व बाबा. साहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन किया।

इस दौरान लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को बाबा साहेब के नेतृत्व की ड्रॉफ्टिंग कमेटी ने भारत के संविधान की मूल प्रति संविधान सभा को सौंपा था। हर भारतवासी के घर में उसकी प्रति होनी चाहिए। हर परिवार में उसकी प्रस्तावना का वाचन होना चाहिए।

### राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ली संविधान के प्रति कर्तव्य पालन की शपथ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को राजभवन में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राजभवन में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन करते हुए संविधान के प्रति निष्ठा, नीतिपरायणता और कर्तव्यपालन की शपथ ली। संविधान दिवस पर आयोजित यह सामूहिक संकल्प न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बना, बल्कि भारतीय गणतंत्र की आदर्श भावना को भी पुन: स्मरण कराने वाला क्षण रहा। कार्यक्रम के दौरान महिला अधिकारियों ने भारतीय संविधान की विशेषताओं, उसके महत्व और संविधान निर्माण में महिलाओं की ऐतिहासिक भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने बताया कि संविधान सभा में सरोजिनी नायडू, हंसा मेहता, दुर्गाबाई देशमुख जैसी महिला सदस्यों ने महिलाओं की शिक्षा, समानता,

---

सेंसेक्स 85609.51 | निफ्टी 26205.30 | सोना रु. 122744 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | **अर्थ व्यापार** | चांदी रु. 152971 प्रति किलो

# शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी सेंसेक्स 1022 अंक उछला

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को जबरदस्त तेजी देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1022.50 अंक (1.21) प्रतिशत उछलकर 85,609.51 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 320.50 अंक यानी 1.24 प्रतिशत चढ़कर 26,205.30 अंक पर पहुंच गया। लगातार तीन कारोबारी दिवस की गिरावट के बाद बाजार में रौनक लौटी है। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच दोनों प्रमुख सूचकांक आज गिरावट में खुले, लेकिन खुलते ही हरे निशान में चले गए। बीच कारोबार में सेंसेक्स 85,644.19 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 26,215.15 अंक तक चढ़ने में कामयाब रहा। वैश्विक बाजारों में तेजी के अलावा घरेलू स्तर पर पिछले तीन दिन की गिरावट के बाद कम भाव पर खरीद का असर भी दिखा। छोटी और मझौली कंपनियों के सूचकांकों में भी एक प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही। एनएसई के सभी सूचकांक हरे निशान में रहे। धातु, आईटी, बैंकिंग, फार्मा, ऑटो और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। सेंसेक्स की बढ़त में एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एलएंडटी का योगदान सबसे अधिक रहा।

# आईआईएम लखनऊ ने शुरू की 99 मूनशॉट्स फेलोशिप

**लखनऊ।** भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) लखनऊ ने डॉक्टोरल शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपनी विशेष पहल '99 मूनशॉट्स - 1999 बैच फेलोशिप' की शुरुआत की है। यह फेलोशिप आईआईएम लखनऊ के पोस्ट-ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) के 1999 बैच द्वारा संस्थान को प्रदान की गई है, जिसका उद्देश्य उच्च-गुणवत्ता वाले शोध कार्य को बढ़ावा देना और संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को मजबूत करना है। फेलोशिप के पहले प्राप्तकर्ताओं के रूप में मिस आयुषी सिंह (ऑपरेशंस एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट) और मिस्टर सतीश कुमार (स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट) का चयन किया गया है। आईआईएम लखनऊ के निदेशक प्रो. एमपी गुप्ता ने बुधवार को इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि 1999 बैच का यह योगदान शोध उत्कृष्टता के प्रति उनके गहरे समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दोनों चयनित शोधार्थी भविष्य के प्रभावी शोध की दिशा तय करेंगे। डीन (प्रोग्राम) प्रो. संजय सिंह ने भी 1999 बैच के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और इसे शोधार्थियों के लिए प्रेरणादायी कदम बताया। 1999 बैच के सदस्य अशिष भगारे ने कहा कि यह फेलोशिप संस्थान की वैश्विक रैंकिग और शोध उत्पादन को मजबूत करने की दिशा में उनका सामूहिक प्रयास है। इस वर्ष दो पीएचडी शोधार्थियों का चयन किया गया है और आने वाले समय में और भी छात्रों को सहायता प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि डॉक्टोरल प्रोग्राम के चेयरमैन प्रो. पुष्पेन्द्र प्रियदर्शी ने कहा कि यह पहल आईआईएम लखनऊ की शोध प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करेगी।

# चावल, गेहूं में टिकाव, चीनी, दालें मजबूत, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** दिल्ली थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के भाव स्थिर रहे। चावल के साथ गेहूं में भी टिकाव रहा। आवक कम रहने से चीनी और दालों के दाम चढ़ गए जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,854.72 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही।

गेहूं भी 2,857.42 रुपये पर कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रहा। आटे की कीमत भी लगभग स्थिर रही। दालों में मजबूती रही। मूंग दाल भी 25 रुपये और मसूर दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का भाव चार रुपये और चना दाल का 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। उड़द दाल की कीमत गत दिवस के स्तर पर ही टिकी रही। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 32 रिंगिट चढ़कर 4,022 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का जनवरी वायदा भी 0.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ 50.86 डॉलर बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 39 रुपये और सरसों तेल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। अन्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल के भाव 42 रुपये और सूरजमुखी तेल के चार रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। वनस्पति 54 रुपये और पाम ऑयल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ औसतन नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। चीनी भी तीन रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7884.82 रुपये, मसूर काली 8177.93 रुपये, मूंग दाल 10123.08 रुपये, उड़द दाल 10371.47 रुपये, तूअर दाल 10623.28 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.42 रुपये और चावल 3854.72 रुपये प्रति क्विंटल।

---

### संविधान दिवस पर संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिक प्रतिबद्धता दिखाएं : किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर नागरिकों से भारतीय संविधान के बुनियादी सिद्धांतों के प्रति अपना समर्पण दिखाने की अपील की। रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किए गए एक संदेश में संविधान निर्माताओं की दूरदृष्टि को याद किया और न्याय, स्वतंत्रता, समानता तथा भाईचारे को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। ये मूल्य भारत की लोकतांत्रिक पहचान को परिभाषित करते हैं। उन्होंने लिखा, हम संविधान दिवस पर उस दूरदृष्टि को याद करते हैं, जिसने भारत के लोकतंत्र की नींव रखी। इस संविधान दिवस पर, आइए हम न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के प्रति अपने आपको फिर से समर्पित करें-ए वे सिद्धांत हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**अंबेडकर व...**

का बेटा सांसद न बन पाता। उन्होंने रैली में मौजूद लोगों से कहा कि वह कुर्बानी के लिए तैयार हैं, लेकिन झुकने वाले नहीं। बिना नाम लिए बसपा पर कटाक्ष किया कहा कि मान्यवर कांशीराम ने लंबी लकीर खींच दी थी , लेकिन कुछ लोगों ने जिनसे संघर्ष था, उन्हीं से समझौता कर लिया। चंद्रशेखर आजाद ने यहां उमड़े अपार जनसमूह खासकर युवाओं में खूब जोश भरा, उन्होंने मौजूदा लोगों के जज्बात टटोलते हुए कहा कि बुलडोजर से घरों को जमींदोज किया जा रहा है, जो बोलता है, उसके घर पर बुलडोजर चल जाता है या ईडी का डर दिखाया जाता है, जो इनका विरोध करता है, वह राष्ट्रविरोधी हो जाता है और जो पार्टी ज्वॉइन कर ले, वही राष्ट्रवादी बन जाता है। उन्होंने कहा कि अब होशियार होने की जरूरत है, अब नहीं जागे, तो सोच लो 50 साल बाद यह देश कहां खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि लड़ाई किसी कि पूंछ नहीं, बल्कि मूछ बनने की है। उन्होंने कहा कि पूंछ कितनी भी लंबी हो, लेकिन मूंछ हमेशा ऊपर ही रहती है। उन्होंने मुस्लिम समाज से भी आह्वान किया कि जुल्म इतना बुरा नहीं होता, जितना उस जुल्म के सामने खामोश रहना। उन्होंने कहा कि तुगलकाबाद में उन्हें लाठियों से पीटा गया, देवबंद में उन्हें गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि हमलावर जानते हैं कि यदि वह 10 साल और जिंदा रहा, तो दिल्ली की कुर्सी पर बैठेगा। इस दौरान आसपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ा, भीम आर्मी भारत एकता मिशन राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव कमल सिंह वालिया, राष्ट्रीय महासचिव रविंदर भाटी, जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक मोहम्मद गाजी, पूर्व सांसद अमीर आलम, नवाजिश आलम, पूर्व विधायक शाहनवाज राना, रंजनवीर एडवोकेट, सतपाल चौधरी, रविन्द्र भाटी शामिल रहे।

# भारत के विकास की गतिशीलता पर दुनिया की नजर: राधाकृष्णन



वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में चुनावी, न्यायिक वित्तीय आदि क्षेत्रों में और सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने की जरूरत: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि देश आज भले ही तेजी से विकास कर रहा है और जल्द ही हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे लेकिन बदलते वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में चुनावी, न्यायिक, वित्तीय आदि क्षेत्रों में और सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने की जरूरत है।

राधाकृष्णन ने 'संविधान दिवस' पर यहां संसद भवन परिसर में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की करते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और जल्द ही तीसरा स्थान हासिल कर लेगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद थे।

राष्ट्रपति ने इस दौरान डिजिटल माध्यम में संविधान को नौ भाषाओं मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगू, उड़िया और असमिया में जारी कर संविधान से कला और कैलीग्राफी बुकलेट का अनावरण भी किया। उपराष्ट्रपति ने संविधान दिवस को पावन दिवस बताते हुए कहा कि इसी दिन 1949 में, स्वतंत्र भारत की संविधान सभा ने हमारे पवित्र संविधान को अंगीकृत किया था और 2015 से देश 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मना रहा है। यह दिन अब नागरिकों के लिए उत्सव बन चुका है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भाजपा कमजोर कर रही है संविधान, वोट कटवाकर लोकतंत्र पर बना रही संकट: अखिलेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने देशवासियों को संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि संविधान जितना मजबूत होगा, लोकतंत्र उतना ही सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान सोशलिज्म का मार्ग दिखाता है,

परन्तु भाजपा सरकार आने के बाद से संविधान को कमजोर करने की निरंतर कोशिशें हो रही हैं। श्री यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सोशलिस्ट और सेकुलर मूल्यों को खत्म करना चाहती है और एसआईआर लागू कर लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे अधिकारों, विशेषकर आरक्षण और वोट के अधिकार की रक्षा करता है, लेकिन भाजपा इन्हें कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है। उनका कहना था कि पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में एसआईआर के माध्यम से करोड़ों लोगों का वोट काटने की साजिश चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी में अधिकारियों के माध्यम से बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं, जिससे जनता को वोट के अधिकार से वंचित किया जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पीडीए से घबराई हुई है और पीड़ित, दुखी तथा अपमानित वर्ग समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा है। श्री यादव ने बताया कि मतदाता सूची नयी बन रही है और एसआईआर की प्रक्रिया में सरकार अधिकारियों व बीएलओ पर दबाव बना रही है,

जिसके कारण गोण्डा में यादव बिरादरी के एक अध्यापक तथा फतेहपुर में कोरी समाज के एक बीएलओ की मृत्यु तक हो चुकी है। उन्होंने एसआईआर की समय-सीमा तीन महीने बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि लोगों को सही तरीके से फार्म भरने का पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार डिटेंशन सेंटर इसलिए बना रही है ताकि जनता वर्ष दो हजार सत्ताईस में भाजपा को ही डिटेंशन सेंटर भेज सके।

## फरहान के साथ लखनऊ में '120 बहादुर' देखी, अखिलेश ने वीर अहीर सैनिकों की शौर्य गाथा को बताया गर्व का प्रतीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज फिल्म निर्देशक और अभिनेता श्री फरहान अख्तर के साथ उनकी नई फिल्म 'एक सौ बीस बहादुर' का विशेष प्रदर्शन पलासियो मॉल के थिएटर में देखा।

वर्ष उन्नीस सौ बासठ के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांगला पोस्ट पर मेजर शैतान सिंह के नेतृत्व में भारतीय सेना के एक सौ बीस अहीर जवानों द्वारा किए गए अदम्य साहस और बलिदान पर आधारित यह फिल्म देखकर श्री यादव ने कहा कि हमारी सेना दुनिया की सबसे बहादुर सेना है और यह फिल्म सच्ची वीरता का प्रेरणादायक चित्र प्रस्तुत करती है। फिल्म प्रदर्शन के दौरान श्री फरहान अख्तर भी श्री यादव के साथ मौजूद रहे। फिल्म समाप्त होने के बाद अखिलेश यादव के साथ मौजूद विधायकों, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अहीर सैनिकों की वीरता, जुझारूपन और मातृभूमि के प्रति समर्पण की सराहना की। उल्लेखनीय है कि इसी पलासियो मॉल का निर्माण श्री अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में हुआ था। मीडिया से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि फिल्म उन बहादुर जवानों की सच्ची लड़ाई का चित्रण करती है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में चीनी सेना का सामना किया और भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

उन्होंने मेजर शैतान सिंह के परमवीर चक्र से सम्मानित होने का उल्लेख करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को ऐसे प्रसंगों से प्रेरणा लेनी चाहिए। सपा मुखिया ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में अहीर रेजीमेंट की मांग उठाई थी और देशभर में जिन समुदायों द्वारा रेजीमेंट की मांग की जा रही है, सभी रेजीमेंटें बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों नौजवान वर्दी पहनकर मातृभूमि की सेवा करना चाहते हैं, इसलिए फौज में भर्ती बढ़नी चाहिए और नई रेजीमेंटें स्थापित की जानी चाहिए। उन्होंने फिल्म के निर्देशक व अभिनेता श्री फरहान अख्तर और उनकी टीम को इस प्रेरणादायक फिल्म के लिए बधाई दी। थियेटर में लंबे समय बाद फिल्म देखने की बात बताते हुए श्री यादव ने कहा कि युवाओं को देशभक्ति और वीरता से भरपूर ऐसी फिल्में अवश्य देखनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि आज चीन के साथ व्यापार लगातार बढ़ रहा है और भारत का बाजार चीनी सामानों से भरा है, जबकि चीन सीमा पर घुसपैठ कर रहा है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की विदेश नीति असफल रही है और इस सरकार में देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं हैं, उलटे सिकुड़ती जा रही हैं।

# संविधान दिवस के अवसर पर डीएम ने अधिकारियों/कर्मचारियों को दिलाई संविधान की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज/अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया।



इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उन्होंने जनपद वासियों को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हहम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आल्थक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई0 (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की उद्देशिका में निहित मूल्यों की स्थापना करना सभी अधिकारियों का प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों का भी अनुसरण पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ करना चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रामकेवल त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तालाब में मिली महिला की लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंहपुर अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में तालाब में एक महिला का शव मिला है पुलिस ने शव को बरामद करते हुए लाश पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार लौली गांव के ख्रषि तालाब में मंगलवार देर शाम एक महिला का शव पड़ा मिला। मामले की जानकारी होते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकठा हो गए। ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार विश्वकर्मा ने मामले की सूचना पुलिस को दी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी। महिला हैदरगढ़ थाना अंतर्गत सब्जी मंडी निवासी अफजला पत्नी अबुल्ल हसन है।

# शारदा नहर में कार गिरने से पांच लोगों की मौत, चालक गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/लखीमपुर खीरी।** मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा उस समय हो गया जब शादी समारोह से लौट रही कार अनियंत्रित होकर शारदा नहर में जा गिरी।

कार के गेट लॉक होने से भीतर बैठे लोग बाहर नहीं निकल सके और पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक बबलू की हालत गम्भीर बनी हुई है और उसे उपचार के लिए चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। पढुआ थाने के प्रभारी निरीक्षक श्री विवेक उपाध्याय के अनुसार मंगलवार रात उप बत्तीस बी ए दो तीन नौ नौ नंबर की कार सुतिया साईफन, मझरा पूरब के पास अचानक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई।

घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों के साथ पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया और कार को नहर से बाहर निकालकर सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमिया बेहड़ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान घाघरा बैराज, सुजौली, बहराइच निवासी श्री जितेन्द्र पुत्र विपिन बिहारी, श्री घनश्याम पुत्र बल्लू, सीशियन पुरवा सुजौली के श्री लालजी पुत्र मेवा लाल, गिरिजापुरी सुजौली के श्री अजीमुल्ला तथा रामवृक्ष पुरवा सुजौली के श्री सुरेन्द्र पुत्र विशुसोखा के रूप में हुई है।

सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है और स्थानीय लोग परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

# मूक-बधिर खुशी के लिए योगी बने सहारा शिक्षा व आवास की जिम्मेदारी उठाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कानपुर की बीस वर्षीया मूक-बधिर खुशी गुप्ता के आंसुओं में छिपा स्नेह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिना बोले समझ लिया।

मुख्यमंत्री से मिलने की मासूम इच्छा लेकर लखनऊ पहुंची खुशी के हाथों बनाए चित्रों ने मानवीय संवेदना का ऐसा भाव जगाया कि मुख्यमंत्री ने तुरंत उसके परिवार को बुलाकर व्यक्तिगत संवाद किया और उसके भविष्य की जिम्मेदारी उठाने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री आवास पर पहुंची खुशी ने स्वयं बनाया हुआ चित्र मुख्यमंत्री को भेंट किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र भी इसमें शामिल था। बेहद साधारण और आल्थक संकट से जूझ रहा यह परिवार मुख्यमंत्री से मुलाकात को जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताता है। पिता कल्लू गुप्ता की नौकरी छूट चुकी है और मां गीता गुप्ता घरेलू काम से ही परिवार चलाती हैं। बाइस नवम्बर को खुशी बिना बताए कानपुर से निकली और किसी तरह लखनऊ पहुंच गई। मुख्यमंत्री से न मिल पाने पर लोकभवन के बाहर वह रोने लगी। हजरतगंज पुलिस ने उसे संभाला और परिवार को सूचना दी। पिता पहले ही स्थानीय थाने में मिसिग रिपोर्ट दर्ज कर चुके थे। खुशी की कहानी पता चलते ही मुख्यमंत्री ने परिवार को बुलाकर उसके लिए कानपुर स्थित मूक-बधिर कॉलेज में शिक्षा सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। साथ ही पढ़ाई के लिए मोबाइल और टैबलेट उपलब्ध कराए गए तथा कानों के इलाज तथा परिवार को आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। यह पूरी घटना बताती है कि शासन केवल प्रशासनिक संस्था नहीं बल्कि मानवीय संवेदना का भी आधार है, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने व्यवहार से साकार किया।

## गोंदलामऊ ब्लॉक प्रमुख का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** गोंदलामऊ विकास खण्ड की ब्लाक प्रमुख नमिता अवस्थी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनका दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही नमिता अवस्थी ने अंतिम सांस ली। उनके निधन से सीतापुर जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। भाजपा नेताओं ने निधन को लेकर शोक जताया है। भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, भाजपा जिला महामंत्री रमेश भार्गव दीपू ने शोक संवेदना प्रकट की है।

# अकबरगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग

## सांसद किशोरीने रेलमंत्री को पत्र लिखकर रेलगाड़ियों के ठहराव की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** सिंहपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत इन्हौना में स्थित अहोरवा भवानी धाम रेलवे स्टेशन (अकबरगंज) में कोरोना काल से लखनऊ सुल्तानपुर पैसेंजर ट्रेन तथा वरूणा एक्सप्रेस सहित अन्य कई रेलगाड़ियों का ठहराव बंद कर दिया गया है,

जिसको लेकर इन्हौना शुक्ल बाजार, सिंहपुर अहोरवा भवानी, सेमरौता, राजा फतेपुर, सातनपुरवा सहित अन्य तमाम गांवों के हजारों यात्रियों को लखनऊ सुल्तानपुर कानपुर दिल्ली सहित अन्य तमाम शहरों के लिए आवागमन में असुविधा के साथ साथ परिवहन निगम की बसों में महंगा सफर करना पड़ रहा है क्षेत्रीय ग्रामीण सहित अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों ने भारत सरकार के रेलमंत्री तथा रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए कोरोना काल में बंद की गई रेलगाड़ियों के अकबरगंज रेलवे स्टेशन पर पुनः ठहराव की मांग की गई है यद्यपि अभी तक रेल मंत्रालय द्वारा अभी तक कोई सुनवाई नहीं की गई है यहां तक कि इन्हौना के तमाम वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं मोहम्मद लतीफ, वसीम मेंबर, महबूब खां बुग्गी, राम प्रसाद गुप्ता सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता समाजसेवी प्रभात द्विवेदी द्वारा अमेठी जिले के सांसद किशोरी लाल शर्मा को भी अकबरगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर ज्ञापन देकर लखनऊ सुल्तानपुर पैसेंजर ट्रेन तथा वरूणा एक्सप्रेस सहित अन्य रेलगाड़ियों के अकबरगंज रेलवे स्टेशन पर पुनः ठहराव करवायें जाने की मांग की गई वहीं ज्ञापन को अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने भारत सरकार के रेलमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए अकबरगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की सिफारिश की फिर भी अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी। इन्हौना ग्राम पंचायत के बेनीगंज निवासी शिरीष कुमार गुप्ता ने कहा कि इस मामले में वे राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह को ज्ञापन देकर रेलगाड़ियों के ठहराव की मांग करेंगे वहीं दूसरी ओर इन्हौना ग्राम पंचायत के निवासी जिला पंचायत सदस्य विकास यादव ने कहा कि अकबरगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव होने से हजारों यात्रियों को लखनऊ सुल्तानपुर वाराणसी आवागमन में सुविधा उपलब्ध होगी तथा यात्रियों की जेबें भी हल्की होगी इन्हौना के समाजसेवी शकील अहमद, अहोरवा भवानी के सोनू तथा सढ़िया के भवानी पासवान कहते हैं कि अकबरगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन ठहराव होने से शुक्ल बाजार, सेमरौता सिंहपुर तिलोई इन्हौना के हजारों यात्रियों की मांग रेल मंत्रालय को पूरी करनी चाहिए।

# बीडीओ व बीईओ ने क्षेत्र का दौरा कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंहपुर-अमेठी।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूचीयों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चल रहा हैं। जिसके ताहत मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है।



विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की अवधि चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक पूर्व से निर्धारित है। कार्यक्रम को सफल बना रहे कार्यरत बीएलओ मतदाताओं के घर- घर जाकर दो प्रतियों में उन्हें गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहे हैं जिसे मतदाताओं को भरकर एक प्रति संबंधित बीएलओ के पास तय समय सीमा में जमा करना अनिवार्य है। इस महत्तवपूर्ण कार्य को निर्धारित समय सीमा में संपन्न कराने के लिए जिले का पूरा प्रशासनिक अमला मुस्तैदी के साथ जुटा पड़ा हुआ है। बुधवार को सुबह से ही विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से खंड विकास अधिकारी सिंहपुर कमलेश यादव ने विकास क्षेत्र के पन्हौना रामगंज,जयनगरा, इन्हौना, धीरापुर,अहोरवा भवानी आदि दर्जनों गांवों का दौरा किया तथा बीएलओ से मिलकर कार्य प्रगति की समीक्षा की व मतदाताओं से अपील की कि इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना योगदान दे।

वही खंड शिक्षा अधिकारी सिंहपुर हरिओम तिवारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को समयावधि में सम्पन्न कराने के लिए क्षेत्र के दर्ज़नों विद्यालयों और बूथों सातनपुरवा, टिकरी, खंरावां, भानीपुर महिया सिदूरिया, कुकहारामपुर आदि गांवों का भ्रमण कर संबंधित लोगों को उचित दिशा-निर्देश दिया।

## जिलाधिकारी ने समीक्षा कर दिए निर्देश

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर की अध्यक्षता में शिविर कार्यालय में मंगलवार को स्वदेश दर्शन 2 के कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य क्षेत्र के 84 कोसीय परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाले समस्त पड़ावों पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यापक कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिए। जिलाधकारी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर समस्त पड़ावों पर नियमानुसार कार्ययोजना प्रस्तावित करें। उन्होंने स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रेजेंटेशन का भी अवलोकन किया।

# बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने जारी किए विभिन्न टोल फ्री नंबर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद मिशन शक्ति अभियान को और प्रभावी बनाने को लेकर न्याय पीठ बाल कल्याण समिति एवं सहारा जीवन जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आश्रम पद्धति विद्यालय असैदापुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडब्लूसी के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा बालिकाओं के लिए सरकार में विभिन्न टोल फी नंबर जारी किए है। आप को कभी भी और कहीं भी कोई असुविधा हो तत्काल जानकारी दे, तुरंत कार्रवाई होगी। संस्था के प्रबंधक संतोष श्रीवास्तव ने कहा सरकार बालिका




शिक्षा को लेकर कई योजनाएं संचालित की है। आप पढ़ें तभी समाज का विकास होगा।

बालिका के पढ़ने से दो परिवार का विकास होता है। सीडब्लूसी की सदस्य नीरज पांडेय ने बालिकाओं को बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन के अंतर्गत विपरीत परिस्थितियों में फंसे बच्चों को मदद पंहुचने हेतु 1098 नंबर संचालित है जिसे आपात कालीन स्थितियों में आप सहयोग ले सकते है। सीडब्लूसी की रीता सिंह ने कहा कि 181 महिला हेल्पलाइन पर बालिकाएं जो विषम परिस्थितियों में हो उस पर जानकारी ले सकती है।

# सीतापुर में लूट की वारदात का खुलासा, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** अटरिया थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अटरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सहजनपुर के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने हरदोई जनपद के देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ओमपुरी निवासी पिकू कंजर उर्फ विवेक पुत्र अमर सिंह उर्फ अमरू, सनी कंजर उर्फ भोला उर्फ रोहित पुत्र रामू कंजर, शनि कंजर पुत्र राजू उर्फ राजऊवा, रविद्र कंजर उर्फ मोटा पुत्र लाल बहादुर को गिरफ्तार किया।

पुलिस का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों की निशादेही/मौके से घटना से संबंधित कुल- 14,300 रुपये, 1 चांदी की अंगूठी कछुआ आख्रति, घटना में प्रयुक्त 1 मोटर साइकिल, 2 अवैध तंमचा मय 4 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 1 टॉर्च, 1 लोहे की चैन, 1 लोहे की चैन,1 पेचकस लोहा, 1 सनंसी लोहा, 1 छेनी, 1रिच, 1 सरिया का टुकड़ा बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि चारों शातिर लुटेरे हैं। यह सभी मिलकर योजना बनाकर हाइवे/सडक के किनारे खडे वाहनों तथा आते-जाते राहगीरों से उपकरण के माध्यम से लूट/चोरी करते थे। दिनांक 21.11.2025 के सुबह जब वादी श्यामसुन्दर द्वारा समय करीब 3.45 सुबह में अपनी गाड़ी क्र्ड नम्बर यूपी54एटी6649 से पुलवामा से सेव लेकर मऊ जा रहा था। अटरिया क्षेत्रान्तर्गत क्र्ड का टायर पंचर हो गया। जिसकी वजह से उसका ड्राईवर सचीन गाड़ी को सड़क किनारे लगा कर सो रहे थे। तभी इन लोगों द्वारा गाड़ी का गेट खोलकर उसके पर्स से करीब 33,200/- रुपये, कुछ रखे कपड़े, 1 मोबाईल फोन(विवो), व 02 अदद चांदी की अंगुठी जबरदस्ती छीन ले गये। पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

## हरगांव क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी सम्मानित

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर ने कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को 147-हरगांव विधानसभा क्षेत्र के 4 बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत इन बीएलओ द्वारा शतप्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समय से पूर्व ही पूर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। जिलाधकारी के हाथों सम्मानित होने वाले बूथ लेवल अधिकारियों में शिक्षामित्र सतीश कुमार गौतम, रोजगार सेवक अनिल कुमार वर्मा, पंचायत मित्र उमाकांत, आंगनबाड़ी कार्यकत्री गोधनी शुक्ला शामिल रहीं।

# उपकेंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** विकास खण्ड कसमण्डा के उपकेन्द्र जयरामपुर में आयोजित वीएचएसएनडी सत्र का जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थल पंचायत घर ग्राम समदापुर पर आगनंबाड़ी केन्द्र में वीएचएसएनडी सत्र प्रियंका भारती एंव आशा रामश्री द्वारा आयोजित किया जा रहा था।

सत्र के दौरान रामश्री आशा द्वारा अद्यतन डड्यूलिस्ट सत्र स्थल पर उपलब्ध पायी गई। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी के पास उपलब्ध लॉजिस्टिम क्रियाशील नही थें। जिलाधिकारी ने जल्द ही हुए प्रसूता का प्रसव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कमलापुर पर दिनांक 14.11.2025 को हुआ था, जिसकी जानकारी दूरभाष पर वार्ता कर उनको दी गई स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रसूता को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए,

उनको सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं एवं आवश्यक जानकारी से अवगत कराया जाए। यदि किसी प्रकार की कोई शिकायत संज्ञान में आती है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रियंका भार्ती एएनएम उपस्थित थी परन्तु उनके पास हीमोग्लोबिनोमीटर, क्रियाशील नहीं पाया गया। जिसको क्रियाशील करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

उन्होंने हाईरिस्क प्रोग्नेंसी (एचआरपी0) के रजिस्टर का अवलोकन किया तथा संबंधित को निर्देशित किया कि एचआरपी वाली महिलाओं से समन्वय स्थापित करते हुए समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने अब तक किये गये टीकाकरण की जानकारी करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि टीकाकरण करते समय कार्ड पर मौके पर ही दिनांक का अंकन किया जाए तथा टीकाकरण का अभिलेखीकरण भी सही ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कार्यों में लापरवाही बरतने पर आशा रामश्री को स्पष्टीकरण जारी करने, एएनएम को प्रतिकूल प्रविष्ट दिए जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही बीपीएम को निर्देश दिए कि आशा कार्यकत्री का 15 दिवस का मानदेय तथा डीएचएस में प्रस्ताव लाते हुए एएनएम का वेतन 15 दिवस का वेतन काटने हेतु कार्यवाही की जाए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ब्लाक सभागार में बुधवार को लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर उमेश प्रजापति की अध्यक्षता में तहसील क्षेत्र के सभी बैंक प्रबंधकों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनधन योजना, किसान सम्मान निधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचाने पर जोर दिया गया। एलडीएम ने बैंकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खाते खोलने, एटीएम सेवाओं, ऋण वितरण और सीएसपी संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, ताकि ग्रामीणों को सुविधा मिले और योजनाओं का लाभ बिना बाधा तक पहुंचे।

# भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश

### संविधान दिवस पर जेएस कालेज में सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और इसका संविधान विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

जगदीश सदन हिंदू महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और इसका संविधान विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। राजनी. ति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह ने संविधान के मूल्य, आदर्श एवं भारत में हुए संवैधानिक विकास पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। आयोजन सचिव डॉ. रश्मि गुप्ता ने संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा संविधान की ऐतिहा. सिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक



नागरिक के लिए संविधान की प्रस्तावना और उसके आदर्शों को समझना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. मनन कौशल, डॉ. ज्ञानेश वर्मा, डॉ. आभा सिंह, डॉ. मूसाआदि सहित कई शिक्षक एवं अजलफा, फरहा, अनमता, अजमी शफीक, रुचि, डोली आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलें: हेम सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बुधवार को संविधान दिवस के मौके पर नगर के अंबेडकर पार्क पर स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर अंबेडकर विकास मंच द्वारा माल्यार्पण किया गया यह कार्यक्रम अंबेडकर विकास मंच के तापमान में कियागया इस दौरान भाजपा नेता हेम सिंह आर्य ने कहा कि बाबा साहब ने कहां के बाबा साहब ने विश्व को सर्वश्रेष्ठ संविधान दिया है संविधान में प्रत्येक नागरिक को समानता स्वतंत्रता और न्याय सुनिश्चित किया है इस अवसर पर अंबेडकर विकास मंच राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुशील भगत जी ललित रानी मीनाक्षी सिंह मास्टर रामपाल सिंह विराज किशोर सिंह राजेंद्र सिंह प्रशांत सागर विनय कुमार राजा ललित उर्फ लकी आदि मौजूद थे



# सारिक ने बी फार्मा में किया कालेज टॉप

### पूर्व विधायक अशफाक खां ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अंजुमन ए अशरफ फार्मेसी कॉलेज सहसौली छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

बुधवार को कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज में संचालित कोर्स डी फार्मा तथा बी फार्मा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया बी फार्मा सिक्स सेमेस्टर में सारिक ने 87 परसेंट अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम एवं जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। बी फार्मा सेमेस्टर में आलिया नाज और डी फार्म में पुन्यश्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज के संस्थापक पूर्व विधायक अशफाक अली खान ने छात्रों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक अशफाक अली खान ने मेधावी छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें फार्मेसी के द्वारा समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। मेधावी छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की। इस दौरान कॉलेज का स्टाफ मौजूद था।

# मौलिक कर्तव्यों के निवर्हन की दिलाई शपथ

### संविधान दिवस पर वैंक्टेशर में गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय संविधान दिवस पर वेंक्टेश्वरा में ''भारतीय संविधान राष्ट्रीय एकता अखण्डता एवं सामाजिक न्याय का संवाहक'' विषय पर राष्ट्रीय संगौष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

बुधवार को वेंक्टेश्वरा स्कूल ऑफ लॉ एवं स्कूल ऑफ मान. विकी एवं सोशल स्टडीज के संयुक्त तत्वाँधान में मुख्य अतिथि प्रख्यात सामाजिक न्याय कार्यकर्ता एवं कानून विशेषज्ञ अंकिता सिंह, सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता विनीत सिंह, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता हरदीप सिंह, केन्द्रीय लॉ विश्वविद्यालय के प्रो0



एस0के0 चढढा समेत देश के एक दर्जन से अधिक कानून/संविधान बताते हुए इसे ''राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं सामाजिक न्याय'' का संवाहक करार दिया। मुख्य अतिथि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी के साथ मिलकर हजारो छात्र-छात्राओ को संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यो के निर्वहन की शपथ दिलाई। भारत में इतनी सारी जातियो, धर्मो, पंथो, भाषाओ समेत विश्व में सबसे अधिक विविधताओ को अपने अन्दर समेटे देश के प्रत्येक नागरिक को ''समान अधिकार'' देने वाला हमारा संविधान निसन्देह दुनिया का सबसे ताकतवर संविधान है। इस अवसर पर सुश्री अंकिता सिंह, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता विनीत सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 मधु चतुर्वेदी, कुलसचिव प्रो0 पीयूष पाण्डेय, डॉ0 राजेश सिंह, आई0बी0एम0 से ध्रुव चौधरी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया।

## शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन पर दो बीएलओ सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स बुधवार को अचानक विधानसभा क्षेत्र के कई बूथों पर पहुंचीं। शत-प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज करने वाले दो बीएलओ ज्योति सिंह और मनिकांत को शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ज्योति सिंह ने मतदेय स्थल संख्या 83 पर 453 में से 453, जबकि मनिकांत ने मतदेय स्थल संख्या 156 पर 712 में से 712 प्रपत्र संकलित कर बीएलओ ऐप पर डिजिटाइज किए। डीएम ने दोनों को अभियान की मिसाल बताते हुए सराहा। निरीक्षण के समय एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर शशिभूषण पाठक, ईओ गजरौला ललित कुमार आर्य और संबंधित सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग को ठेंगा दिखा रहे ओवरलोड वाहन

### सड़क सुरक्षा माह बना मजाक, तीस कुंतल की अनुमति जबकि ढोह रहे 500 कुंतल गन्ना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** सड़क सुरक्षा माह में प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे हैं ओवर लोड ट्रेक्टर ट्राले।परिवहन विभाग द्वारा ट्रेक्टर को किसानों के कार्य करने के लिए 30 कुन्तल वजन ढोने की अनुमति दी गई है लेकिन किसानों की आड़ में ओवर लोड ट्रेक्टर ट्राले 500 से 600 कुन्तल गन्ना ढोल रहे हैं।

ओवरलोड गन्ना ट्राले से मार्ग पर चलने वाले अन्य वाहन चाल. कों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं ट्राले में अधिक ऊंचाई तक गन्ना लादने से सड़क से गुजर रही विद्युत लाइनों के टकराने से अक्सर



फाल्ट होता रहता है जिससे दुर्घटना घटने की आशंका बनी रहती है जबकि उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही है। घनी आबादी वाले कस्बों में इन ओवरलोड वाहनों से जाम की स्थिति बनी रहती है। हालांकि जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने मिल संचालकों को गन्ना ढोने के लिए अधिकृत वाहनों की व्यवस्था करने तथा अवैध रूप चल रहे ट्रेक्टर ट्रालों के स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए थे लेकिन आदमपुर व रहरा थाना क्षेत्र में ओवर लोड ट्रेक्टर ट्राले बिना किसी रोक टोक के सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा ने प्रशासन से अवैध रूप गन्ना ढो रहे ट्रेक्टर ट्रालों के संचालन पर शीघ्र रोक लगाने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

## न्यू फ्रैंड्स कप पर समीर इलेविन का कब्जा




**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** न्यू फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच समीर इलेविन ने जीता। विजेता टीम को कमर नकवी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कमर नकवी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता करा कर छोटे छोटे बच्चों की प्रतिभा को निखारने का काम इकबाल हैदर साहब कर रहें है इनमे से कोई सचिन तेंदुलकर निकलेगा कोई मोहम्मद समी निकलेगा। इकबाल हैदर साहब ने हम लोगो को बुला कर जो सम्मान दिया है हम लोग उनके आभारी रहेंगे पूर्व खिलाड़ी हर्ष ने कहा की इस तरह की प्रतियोगिताएं होती रहनी चाहिए पढ़ाई के साथ साथ खेल घ्घ भी जीवन के लिए बहुत जरूरी है समापन समारोह में मुख्य रूप से हसनैन नवाज, अनस अंसारी, खालिद सूफी , वजीर अहमद, आबाद कुरैशी, मोहम्मद शाहजेब, अफजाल हैदर आदि मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में गरजे किसान

### बिजली को निजी कम्पनियों को सौंपने व सब्सिडी खत्म करने पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बिजली को निजी कम्पनियों को सौंपने व सब्सिडी खत्म करने वाले बिजली संशोधन बिल के विरोध में आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन सोंपा।

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने अमरोहा कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा यहां जोरदार प्रदर्शन किया उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों के समाधान के लिए जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा संगठन ने संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी किसान मजदूर संयुक्त आंदोलन के आह्वान पर




यह प्रदर्शन किया किसानों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर अपनी आवाज बुलंद की ज्ञापन में प्रमुख मांगों में सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद के लिए गारंटी कानून बनाना शामिल है इसके अलावा, संभल जिले की नेकपुर न्याय पंचायत को अमरोहा में शामिल करने की मांग भी की गई पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से आवारा पशुओं बंदरों और हिंसक जानवरों से जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की उन्होंने पूंजीपतियों और बिल्डरों के लिए भूमि अधिग्रहण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की बिजली को निजी कंपनियों को सौंपने महंगी बिजली और सब्सिडी खत्म करने वाले बिजली संशोधन बिल 2022 तथा स्मार्ट मीटर योजना को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई संगठन ने किसानों और मजदूरों को कर्जमुक्त करने की भी बात कही अन्य मांगों में 60 वर्ष की आयु पूरी करने वाले किसानों और मजदूरों को प्रतिमाह दस हजार रुपये बुढ़ापा पेंशन देना और सभी उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध कराना शामिल था

# छात्रों ने न्यायपालिका की भूमिका पर रखे तर्क

### संविधान दिवस पर हाशमी लॉ कालेज में वाद विवाद प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हकीम मेहताबुद्दीन हाशमी कॉलेज आफ लॉ में संविधान दिवस के अवसर पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सोफिया खान प्रथम स्थान पर रहीं।

वाद विवाद प्रतियोगिता में बोलते हुए विधि छात्रों ने कहा कि संवैधानिक गतिशीलता के संदर्भ में विभिन्न उच्च न्यायालयों व उच्चतम न्यायालय की बहुत बड़ी भूमिका है। क्योंकि न्यायिक सक्रियता के माध्यम से ही अनुच्छेद 21 का विस्तार जीवन के अधिकार से शुरू होकर, गरिमामय जीवन का अधिकार स्वास्थ्य का अधिकार निशुल्क विधिक सहायता का अधिकार, शीघ्र न्याय प्राप्त करने का अधिकार व बच्चों को निशुल्क अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार आदि विकसित हुए हैं। संसद द्वारा भी संविधान में 106 संशोधन करके संविधान की गतिशीलता को बनाए रखा गया। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार



सोफिया खान, द्वितीय मासूम सैफी व तृतीय स्थान बरहन चड्ढा को मिला। निर्णायक मंडल में प्राचार्य डॉ राना परवीन, डा. मोहम्मद तारिक, डा. मोहम्मद इफ्तिखार अली शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली गई वह संविधान के मूल्यों को बनाए रखने का आह्वान किया गया। इसअवसर पर डॉ नूतन गुप्ता फरहत मंसूरी आदि का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन शहजाद सिद्दीकी ने किया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को किया सम्मानित



**पीलीभीत।** सूचना विभाग 26 नवम्बर 2025/ राजेश कुमार बीएलओ बूथ संख्या 117-रामनगरिया व तापसी मण्डल बीएलओ, बूथ संख्या 118 बेबी सिंह कालोनी विधानसभा बरखेडा द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किये जा रहे विशेष पुनरीक्षण में विधानसभा 128 बरखेडा में मतदाताओं से गणना प्रपत्र वापस प्राप्त कर प्राप्त गणना प्रपत्रों को बीएलओ एप के माध्यम से विधानसभा में सर्वप्रथम डिजिटाइज्ड किये जाने पर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा सम्मानित किया गया तथा इनके द्वारा विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण में दिये गये दायित्व को सर्वप्रथम पूर्ण करने पर इनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने राजेश कुमार व तापसी मण्डल को निर्वाचन के राष्ट्रीय कार्यक्रम विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण में इस महत्वपूर्ण कार्य को सर्वप्रथम पूर्ण करने के लिए हदय से बधाई दी। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा किया गया कार्य अन्य कार्मिको के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने भविष्य में इनके द्वारा सामाजिक एवं पदेन उत्तरदायित्व को इसी प्रकार पूर्ण करने की मंगलक. ामना के साथ इनकी सफलता हेतु शुभकामनाएं दी।

## हाइवे पर हादसे में दो भाई घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** कोतवाली डिडौली क्षेत्र मे सड़क हादसे मे दो भाई घायल हो गये। अहसान पुत्र मोहम्मद यासीन मोहम्मद समीर मोहल्ला जयंतीपुर थाना मझोला से अपने मामा का इन्तेकाल हो गया था दो भाई मुरादाबाद से बाइक से चल कर अमरोहा दफन मे आ रहे थे जैसे उनकी बाइक डिडौली क्षेत्र मे आई पीछे से अज्ञात वाहन ने साइड मार दी जिसमें दोनो भाई गम्भीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से जोया सी एच सी मे भर्ती कराया और उनके परिजनों को फोन कर जानकारी दी गई कि ये दोनों भाई जोया सी एच सी मे भर्ती कराया गया है परिजनों के आने पर उन दोनो को रेफर कर॰ तंल के लिए जिला अस्पताल अमरोहा को भेजा गया है।

## भाकियू ( टिकैत ) ने 11 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन जनपद पीलीभीत के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी कलेक्ट्रेट डीएम कार्यालय पर पहुंचे जिसमें मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह कहलों बरेली मंडल बरेली मुख्य रूप से मौजूद रहे डीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रीय आवाहन के तहत जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को 11 सूत्रीय मांग पत्र दिया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने कहा की किसानों की समस्याओं को लेकर दिल्ली के सभी बॉर्डर पर एसकेएम द्वारा आंदोलन किया गया था जिसमें केंद्र सरकार द्वारा लिखित आश्वासन

# एसएसबी ने विभिन्न क्लबों व संगठनों को बांटी खेल सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** 49 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पीलीभीत के कमांडेंट शेर सिंह चौधरी के निर्देश पर बुधवार को जनपद पीलीभीत के भारत नेपाल सीमा स्थित सशस्त्र सीमा बल चौकी बीपी-17 के अंतर्गत नौजुलिया नकटा में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती क्षेत्र के जागरूक युवाओं को खेलकूद से संबंधित सामानों का वितरण किया गया। इस मौके पर ठाकुर क्लब बंदरबोज, प्राइमरी स्कूल सुंदर नगर, प्री माध्यमिक विद्यालय, प्राइमरी स्कूल नौजुलिया, मां दुर्गा क्लब गभिया सहराई, इंटर कॉलेज गभिया सहराई, प्राइमरी स्कूल बूंदीभूड़, लिटिल स्पाइडर क्लब गभिया सहराई, महाराजपुर क्लब 1,2,3,4, बून्दीभूड़ क्लब, नौजुलिया नकटा प्रधान क्लब आदि को वॉलीबॉल, फुटबॉल और बैडमिंटन से संबंधित खेल सामानों का वितरण किया गया। खेल सामग्री कमांडेंट शेर सिंह चौधरी, समवाय प्रभारी हरदेव सिंह और ग्राम प्रधानों द्वारा संयुक्त रूप से बनता गया। इस अवसर पर महाराजपुर ग्राम प्रधान, गभियासहराई ग्राम प्रधान तथा स्कूल के अध्यापक आदि उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस के अवसर पर एकता और अखंडता को बनाए रखने की दिलाई गई शपथ

**पूरनपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश चंद्र वर्मा द्वारा पूरनपुर ब्लॉक परिसर में ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश चंद्र वर्मा ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाए रखने और राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई।

# शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी अभयारण्य में एआर-वीआर डोम से मिलेगा जंगल का वर्चुअल अनुभव: जयवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी अभयारण्य, उन्नाव में पर्यटकों को एआर-वीआर डोम से जंगल का वर्चुअल अनुभव मिलेगा। न्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महत्व रखने वाले शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी अभयारण्य में पर्यटकों के लिए आधुनिक एआर-वीआर डोम का रोमांचक अनुभव जल्द उपलब्ध होने जा रहा है।



उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा अभयारण्य में लगभग 2.81 करोड़ रुपये की लागत से नई पर्यटन सुविधाओं के तेजी से विकास का कार्य कराया जा रहा है। श्री जयवीर सिंह के मुता. बिक यह राज्य का पहला ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन होगा, जहां आगंतुक जंगल का वर्चुअल अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। लखनऊ से लगभग 43 किलोमीटर दूर कानपुर हाईवे पर स्थित यह अभयारण्य एक प्रमुख रामसर साइट है। शांत और हरियाली से भरे प्राकृतिक वातावरण के कारण यह स्थान पक्षी प्रेमियों, फोटो वाइल्डलाइफ उत्साहियों और सप्ताहांत पर्यटन के इच्छुक पर्यटकों का पसंदीदा गंतव्य बन चुका है। सर्दियों के मौसम में यहां स्थानीय और प्रवासी पक्षियों की भारी आमद इसे और आकर्षक बनाती है। पर्यटन बोर्ड द्वारा विकसित की जा रही सुविधाओं में रिसेप्शन एवं टिकट वेटिंग एरिया, टिकट काउंटर, फूड व ओडीओपी कियोस्क, लैंडस्केपिंग, साइट डेवलपमेंट, पौधरोपण, साइनेज और बाहरी प्रकाश व्यवस्था जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं।

मंत्री के अनुसार एआर-वीआर डोम इस परियोजना का सबसे आकर्षक हिस्सा है। इस उन्नत तकनीक की मदद से जंगल के किसी भी समय-अलसुबह, शाम या रात-का दृश्य बिल्कुल जीवंत रूप में दिखाया जा सकेगा। डोम के भीतर बैठकर पर्यटक चारों दिशाओं, यहां तक कि ऊपर और नीचे तक के दृश्य को अनुभव कर सकेंगे।

## संविधान दिवस पर पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई गई

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में संविधान दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों को सामूहिक रुप से राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए संविधान की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह की ओर से अधिकारियों और पुलिस जवानों को सामूहिक रूप से राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए संविधान की शपथ दिलाई गई। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे संविधान में निहित मूल्यों-न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करें। रिज़र्व पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह ने भी पुलिस बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा रखने और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को हर परिस्थिति में बनाए रखने की सामूहिक शपथ दिलाई।

# अमेठी से 50 कृषक जबलपुर के लिए रवाना, डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों के प्रसार और किसानों को उन्नत खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज दिनांक 26 नवम्बर 2025 को आत्मा योजनान्तर्गत 07 दिवसीय अंतर्राज्यीय दृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु अमेठी से 50 दृषकों को भारतीय खरपतवारनाशी अनुसंधान संस्थान एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जबलपुर (मध्य प्रदेश) के लिए भेजा गया है। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।



जिलाधिकारी ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण आधुनिक ख्रषि तकनीकों, खरपतवार प्रबंधन, नई फसल किस्मों, वैज्ञानिक खेती और ख्रषि में उन्नत उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि किसान प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने खेतों में लागू कर उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने की दिशा में सार्थक पहल करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिला. धिकारी (वित्त एवं राजस्व) अलृपत गुप्ता, उप ख्रषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार सहित ख्रषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को सफल प्रशिक्षण यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ख्र षि विभाग के उप ख्रषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि इस 7 दिवसीय भ्रमण में किसानों को फसल विविधीकरण, आधुनिक खेती, खरपतवार नियंत्रण तकनीक, जल संरक्षण उपाय तथा कृषि मशीनरी के वैज्ञानिक उपयोग पर विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान किया।

## डंपर की टक्कर से छात्रा की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को डंपर की टक्कर से स्कूटी पर सवार एक छात्रा की मौत हो गई एवं अन्य एक घायल हो गई। पुलिस के अनुसार बेवर थाना क्षेत्र के गांव काकन निवासी प्रवीन मिश्रा की पुत्री गौरांशी (06) आज अपनी ममेरी बहन सोनाक्षी मिश्रा के साथ स्कूटी पर अपने स्कूल सेंटमैरी जा रही थी कि एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इस टक्कर में गौरांशी की मौत हो गई जबकि सोनाक्षी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सोनाक्षी को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और छात्रा का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया।

# माघ मेले को लेकर एडीजी प्रकाश ने किया प्रयागराज जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में माघ मेले की तैयारियों का जायजा लेने राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एडीजी प्रकाश डी बुधवार को प्रयागराज पहुंचे और जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण किया है।



माघ मेला आगामी तीन जनवरी 2026 पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर्व से शुरु होगा। श्री प्रकाश एडीजी जीआरपी की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए आज प्रयागराज पहुंचे एसपी जीआरपी के दफ्तर में आरपीएफ और जीआरपी अधिकारियों के साथ बैठक के बाद उन्होंने प्रयागराज जंक्शन स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि माघ मेले को लेकर जीआरपी की तैयारी पूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी यह कोशिश है कि देश के कोने-कोने से जो श्रद्धालु यहां पर आएंगे उनकी यात्रा सुगम हो और सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि माघ मेले को लेकर जीआरपी की ओर से कार्य योजना तैयार कर ली गई है। जिस तरह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ है। उसी तर्ज पर माघ मेले में भी जीआरपी अपनी तैयारी कर रही है। प्रयागराज अंतर्गत आने वाले सभी नौ रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ की तर्ज पर ही प्लेटफार्म पर अलग-अलग रंग से कोडिग की जाएगी। इसके अलावा भीड़ बढ़ने पर जिस तरह से महाकुंभ में खुसरो बाग में होल्डिग एरिया बनाया गया था। उसी तरह से होल्डिग एरिया भी बनाया जाएगा। होल्डिग एरिया में यात्रियों के लिए टॉयलेट और पीने के पानी का इंतजाम रहेगा। महाकुंभ की तर्ज पर मेला क्षेत्र से लेकर रेलवे स्टेशनों पर साइनेजेज लगाए जाएंगे। इसके अलावा रेलवे स्टेशन पर मल्टी लैंग्वेज अनाउंसमेंट की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि पुलिस, आरपीएफ और जीआरपी की ओर से जो भी दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे वे यात्रियों की सुरक्षा के लिए है। उसका लोग पालन करें। हाल में दिल्ली में हुए बम विस्फोट के बाद आयोजित होने जा रहे सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के अत्याधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरे से लेकर अत्याधुनिक उपकरणों से गेटों पर चेकिग की जाएगी। एडीजी जीआरपी के अनुसार नॉर्थ सेंट्रल रेलवे के जीएम के साथ भी बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। एडीजी रेलवे के मुताबिक अतिरिक्त पुलिस फोर्स की भी व्यवस्था की गई है। उनके मुताबिक बाहर से जो पुलिस फोर्स मेला ड्यूटी में तैनात की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजीपुर में श्रम संहिताओं के खिलाफ प्रदर्शन जारी

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं के विरोध में आज तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। यू-पी-एम-एस-आर-ए- की गाजीपुर इकाई, अखिल भारतीय किसान सभा और सीटू के सदस्यों ने गाजीपुर तहसील स्थित सरजू पांडे पार्क में बांह पर काली पट्टी बांधकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इन संहिताओं को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ए श्रम संहिताएं मजदूर-कर्मचारी विरोधी हैं। यूपीएमएसआरए गाजीपुर इकाई के ए-के- जैन ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि ए चार श्रम कोड कंपनी मालिकों को ठेका मजदूरी की खुली छूट देते हैं। साथ ही, ए बिना किसी कारण छंटनी और शोषण का अधिकार भी प्रदान करते हैं, जिसका तमाम ट्रेड संगठन लगातार तीन दिनों से विरोध कर रहे हैं। अखिल भारतीय किसान सभा के योगेंद्र यादव ने किसानों और मजदूरों के खिलाफ हो रहे प्रयासों की निदा की। उत्तर प्रदेश किसान सभा से ईश्वर लाल गुप्ता ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए धरने को समर्थन दिया। किसान सभा के साथी मारकंडेय जी ने भी अपना समर्थन व्यक्त किया। यू-पी-एम-एस-आर-ए- के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आर-एम- राय ने मजदूरों और कर्मचारियों के अधिकारों पर लगातार हो रहे हमलों पर प्रकाश डाला। धरना प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से प्रधानमंत्री, भारत सरकार को प्रेषित किया। इस कार्यक्रम में आर-एम- राय, ए-के- जैन, एस-के- राय, आशीष राय, शिवम गुप्ता, कृष्णा शर्मा, सुधीर राय, विकास वर्मा, विनित शर्मा, सर्वेश मिश्रा, अर्पित गुप्ता, सौरभ शर्मा, राकेश तिवारी, निकेत तिवारी, शुभम चौरसिया सहित कई अन्य सदस्यों ने अपना विरोध दर्ज कराया।

### प्राथमिक शिक्षा सुदृढ़ीकरण की दिशा में बड़ा कदम, पचहत्तर जिलों के डेढ़ सौ नोडल विशेषज्ञ प्रशिक्षित

**लखनऊ।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला में पचहत्तर जिलों के डेढ़ सौ नोडल एसआरजी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण और डायट मेंटर्स को स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के प्रभावी संचालन हेतु प्रशिक्षित किया गया। यह कार्यशाला गंगा सभागार में चौबीस से छब्बीस नवम्बर तक चली। कार्यशाला में पूर्व-प्राथमिक स्तर से जुड़े भाषा विकास, अंकीय दक्षताओं तथा पर्यावरणीय प्री-कॉन्सेप्ट की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि कक्षा-एक में आने वाले हर बच्चे के लिए मजबूत आधारशिला तैयार की जा सके। एससीईआरटी की निदेशक मोनिका रानी ने कहा कि प्रशिक्षित विशेषज्ञ अब पूरे प्रदेश में गतिविधि-आधारित और बाल-केंद्रित शिक्षण मॉडल को गति देंगे।

### जनता टीवी के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी के पिता के निधन पर अखिलेश यादव ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने जनता टीवी के प्रधान संपादक श्री हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिता श्री कीलृत नारायण द्विवेदी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री द्विवेदी का जाना परिवार और परिचितों के लिए अत्यंत पीड़ादायक क्षति है। श्री यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की तथा उन्हें इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की शक्ति मिलने की प्रार्थना की। समा. जवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता श्री राजेन्द्र चौधरी ने भी श्री अखिलेश यादव की ओर से जारी संदेश में परिवार के प्रति गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

### विवाहिता की शिकायत पर किया मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव लालूवाला निवासी विवाहिता की तहरीर पर दहेज में कार एवं तीन लाख रुपए की मांग पूरी नही करने पर तीन बच्चों को छीनकर मारपीट कर घर से निकालने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में गांव लाल. वाला निवासी फारूख की विवाहिता बेटी जैनब ने बताया है कि सात वर्ष पूर्व उसका विवाह थाना नौगांव के गांव प्रथ्वीपुर निवासी शराफत के बेटे इंतेखाब के साथ हुआ था। विवाह में पिता ने हैसियत के अनुसार खान-पान एवं उपहार दिए थे। पति समेत ससुराल वाले उपहारों से खुश नहीं थे। वह तीन लाख रुपए एवं कार की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे।

# कोडिनयुक्त कफ सिरप की बिक्री मामले में सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में कोडिनयुक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री के मामले में सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच के दौरान 7-82 लाख बोतलें गायब पाई गईं जिनकी अनुमानित कीमत 11-5 करोड़ रुपये है।

यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जांच के बाद हुई। यह मामला तब सामने आया जब उपायुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ने 11 नवम्बर 2025 को एक पत्र जारी किया। इस पत्र में मेसर्स शैली ट्रेडर्स, हटिया रांची, झारखंड द्वारा वाराणसी और उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में कोडिनयुक्त कफ सिरप की भारी मात्रा में बिक्री के रिकॉर्ड का विवरण मांगा गया था। विभाग ने क्रेता फर्मों की जांच और सत्यापन का निर्देश दिया था। इस निर्देश के अनुपालन में औषधि निरीक्षक गाजीपुर ने 14 नवम्बर से 20 नवम्बर 2025 तक कुल छह फर्मों का सत्यापन किया। इनमें मेसर्स अंश मेडिकल एजेंसी (जखनिया गोविद), मेसर्स शुभम फार्मा (खानपुर), मेसर्स नित्यांश मेडिकल एजेंसी (मंछनपुर), और मेसर्स राधिका मेडिकल एजेंसी (नंदगंज) शामिल थीं। जांच के दौरान उपरोक्त प्रतिष्ठानों में किसी भी प्रकार की औषधियों का भंडारण या क्रय-विक्रय नहीं पाया गया। मेसर्स मौर्या मेडिकल स्टोर (गोराबाजार, पीरनगर) और मेसर्स स्वास्तिक मेडिकल एजेंसी (सैदपुर) के निरीक्षण में अन्य औषधियों का भंडारण मिला, लेकिन किसी भी फर्म ने कोडिनयुक्त या नारकोटिक्स औषधियों के क्रय-विक्रय का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया। इस कारण कोडिनयुक्त कफ सिरप के क्रय-विक्रय अभिलेखों का सत्यापन नहीं हो सका। इन छह फर्मों द्वारा मेसर्स शैली ट्रेडर्स, रांची से लगभग 7,82,800 बोतल कफ सिरप खरीदी गई थी। हालांकि, जांच करने पर मौके पर किसी भी फर्म के पास यह स्टॉक उपलब्ध नहीं पाया गया। कुल खरीदी गई कफ सिरप का अनुमानित मूल्य 11 करोड़ 50 लाख रुपये है। उल्लेखनीय है।

## सड़क हादसे में जीजा साले की मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कल देर रात एक सड़क हादसे में जीजा और साले की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जीजा शनि और उसका साला राहुल देर रात शादी समारोह से बाइक पर सवार होकर बड़ा बघाड़ा स्थित घर लौट रहे थे। उनके पीछे राहुल का चचेरा भाई विश्वजीत कार से आ रहा था। फाफामऊ गंगा ब्रिज पर अचानक एक तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक करते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों सड़क पर जा गिरे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने दोनों को कुचल दिया जिससे दोनों की मौत हो गई। विश्वजीत ने बुधवार को अस्पताल के पोस्टमॉर्टम हाउस में यह बात बताई।

उन्होंने कहा कि हादसे के बाद कुछ क्षण के लिए उन्हें समझ ही नहीं आया कि दोनों के साथ क्या हो गया। वह शनि और राहुल को लेकर बेली अस्पताल पहुंचे। जहां से उन्हें स्वरूपरानी अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

## मां अन्नपूर्णा मंदिर कई क्विटल धान की बालियों सजाया गया

**काशी।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी में मां अन्नपूर्णा मंदिर में बुधवार को 17 दिवसीय महाव्रत का विधिवत उद्यापन किया गया। इस अवसर पर किसानों ने अपनी नई फसल की पहली धान की बालियां मां अन्नपूर्णा के चरणों में अर्पित कीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर परिसर को कई क्विटल धान की बालियों से इस तरह सजाया गया मानो पूरा आंगन स्वर्णिम हो उठा। मां अन्नपूर्णा के साथ-साथ अन्य देव विग्रहों का भी धान की बालियों से विशेष श्रृंगार किया गया। मां का दरबार देखते ही बन रहा था। यह कठिन व्रत मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी से शुरू होकर 17वें दिन उद्यापन तक चलता है। व्रतधारी भक्त 17 गांठ एवं 17 धागे धारण करते हैं तथा पूरे 17 दिन केवल एक समय फलाहार (नमक रहित) ही ग्रहण करते हैं। उद्यापन के दिन मां अन्नपूर्णा को विशेष श्रृंगार, आरती एवं भोग अर्पित किया गया। मंदिर के महंत श्री शंकर पुरी जी महाराज ने बताया कि यह प्राचीन परम्परा सदियों से चली आ रही है।

## बहन की हत्या के आरोप के भाई गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में पुलिस ने एक युवती की हत्या के आरोप में उसके भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के इटोरा गोटिया गांव में रहने वाली नैना देवी (22) की मंगलवार दोपहर में उसके भाई ने धारदार हथियार से गला काट कर हत्या कर दी थी। मृतका के पिता ने कल रात दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह अपने बेटे के साथ घटना स्थल से 200 मीटर दूर खेतों में काम कर रहा था जबकि उसका एक बेटा शेर सिंह दूसरे खेत में काम कर रहा था। तभी उसकी बेटी शेर सिंह के पास खेत में पहुंची और वाद विवाद के बाद बेटे ने ही उसकी बेटी की बांका से प्रहार करके हत्या कर दी। श्री द्विवेदी ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसकी बहन कई लड़कों से फोन पर बात करती थी और जब भी उसकी शादी की बात की जाती तो वह मना कर देती थी।

## सुन्नी वक्फ बोर्ड में राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी का औचक निरीक्षण, पांच दिसम्बर तक छुट्टियां रद्द

**लखनऊ।** प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण कर सभी कर्मचारियों की छुट्टियां पांच दिसम्बर तक रद्द कर दीं। यह निरीक्षण वक्फ संशोधन अधिनियम लागू होने के बाद उम्मीद पोर्टल की प्रगति और संपत्तियों के डिजिटलीकरण की समीक्षा के लिए किया गया। मंत्री ने रिकॉर्ड-रूम की फाइलें शीघ्र डिजिटल करने के निर्देश दिए तथा मुतवल्लियों से संवाद कर बताया कि उम्मीद पोर्टल वक्फ संपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन, भ्रष्टाचार-नियंत्रण और पसमांदा मुस्लिम समाज व महिलाओं के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाएगा। उत्तर प्रदेश में लगभग सवा लाख वक्फ संपत्तियों के कारण उनका तेजी से पंजीकरण प्राथमिकता है।

# इन्हौना कस्बे के श्रीराम नगर के वासिंदे बुनियादी सुविधाओं से बंचित







**राम धीरज यादव**

**अमेठी।** जिले में स्थित ग्राम पंचायत इन्हौना के मोहल्ला श्रीराम नगर में लगभग 50 परिवार इस तरह के है जिनके पास रहने के ध्रुी छत तक नहीं है वर्तमान समय में बरसात के महीने में वे लोग पन्नी तानकर अपना आसियाना बनाए हुए हैं उन्हें ध्रुी छत नसीब नहीं हो सकी है बताया जाता है कि इन्हौना ग्राम पंचायत में स्थित श्रीराम नगर मोहल्ले में बिरादरी के लोगों की कोई भी जनप्रतिनिधि सुनवाई नहीं कर रहा है यहां आवास,पानी, शौचालय रास्ता तथा बिजली की समस्या से लोगों को दूर रखा गया है। यहां मंगता बिरादरी की महिलाएं जब खुलें में शौच के लिए जाती हैं तो उन्हें विरोध का सामना करना पड़ता हैं।

श्रीराम नगर मोहल्ले में कहीं भी शुलभ शौचालय की व्यवस्था नहीं है मंगता बिरादरी के एक बुजुर्ग ने बताया कि आजादी के बाद भी मंगता बिरादरी को कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है जब अखबार नवीसों ने मौके की पड़ताल किया तो श्रीराम नगर के मंगता बिरादरी के लोगों का दर्द छलक पड़ा और मूलभूत सुविधाओं का रोना रोते हुए अपना दर्द बयां करने लगे मंगता बिरादरी के जमुना प्रसाद रजौली, इस्लाम, दुलारी राधेश्याम, धर्मराज , पैना राजनी, सुरेन्द्र, हैदर अली, मिट्ठू, फूलचंद, शतोहन , सानिया, जुवारी जैसे दो दर्जन से अधिक लोगों बताया कि वे लोग विगत पच्चीस वर्षों से लगातार पंचायत चुनाव से लेकर एमपी और एमएलए के चुनाव में मतदान भी करते चला आ रहें हैं जनप्रतिनिधि उनके वोटों का इस्तेमाल तो चुनाव आने पर कर लेते हैं लेकिन मूलभूत सुविधाओं से उन्हें दूर रखा गया है उन्हें रहने के लिए ध्रुा मकान नसीब नहीं हो सका उन लोगों का कहना है वे किससे अपना दर्द साझा करें कोई सुनने वाला नहीं है।

इस मामले में इन्हौना के ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार से संपर्क साधा गया उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा इस मामले में खण्ड विकास अधिकारी सिंहपुर कमलेश यादव से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस तरह परिवार को जीरो पावर्टी परिवार में चिह्नित करवा रही है जिन्हें मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलाने का काम भी किया जा रहा है वे जल्द ही इन परिवारों का सर्वे करवा कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का काम किया जाएगा।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 17.12.2025 को 15:00 बजे तक है आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 12102025 दिनांक 24.11.2025 | | |
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर चतुर्थ लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में SLN-ZBD खंड के ब्रिज संख्या 118 UP तथा AYC-SLN खंड के ब्रिज संख्या 80 पर 473 संख्या स्टील चैनल स्लीपरों को H-बीम स्टील स्लीपरों से बदलने तथा LKO-SLN-ZBD खंड में स्टील चैनल स्लीपरों के लिए आवश्यक कमी वाले फिटिंग्स के प्रतिस्थापन का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,87,19,456.46 | धरोहर राशि | ₹2,43,600/- |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृति पत्र की तिथि से 12 माह | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 03.12.2025 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 17.12.2025 को 15:00 बजे | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 3657/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पुलिस ने तस्करों की तोड़ी कमर

- 1.46 अरब रुपये से अधिक की ड्रग्स बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** कमिश्नरेट पुलिस ने तीन वर्षों में विशेष गहन अभियान चलाकर जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह की कमर तोड़ दी है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर तेज तर्रार टीमों ने तस्करों से एक अरब 46 करोड़ से ज्यादा कीमत का 6865.793 किग्रा मादक पदार्थ बरामद किया है। सोशल और लोकल इंटेलिजेंस की सूचना पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर 2023 से नवंबर 2025 तक 1545 मुकदमे दर्ज कर तस्करों की लामबंदी की। वहीं, मजबूत पैरवी और साक्ष्यों के आधार पर 1748 तस्करों को गिरफ्तार कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया है।





एडीसीपी नारकोटिक्स शैव्या गोयल ने बताया कि नशा तस्करों का नेटवर्क ध्वस्त करते हुए टीम ने चरस, स्मैक-हेरोइन, नशीली गोलियां, एमडीएमए, नशीला पाउडर, अल्प्राजोलम पाउडर समेत बरामद किया। इसकी अनुमानित लागत एक अरब 46 करोड़ 70 लाख रुपये है। वहीं, उनका कहना है कि 2023 में तस्करों पर प्रभावी कार्रवाई कर 585 मुकदमें दर्ज कर 667 आरोपी नामजद किए। 660 तस्कर गिरफ्तार हुए जबकि, 14 आरोपियों पर वारंट, कुर्की व अन्य कठोर वैधानिक कार्रवाई की।

रासुका के तहत दो तस्करों की संपत्ति जब्त की। टीम ने 93.50 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ बरामद किया। 2024 में 502 मुकदमों में 571 तस्कर गिरफ्तार किए। सात के खिलाफ वारंट, कुर्की की कार्रवाई हुई।

इनमें 80 की हिस्ट्रीशीट खोलकर रासुका, पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम व गैंगस्टर अधिनियम की कार्रवाई की। टीम ने 40.70 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ बरामद किया। वहीं, 2025 में तस्करी करने पर 458 अभियोग पंजीकृत हुए, जिनमें शत-प्रतिशत 517 आरोपी गिरफ्तार करने में सफल हुए। अभी तक टीम 12.50 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ बरामद कर चुकी है। एडीसीपी ने सभी अधिकारियों को नशा तस्करों का नेटवर्क ट्रैस कर कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं।

## जैविक कचरे से बायो गैस बनाने की तैयारी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अस्तौली में जैविक कचरे (बायोडिग्रेडेबल) से बायो सीएनजी गैस बनाने के लिए संयंत्र लगाने की तैयारी तेज कर दी गई है। ई-निविदा जारी करने से पहले प्राधिकरण के अधिकारी एक दिसंबर को इच्छुक कंपनियों के साथ बैठक करेंगे। विशेषज्ञों से सुझाव लेने के साथ परियोजना के बारे में जानकारी दी जाएगी। अधिकारी के मुताबिक संयंत्र की क्षमता 300 टन प्रतिदिन (टीपीडी) होगी।

इस क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों के विशेषज्ञों द्वारा दिए गए सुझावों और प्रस्ताव के आधार पर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। संयंत्र का निर्माण डीबीओटी (डिजाइन, बुल्ड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) के आधार पर किया जाएगा। चयनित कंपनी 25 वर्षों तक संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी संभालेगी। इससे होने वाली कमाई में प्राधिकरण की भी हिस्सेदारी होगी। जैविक कचरे में फलों के छिलके, सब्जी के टुकड़े, कागज, गत्ता, पत्तियां, घास, लकड़ी, खाद्य पदार्थ के टुकड़े आदि शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट क्षेत्र के जलपुरा स्थित गोशाला में गोबर और अन्य अपशिष्ट से बायो गैस बनाने के लिए आधुनिक संयंत्र का शिलान्यास पूर्व में किया जा चुका है।

अस्तौली में एनटीपीसी, रियालंस और आकांक्षा कंपनी द्वारा संयंत्र लगाने का काम चल रहा है। एनटीपीसी का कचरा निस्तारण संयंत्र अगले वर्ष मार्च में चालू हो जाएगा। मिश्रित कचरे को प्रोसेस कर चारकोल बनाया जाएगा, जिससे बिजली पैदा की जाएगी।अस्तौली गांव के पास लगभग 250 एकड़ में आधुनिक कूड़ा निस्तारण केंद्र (सेनेटरी लैंडफिल साइट) विकसित किया जा रहा है।

**दो कंपनियों ने काम शुरू किया:** अस्तौली में एनटीपीसी के अलावा रिलायंस को 11.45 एकड़ और आकांक्षा को 4.5 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। संयंत्र लगाने के लिए दोनों कंपनियों ने काम शुरू कर दिया है। रिलायंस एनर्जी बायो सीएनजी संयंत्र लगाएगी।

इस संयंत्र की क्षमता 300 टीपीडी होगी। रिलायंस एनर्जी को 25 वर्ष के लिए लीज पर जमीन दी गई है। अधिकारी के मुताबिक कंपनी इस संयंत्र पर गीले कचरे को प्रोसेस कर बायो सीएनजी गैस बनाएगी, जो कि वाहनों में ईंधन के रूप में इस्तेमाल हो सकेगी। बताया जा रहा है कि जैविक कचरे को प्रोसेस कर उससे बायो गैस बनाई जाएगी। इसके लिए अस्तौली में 300 टीपीडी क्षमता का संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इच्छुक कंपनियों के साथ बैठक कर निविदा जारी की जाएगी। प्राधिकरण का प्रयास इस संयंत्र को जल्द से जल्द चालू करना है,ताकि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सके।

## कार सवार के साथ मारपीट, केस दर्ज

**नोएडा।** दादरी की माया विहार कॉलोनी में रास्ते में कार के आगे खड़े होने का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट की गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि माया विहार कॉलोनी में आकाश परिवार के साथ रहते हैं। वह 21 नवंबर की रात्रि में साढ़े नौ बजे अपनी कार में सवार होकर घर जा रहे थे। घर के सामने उनका पड़ोसी अरविंद खड़ा था। हॉर्न बजाने पर वह नहीं हटा और गाली-गलौंज करने लगा। जब गाली देने से मना किया तो अपने भाई राहुल व अन्य लोगों को बुला लिया और मारपीट की। पीड़ित ने अरविंद , राहुल व अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है।

## बीएलओ परेशान, अधिकारियों को टारगेट पूरा करने का सता रहा डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में इस बार बीएलओ को नई चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। नोएडा में कई सेक्टरों में बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता मिले हैं, जिनके नाम उर्दू में दर्ज हैं।

वहीं, नाम और पते को पढ़ने में आने वाली यह बाधा घर-घर सत्यापन प्रक्रिया को धीमा कर रही है। नतीजतन न तो संबंधित मतदाता मिल पा रहे हैं और न ही रिकॉर्ड का सही मिलान हो पा रहा है। बुधवार को पड़ताल में यह स्थिति कई सेक्टरों में देखने को मिली। बीएलओ मोबाइल एप, फोटो और दस्तावेजों की मदद से नाम समझने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पते और फोन नंबर की कमी के कारण मतदाताओं को ढूंढ पाना मुश्किल हो रहा है।



**सेक्टर-70: आधे फॉर्म भी नहीं हुए पूरे**- सुबह 11:45 बजे सेक्टर-70 के ब्लॉक ए, बी, बीएच और बीएस में 2034 फार्म आवंटित हैं, जबकि ब्लॉक बी में कुल 850 घर हैं। यहां अब तक 50 प्रतिशत फॉर्म ही भरे जा सके हैं। ड्यूटी पर तैनात बीएलओ संजीव कुमार ने बताया कि बड़ी संख्या में फॉर्म ऐसे हैं जिनमें नाम उर्दू में दर्ज हैं और पते व फोन नंबर गायब हैं। ऐसे में न तो नाम पढ़ पाना आसान है और न ही मतदाता की पहचान करना।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अमित चौहान मौके पर अपनी टीम के साथ मौजूद मिले। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से टीम लगातार काम कर रही है, मगर वर्किंग क्लास के लोग घर नहीं मिलते। कई लोगों के दो-दो वोट भी मिले हैं, जिन्हें हटाया जा रहा है। दोपहर 12:30 बजे सेक्टर-46 के सी, ए, बी और के ब्लॉक में 3254 फॉर्म मिले, जिनमें से लगभग 60 प्रतिशत पूरे हो चुके हैं।बीएलओ ज्योति भट्ट और मीनाक्षी के साथ टीसी गौड़ मतदाताओं की तलाश में घूम रहे थे। उन्होंने बताया कि यहां अधिकांश लोगों को अपना एपिक नंबर तक नहीं पता। कई लोग बाहर निकलकर फॉर्म लेने को तैयार नहीं हैं। यहां भी कुछ फॉर्म उर्दू भाषा में पाए गए, जिनका सत्यापन कठिन हो गया है।

**सेक्टर-50: गलत पता और बिना नंबर के फॉर्म बन रहे बाधा**- दोपहर 1:15 बजे सेक्टर-50 के ए, के और सी ,डी ब्लॉक में बीएलओ सुमन ने बताया कि टीम में पांच लोग हैं, मगर समस्या यहां भी वही है- कई नाम उर्दू में लिखे हैं, पता अधूरा है और फोन नंबर मौजूद नहीं है। इस कारण मतदाताओं का पता लगाना लगभग असंभव हो रहा है।

**मतदाताओं की परेशानी भी बढ़ी:** अखिल कुमार यादव ने बताया कि उनका वोट सेक्टर-70 में था, लेकिन इस बार सूची में सेक्टर-78 दिखाया गया। इसके लिए उन्हें 78 जाकर बीएलओ को सूचना देनी पड़ी, तब जाकर त्रुटि सुधरी।

अमित चौहान ने कहा कि कई लोग किराए पर रहते थे और अब यहां नहीं हैं, जिससे सत्यापन में दिक्कत हो रही है। कई व्यक्तियों के दो-तीन नाम दर्ज हैं, जिन्हें हटाया जा रहा है। साथ ही उर्दू में दर्ज नाम भी बड़ी चुनौती हैं।

## एक नजर

### वरिष्ठ पत्रकार की धर्मपत्नी का निधन



**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा मीडिया क्लब के सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा शर्मा (55 वर्ष) का बुधवार को निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थी और नोएडा के फेलिक्स अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। परिजनों के अनुसार, श्रीमती शर्मा अपने पीछे चार पुत्रियाँ और एक पुत्र समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। हरौला सेक्टर-5 में स्थित उनके निवास व पैतृक गांव में निधन की खबर फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई। परिवार के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को सेक्टर-94 स्थित अंतिम निवास से किया जाएगा।

### खेल सुविधाओं के लिए दोबारा टेंडर निकलेगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा स्टेडियम की कई खेल सुविधाओं के लिए प्राधिकरण दोबारा टेंडर निकालेगा। बैडमिंटन सहित कई खेल सुविधाओं के दो बार टेंडर निकाला गया, लेकिन दो से अधिक कंपनियां इसमें शामिल नहीं हुई। खेल प्रशिक्षकों का कहना है कि स्टेडियम काफी महंगा हो गया है। यही कारण है कि टेंडर में शामिल होने वाले लोगों की संख्या काफी कम हो गई है। आठ साल पहले प्राधिकरण ने खेल सुविधाओं के लिए टेंडर का प्रावधान किया है। इससे पहले खिलाड़ियों के प्रशिक्षण से मिलने वाली राशि प्रशिक्षक और प्राधिकरण में बांटी जाती थी।

### दलित प्रेरणा स्थल के भीतर कार्यक्रम की तैयारी परखी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-95 स्थित दलित प्रेरणा स्थल पर छह दिसंबर को डॉ. भीमराव आंबेडकर परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बहुजन समाज पार्टी बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इसको लेकर बसपा के नेता यहां तैयारियों को परख रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी और पूर्व मंत्री भीमराव आंबेडकर ने दलित प्रेरणा स्थल का दौरा कर वहां तैयारियों को परखा। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिलाध्यक्ष लख्मी सिंह और अन्य पदाधिकारी भी उनके साथ थे। बताया जा रहा है कि बसपा प्रमुख मायावती इस कार्यक्रम में शामिल हो सकती हैं। हालांकि, बसपा नेता तैयारियों को लेकर आधिकारिक बयान देने से बच रहे हैं और वह इसे पुष्पांजलि सभा बता रहे हैं। कार्यक्रम में मेरठ, बरेली, आगरा समेत छह मंडलों के कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या में लाने की तैयारी है।

### डंपर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर महिला समेत दो लोगों की हुई मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के सेक्टर-49 रेड लाइट के पास सोमवार दोपहर बाद तेज रफ्तार डंपर ने ई रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा सवार महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में मृतक महिला का पति भी घायल हुआ है। पुलिस के अनुसार, डंपर नोएडा प्राधिकरण से संबद्ध है। आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि सोमवार दोपहर बाद ई रिक्शा से कुछ लोग सेक्टर-49 रेड लाइट की तरफ जा रहे थे। तभी एक डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा चालक अनीस और यात्री राजेंद्री डंपर के पहिये के नीचे आ गए। राजू दूसरी तरफ गिर गए और उन्हें हल्की चोटें आईं। ई-रिक्शा का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतकों की पहचान कुलेसरा निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद अनीस और दिल्ली निवासी 35 वर्षीय राजेंद्री के रूप में हुई है। राजेंद्री के पति राजू घायल हो गए हैं। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। बाद में उसे दबोच लिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

**धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं:** सेक्टर-39 थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में पता चला है कि राजेंद्री अपने पति के साथ एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने नोएडा आई थीं। वापसी के दौरान हादसा हुआ। ई-रिक्शा को टक्कर मारने वाला डंपर प्राधिकरण से जुड़ा हुआ है। हादसे के बाद कुछ वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें दिख रहा है महिला डंपर के चक्के के नीचे पड़ी हुई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोग जमा हो गए और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हो गया। मृतक चालक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। एडीसीपी ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## मुख्यमंत्री जेवर एयरपोर्ट के कार्यों का लेंगे जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को नोएडा आएंगे। उनके कार्यक्रम में थोड़ा सा बदलाव हुआ है। अब मुख्यमंत्री केवल सेक्टर 50 स्थित मेदांता अस्पताल का उद्घाटन करेंगे और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जाकर एयरपोर्ट के चालू होने की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। पुलिस, प्राधिकरण और जिला प्रशासन के अधिकारी अपनी तैयारी में जुट गए हैं।

बुधवार को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस के आला अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दिया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नोएडा विकास प्राधिकरण, पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी विगत कई दिनों से तैयारी कर रहे हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कुछ बदलाव हुआ है। वह जेवर एयरपोर्ट के काम का जायजा लेने के बाद सेक्टर 50 स्थित मेदांता अस्पताल पहुंचेंगे। अस्पताल का शुभारंभ करने के बाद वह गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट जाएंगे। नोएडा विकास प्राधिकरण ने हेलीपैड बनाने का काम शुरू कर दिया है। अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन और प्रस्थान को लेकर सुरक्षा के भारी व्यवस्था की गई है। कुछ रास्तों पर यातायात भी डायवर्ट किया जाएगा।

## महिला समेत चार के खिलाफ केस दर्ज

**नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के नहर बाईपास स्थित आनंद विहार कॉलोनी में विवाहिता को प्रताड़ित कर मारपीट की गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि आनंद विहार कॉलोनी में साहिबा परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने दो साल पहले आरिफ के साथ कोर्ट मेरिज की थी। घर पर विवाहिता का पति आरिफ, ससुर सिराजुद्दीन तथा सास, ननद उसे प्रताड़ित करते हैं। जब विवाहिता विरोध करती है तो उसके साथ अभद्र भाषा एवं मारपीट की जाती है। 24 नवंबर को दोपहर के समय पति ने गाली-गलौज कर मारपीट करने लगा। शोर मचाने पर ससुर व सास, ननद ने भी मारपीट की । जिससे वह घायल हो गई। पीड़िता ने पति, ससुर, सास, ननंद के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है।

## एसआईआर से देश में छिपे घुसपैठियों की होगी पहचान : कलराज मिश्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नॉलेज पार्क-3 स्थित आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर एक विचार गोष्ठी हुई। इसमें पूर्व राज्यपाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री कलराज मिश्र ने कहा कि आयोग का यह कार्यक्रम लोकतंत्र का वास्तविक स्वच्छता अभियान है। यह स्वच्छता अभियान देश में छिपे बैठे उन घुसपैठियों को बाहर करने का है, जो देश में आकर छिप गए हैं और मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराया है। कार्यक्रम का आयोजन श्री राधेश्याम चौरिटबल फांउडेशन की तरफ से किया गया।

मुख्यअतिथि कलराज मिश्र ने कहा कि गैरकानूनी तरीके से भारत में रहने वाले और मतदाता सूची में शामिल होने वाले घुसपैठिये लो. कतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। उनकी पहचान जरूरी है। एसआईआर को बिहार में प्रयोग के तौर पर लागू हुआ था और अब इसे देशभर में लागू किया जा रहा है। लो. कतंत्र के इस महापर्व में हम सभी का योगदान होना चाहिए। भारतीय होने के नाते हम सभी की जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची में सही नाम शामिल रहें। आईटीएस समूह के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने कहा कि एसआईआर में जनता का सहयोग भी जरूरी है। बीएलओ घर-घर जाकर भारतीय व योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर रहे हैं। एसआईआर के बाद मतदाता सूची से सभी फर्जी नाम हट जाएंगे। मतदाता सूची वह नींव है, जिस पर भारतीय लोकतंत्र की संरचना टिकी है। जब यह नींव मजबूत होगी, तभी आपके वोट का मूल्य सुरक्षित रहेगा और जब वोट सुरक्षित रहेगा, तभी लोकतंत्र सशक्त, जीवंत और टिकाऊ बनेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा कि सही सूची, सही मत कोई नारा नहीं बल्कि हम सभी का संकल्प होना चाहिए। इस मौके पर आईटीएस कॉलेज के डायरेक्टर मयंक गर्ग, डीन डॉ. विष्णु शर्मा, डॉ. संजय यादव, डॉ. जया सिन्हा, डॉ. संध्या उमराव समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने आज कलेक्ट्रेट सुरजपुर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के समय जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस के ताले पर लगी सील की जांच की, जो पूर्णतया सुरक्षित पाई गई। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का भी विस्तृत अवलो. कन किया, सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत मिले।



साथ ही खिड़कियों एवं रोशनदान की सुरक्षा व्यवस्था की भी बारीकी से जांच की गई।

निरीक्षण के उपरांत जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम/वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी प्रबंधों को और अधिक मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस की सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित एवं सुरक्षित मिलीं।

## नोएडा एयरपोर्ट उड़ान भरने के लिए तैयार, सुरक्षा जांच पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का ब्यूरो आफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बकास) की टीम ने लगातार सोमवार और मंगलवार 2 दिन तक निरीक्षण किया और मानकों को परखा। टीम जल्द ही अपनी रिपोर्ट नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सौंपेगी। वहां से ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस मिल जाएगा।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बुधवार को बताया कि ब्यूरो आफ सिविल एविएशन सिक्योरिटीज की टीम ने दो दिनों की सुरक्षा जांच पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट में सभी तैयारियां को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बकास की टीम ने यात्रियों के बैगेज जांच करने वाले उपकरण को भी टेस्ट किया। इस दौरान एयरसाइड टर्मिनल भवन और अन्य स्थानों पर तैनात होने वाले सीआईएसएफ के सुरक्षा बलों की पर्याप्त संख्या का आकलन किया गया। टीम ने एयरपोर्ट के सभी सुरक्षा उपकरणों की जांच की। इस दौरान सुरक्षा मांनके के अनुसार अनुपालन को देखा। टीम ने दो दिनों में अपनी जांच पूरी कर ली है। बकास टीम जल्द ही अपनी रिपोर्ट देगी। अनुमान है की रिपोर्ट मिलने के बाद डीजीसीए इसी सप्ताह एरोड्रम लाइसेंस जारी कर देगा। उन्होंने बताया कि एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद एयरपोर्ट के उद्घाटन की तिथि तय की जाएगी।

## पीजी संचालक के लाखों रुपये लेकर सफाई कर्मचारी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-66 स्थित मामूरा गांव स्थित एक पीजी में सफाई का काम करने वाले व्यक्ति पर संचालक ने लाखों रुपये चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने फेज-तीन थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

जिला पीलीभीत के निरंजनकुंज कॉलोनी निवासी संजीव कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि वह मामूरा गांव में रहते हैं। यहीं उन्होंने राजेश चौहान के बिल्डिंग को किराए पर लिया है। इस बिल्डिंग में वह इजी स्टे होम के नाम से पीजी का संचालन करते हैं। पिछले दिनों उन्होंने पीजी के कमरों की साफ-सफाई करने के लिए कमल सिंह नामक व्यक्ति को रखा था। आरा. `प है कि नौ नवंबर की रात करीब नौ बजे कमल सिंह पीजी में चौथी मंजिल स्थित उनके कमरे से रखे लाखों रुपये लेकर भाग गया। इसके बाद आरोपी ने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया। कई दिन तक आरोपी से संपर्क नहीं होने पर संदेह विश्वास में बदल गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी का पता नहीं है। पीजी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपी का चेहरा पहचान करके पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## चोरी की बाइक से वारदात करने वाला लुटेरा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** चोरी की मोटरसाइकिल से मोबाइल और चेन लूट करने वाले बदमाश को फेज दो थाने की पुलिस ने बुधवार को थानाक्षेत्र के सिटी पार्क के पास से दबोच लिया। उसके पास से लूट और चोरी के 11 मोबाइल, एक मोटरसाइकिल, एक सोने की चेन और चाकू बरामद हुआ है। उसके खिलाफ फेज दो थाने में छह केस पूर्व में ही दर्ज हैं। आरोपी के अन्य साथियों के बारे में जानकारी की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बुधवार सुबह पश्चिम बंगाल के शुभम मंडल को गिरफ्तार कर लिया। उसपर चोरी और लूट करने का आरोप था।

पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर साप्ताहिक बाजारों में व्यक्तियों के मोबाइल फोन, गले की चेन और बाजार में खड़े दो पहिया वाहन चोरी कर लेता है। चेन और मोबाइल लूट भी मौका पाकर करता है। पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई करने के बाद वह चोरी करने लगा था। घटना के बाद वह सामान व वाहनों को मौका पाकर सस्ते दाम में बेचकर पैसे कमाता था। उसके पास से तलाशी में चाकू भी मिला है। चोरी करते हुए पकड़े जाने पर वह वह लोगों को घायल करने की धमकी देता था। गांजे की तस्करी करने के आरोप में भी वह पूर्व में जेल जा चुका है। सभी बरामद मोबाइल उसने शहर के अलग-अलग हिस्से में चोरी किए हैं। 32 वर्षीय शुभम मंडल वर्तमान में गेझा गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहा है। पुलिस अन्य थानों से भी आरोपी का आपराधिक इतिहास पता कर रही है।

## एक्सप्रेस-वे पर बस पलटी, 14 यात्री घायल

### बस में 60 लोग सवार थे, ओवरलोडिंग से बिगड़ा संतुलन, ड्राइवर और हेल्पर भाग गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात यमुना एक्सप्रेसवे पर एक बस पलट गई। दिल्ली से बनारस जा रही इस बस में करीब 60 यात्री सवार थे, जिनमें से 14 गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, बस में क्षमता से अधिक यात्री बैठे हुए थे, जिसके कारण बस का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। गनीमत रही कि बस एक्सप्रेसवे से नीचे नहीं गिरी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।



राहगीरों की सूचना पर पुलिस और एक्सप्रेसवे सुरक्षा कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे।

उन्होंने राहत-बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।हादसे के बाद बस चालक और हेल्पर मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच में ओवरलोडिंग की पुष्टि हुई है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे में आदर्श पांडे, सुप्रिया, अरीभा, नसरीन बानो, विनय, विनोद, महेंद्र, अशोक, सचिन, मनोज शशि, कामरा और सक्षम सहित 14 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। ये सभी यात्री दिल्ली से बनारस और अन्य गंतव्यों की ओर जा रहे थे। अन्य यात्रियों को सामान्य चोटें आई हैं। दनकौर पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक लोगों को वाहन में न बैठने दें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बीएलओ कर्मियों के मानदेय में की गई दो गुना बढ़ोत्तरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्वाचन से जुड़े बीएलओ कर्मियों के मानदेय में दोगुनी बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही, निर्वाचन से जुड़े शेष कर्मियों के लिए भी प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) का वार्षिक पारिश्रमिक 6,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह, बीएलओ सुपरवाइजर्स का वार्षिक पारिश्रमिक 12,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये किया गया है। बीएलओ को मिलने वाला विशेष प्रोत्साहन भी 1,000



रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) का वार्षिक पारिश्रमिक 30,000 रुपये और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) का वार्षिक पारिश्रमिक 25,000 रुपये निर्धारित किया गया है।

# एक हजार जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

■ **मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीएम अविनाश सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यापक समीक्षा की। दो दिनों में करीब 1000 जोड़ों के विवाह आयोजन को देखते हुए डीएम ने सभी विभागों को सभी व्यवस्थाएँ समयबद्ध रूप से दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

नगर निगम, विकासखंड भुता, फरीदपुर, भदपुरा, नवाबगंज, भोजीपुरा, बिथरी चौनपुर, क्यारा, नगर पालिका परिषद फरीदपुर, और नगर पंचायत सेंथल, धौराटांडा,




रिठौरा, ठिरिया निजावत खां के जोड़े 27 नवंबर को फेरे लेंगे।

विकासखंड आलमपुर जाफराबाद, मझगवां, रामनगर, बहेड़ी, रिछा, फतेहगंज पश्चिमी, मीरगंज, शेरगढ़, नगर पालिका परिषद आंवला और बहेड़ी, तथा नगर पंचायत बिशारतगंज, देवर. नियां, रिछा, शेरगढ़, शीशगढ़, फतेहगंज पश्चिमी, मीरगंज और शाही के जोड़े 28 नवंबर को विवाह बंधन में बंधेंगे।

डीएम ने बताया कि दोनों दिनों में लगभग 12 हजार परिजन भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस बार शासन के निर्देश पर सभी वर-वधुओं का बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है, जिसके लिए 09 बायोमेट्रिक मशीनें लगाई गई हैं। सभी वर-वधुओं को आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। सामूहिक विवाह में प्रत्येक जोड़े को 24 तरह के उपहार दिए जाएंगे। पंडाल में सेल्फी प्वाइंट, वधुओं के लिए चेंजिंग रूम, तथा बैठने और भोजन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने विवाह स्थलख्बरेली कॉलेज मैदान की सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविर, एम्बुलेंस, और फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों की तैनाती के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि कार्यक्रम सामाजिक समरसता का प्रतीक है, इसलिए इसे गरिमा व पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है।

बैठक में सीडीओ देवयानी, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा हसीब अंसारी, जिला विकास अधिकारी विकास कुमार यादव, डीसी एनआरएलएम, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी समेत सभी बीएलओ मौजूद रहे।

# दबंगों द्वारा रास्ते पर किया गया कब्जा हटवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर पालिका परिषद में शामिल हुए नजदीकी गांव बहोरनगला में रास्ते पर किए गए अवैध कब्जे को बुधवार नगर पालिका टीम ने बुलडोजर (जेस. ीवी) से हटवा दिया।

कस्बे की बस्ती वहोरनगला में गाटा संख्या 681 जो रास्ता है पर बस्ती के राजीव मिश्रा और मनोज मिश्रा ने कब्जा कर लिया था। रास्ता पर कब्जा किए जाने से लोगों का आना जाना प्रभावित हो गया था। रास्ते पर कब्जा कर बुनियाद भर लिए जाने की शिकायत बस्ती के दीपक मिश्रा द्वारा नगर पालिका परिषद के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी करते हुए रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटवाए जाने की



मांग की थी।

इस मांग पर बुधवार को नगर पालिका परिषद की टीम राजस्व कर्मियों के साथ बुलडोजर लेकर पहुंची, और रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटवा दिया। इसमें लेखपाल विजय कुमार के साथ ही नगर पालिका परिषद के सफाई प्रभारी अमर सिंह कर्मियों के साथ शामिल रहे।

मालूम हो कि रास्ते पर किए जाने कुछ अवैध कब्जे को टीम ने एक सप्ताह पहले हटवा दिया था, वाकी बचे कब्जे को बुधवार को हटवाकर शिकायत के साथ ही समस्या का निपटारा कर दिया।

# नवाबगंज में संविधान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर नगर के अंबेडकर पार्क में समिति के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बुद्ध वंदना के साथ हुआ, इसके बाद गौतम बुद्ध एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष महावीर प्रसाद ने कहा कि भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन के अथक प्रयासों के बाद 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने अंगीकार किया, और 26 जनवरी 1950 को डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित यह संविधान देश में लागू किया गया। महासचिव कुंवर सेन ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को संविधान का अध्ययन करना चाहिए, और उसमें दिए गए अधिकारों व कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। वहीं हर स्वरूप गौतम ने वर्तमान में संचालित एसआईआर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम में अयोध्या प्रसाद गंगवार, रूप किशोर,



देवेंद्र पाल, नेतराम, वेद प्रकाश, लाल जागन, भूदेवसिंह, कश्मीरा देवी, कृष्णा देवी, हरीश सागर, बृजलाल, मुख्तियार रहमान, आरिफ हुसैन, मोहम्मद हसन, करण बाबू, गोपाल शरण, रिंकू गंगवार, तेजराम, भगवान दास, अनिल कुमार, अजय बाबू, मनीष कुमार, महावीर प्रसाद, हरस्वरूप गौतम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# परिवार से बिछड़े ढाई वर्ष के बच्चे को पुलिस ने खोजकर परिवार को सौंपा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम एक ढाई वर्ष का बच्चा अपने परिवार से बिछड़कर बरेली बस अड्डे पर पहुंच गया था। सूचना पर पहुंची मिशन शक्ति की टीम द्वारा ततपरता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 2 घण्टे में व्हाट्सप ग्रुप की मदद से उसके स्वजनों को तलाश कर बच्चे को मिशन शक्ति टीम ग्रुप ने बच्चे के पित सुनील कुमार व माता सोनी निवासी मोहल्ला जाटवान थाना शीशगढ़ के सुपुर्द कर दिया। बच्चे के माता-पिता द्वारा मिशन शक्ति टीम का धन्यवाद देते हुए पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई योजना का आभार व्यक्त किया।

# संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

■ **छात्रों-शिक्षकों ने ली संविधान पालन की शपथ, विशेषज्ञों ने बताए अधिकार व कर्तव्य**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गन्ना उत्पादक स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहेड़ी में मंगलवार को राष्ट्रीय संविधान दिवस बड़े ही गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष शपथ ग्रहण समारोह, वाद-विवाद, संवाद और विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक डॉ. रविन्द्र कुमार गैंगवार ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को संविधान की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, रोवर्स-रेंजर्स



और अन्य विभागों के विद्यार्थियों ने संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने का संकल्प लिया। सभी ने कहा कि वे संविधान द्वारा निर्धारित विधियों का पालन करेंगे और किसी भी प्रकार की असहिष्णुता एवं हिंसा से दूर रहकर राष्ट्रहित में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने संविधान के महत्व, निर्माण प्रक्रिया और नागरिकों के मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इतिहास विभाग के विशेषज्ञों ने संविधान निर्माण की पृष्ठभूमि पर उपयोगी जानकारी दी, वहीं राजनी. तिक विज्ञान के प्राचार्य ने भारतीय संविधान को विश्व में सबसे व्यापक और मजबूत बताते हुए इसकी विशेषताओं को रेखांकित किया। विशेष व्याख्यान सत्र में वक्ताओं ने छात्रों से संविधान को केवल पढ़ने तक सीमित न रखने, बल्कि उसे व्यवहार में अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संविधान का सही पालन ही देश को प्रगति के रास्ते पर आगे ले जा सकता है। महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. चन्द्रशेखर, डॉ. अमित कुमार शुक्ल, डॉ. आलोक यादव, डॉ. विनीत कुमार श्रीवास्तव, प्रभावती सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिनन्दन कुशवाहा ने किया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविन्द्र कुमार गंगवार ने सभी को संविधान की मूल भावना का सम्मान करते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

# सादात ए बारहा का वो मंसबदार जिसने एहोल के लाड़ खां मंदिर का कराया निर्माण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** सैयद जलालुद्दीन लाड़ खां बारहा, अकबर के दौर के बड़े मंसबदारों में शुमार किए जाते थे। इनका नाम सैयद जलालुद्दीन था जो सादात ए बारहा की छातरौडीघ शाख के गांव सम्भलेडाघ जिला मुजफ्फरनगर से ताल्लुक रखते थे। ये अपने वालिद सैयद बुरहानुद्दीन की तरह बड़े धार्मिक, बहादुर और तलवार के धनी थे।

अकबर के शासनकाल में ज्यादातर मुहिमों में अपने भाईयों सैयद महमूद खां बारहा, सैयद कासिम, सैयद बहादुर, सैयद राजू वगैरह के साथ पेश पेश रहे। फतेह मालवा के बाद उनको आज के पांच जिलों बरेली, बदायूं, पीलीभीत शाहजहांपुर और रामपुर जिलों पर आधारित उस समय के पांच परगनों के 484 गांव की जागीर बतौर इनाम मिली और साथ ही अकबर ने इनको लाड़ खां के खिताब से नवाजाघ, आज भी इन जिलों में जलालपुर व लाड़पुर नाम के बहुत से गांव आबाद हैं जो इन्हीं नाम बसाये गये थे।

फतेह गुजरात के बाद उन्होंने



नवाबगंज तहसील के अभयपुर खाता व सेंथल को आबाद किया और कुछ वक्त के बाद अपने बेटे सैयद अमानुल्लाह को जागीर के इन्तेजाम के लिए छोड़ कर अकबर के आदेश से दक्षिण की मुहिम पर रवाना हो गए।

अकबर के नौ रत्नों में से एक अबुल फजल अल्लामी द्वारा लिखित और एच0 ब्लोकमैन द्वारा अनुवादित आईन ए अकबरी पुस्तक के अनुसार सैयद जलालुद्दीन लाड़ बारह को अकबर ने अपनी हुकूमत के 46वें साल में दक्षिण भारत मुहिम पर भेजा, वहीं रोजनामचा मीर मौहम्मद जफर साहब, सेंथल के अनुसार सम्राट अकबर ने दक्षिण भारत पर हमले से पहले अपने काबिल मंसबदारों को सैयद जलालुद्दीन लाड़ खां बारह की सदारत में दक्षिण भारत के शासकों से बातचीत के लिए भेजा था।

चूंकि कर्नाटक का एहोल दक्षिण भारत बेहद हरा-भरा सीमावर्ती इलाकघ था तथा खघनदेश के बाद दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार घ्कहलाता था, इसलिए सैयद लाड़ ने यहीं पर अपना पड़ाव डाला, इसी सैनिक शिविर के करीब उनको जीर्णशीर्ण अवस्था में किसी चालुक्य वंश के शासक द्वारा 450 ई0 में बनवाया गया, शिव मंदिर दिखाई दिया।

स्थानीय पुजारियों के आग्रह और नागरिकों की आस्थाओं को नजर में रखते सैयद लाड़ खां बारहा ने दक्षिण भारत की मुहिम के बाद इसको बनवाने का वादा किया।

जब अकबर ने दक्षिण भारत पर विजय प्राप्त कर ली तो सैयद लाड़ बारहा ने अपने खर्च से इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया और अपने वंशजों से ये वसियत की, कि अपनी जागीर की आमदनी का कुछ अंश हर साल एहोल के इस मंदिर को भेजा जायेगा। ये मंदिर फिर सैयद जलालुद्दीन लाड़ खां बारहा के नाम पर लाड़ खां मंदिर के नाम से मशहूर हो गया।

सैयद लाड़ खां बारहा के वंशज अपनी जागीर का कुछ हिस्सा लगातार भेजते रहे और जब मुगल दरबार से इनके वंशज सैयद साबिर अली तातारी उर्फ सैयद फैजुल्ला सानी को जंगें जाजाऊं के बाद नवाब का खिताब और सूबा अजमेर में जागीर मिली तो नवाब सैयद साबिर अली ने उनमें से ज्यादातर गांव के नाम अपने बुजुर्ग्ग सैयद लाड़ के नाम पर रखे और एहोल के इस मंदिर को दी जाने वाली रकम अजमेर के कुछ मंदिरों को दान दी जाने वाली राशि के साथ दुगनी कर दी।

लेकिन सन 1857 ई0 के विद्रोह में नवाब सैयद गालिब अली के भाग लेने पर जब नवाब साहब की जागीर अंग्रेजी हुकूमत द्वारा जब्त कर ली गयी और उनसे नवाब का खिताब छीन कर उनको उनकी हवेली में नजरबंद कर दिया गया, तब से मंदिर को दी जाने वाली ये राशि भी बंद हो गयी और सेंथल से एहोल मंदिर का नाता खत्म हो गया।

लेकिन गदर के ठीक बाद नवाब सैयद गालिब अली साहब के बेटे मीर मौहम्मद जफर साहब ने स्वतंत्रता सेनानी शहीदों खेमकरण अहिर व भोले बेलदार की याद में मोहन मंदिर का निर्माण कराकर गंगा जमनी तहजीब की नई इबारत लिख दी।

# एसआईआर ड्यूटी के दौरान शिक्षक की मौत

■ **काम के दबाव में गई जान, परिजनों का आरोप**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान बीएलओ ड्यूटी कर रहे प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक सर्वेश कुमार गंगवार की बुधवार को अचानक मौत हो गई। स्कूल में काम करते समय उन्हें हार्ट अटैक आया। परिजन उन्हें तत्काल प्रताप हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

डॉ. वीरेंद्र प्रताप गंगवार के अनुसार, शिक्षक को अस्पताल पहुं. चने से पहले ही मौत हो चुकी थी। सूचना पर भोजीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रशासनिक अफसर भी स्कूल पहुंचे और स्टाफ से पूरी जानकारी ली।

सर्वेश कुमार शाहजहांपुर के थाना मीरानपुर कटरा क्षेत्र के कसरक गांव के मूल निवासी थे। बरेली के इज्जतनगर स्थित कृष्ण होम कॉलोनी में रहते थे और भोजीपुरा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय परधौली में सहायक अध्यापक थे। इस समय वे एसआईआर अभियान में बीएलओ की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

मृतक के भाई योगेश गंगवार ने आरोप लगाया कि सर्वेश की मौत काम के अत्यधिक दबाव के कारण हुई है। उन्होंने बताया कि दिन में साइट न चलने पर भाई रात में काम करता था। ऊपर से डांट पड़ती थी। सितंबर में उसकी पत्नी की मौत हुई थी, जिससे वह पहले ही तनाव में



था। इन्हीं परिस्थितियों ने उसकी जान ले ली।

स्कूल स्टाफ ने बताया कि सर्वेश स्कूल में अचानक खड़े-खड़े गिर पड़े और उनके मुंह से खून आने लगा। पहले आशंका ब्रेन हेम. रेज की जताई गई थी, लेकिन जांच में हार्ट अटैक की पुष्टि हुई। घटना से शिक्षा विभाग और एसआईआर ड्यूटी में लगे कर्मचारियों में गहरा शोक है। प्रशासन मामले की जांच में जुटा है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**एक नजर**

# साइकिल सवार को बाइक सवार ने मारी टक्कर, पैर टूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम खतौआ के रहने वाले शमशाद अहमद विगत दिन शाम बरखन से खतौआ की ओर साइकिल से जा रहे थे। उसी दौरान अभयराजपुर के सोनू पुत्र छोटेलाल अपनी मोटरसाइकिल को लहराते हुए तेज गति में लाया और पीछे से शमशाद अहमद की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में शमशाद अहमद का पैर टूट गया तथा शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। विरोध करने पर आरोपी सोनू ने उनके साथ गाली-गलौज की और किसी धातु की वस्तु से हमला कर उन्हें अधमरी हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को घर लाकर उपचार की व्यवस्था की। इसके बाद जब पीड़ित के पुत्र जैनुल आरोपी से इलाज की बात करने उसके घर पहुंचे, तो उसने न केवल इलाज कराने से इनकार किया, बल्कि गंदी-गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। मजबूर होकर जैनुल द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, और मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एसआईआर प्रपत्र में ओटीपी की जरूरत नहीं, मतदाताओं को भ्रमित कर रहे अराजक तत्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं को आगाह करते हुए कहा है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कुछ अराजक तत्व बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) का रूप धारण कर मोबाइल नंबर पर ओटीपी मांगकर मतदाताओं को ठगी का शिकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर प्रपत्र भरने की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर ओटीपी की जरूरत नहीं होती, इसलिए मतदाता ऐसे किसी कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र बांट रहे हैं, और इन्हें भरवाने में सहायता भी कर रहे हैं, परंतु ओटीपी या किसी लिंक की मांग पूरी तरह फर्जी और धोखाधड़ी है। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी नंबर से ओटीपी मांगा जाए तो तुरंत कॉल अस्वीकार करें, ओटीपी साझा न करें, और ऐसी गति. विधि को साइबर अपराध की संभावना समझें। उन्होंने बताया कि ओटीपी मांगने वाली ऐसी घटनाएं साइबर ठगी या धोखाधड़ी की श्रेणी में संदिग्ध हैं। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इस तरह की अफवाहों और फर्जी कॉल से बचाव के लिए जनजागरूकता अभियान तेज करें, और शिकायत मिलते ही संबंधित एजेंसियों की मदद से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से कहा कि वे केवल अपने बीएलओ से ही संपर्क करें, निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गणना प्रपत्र भरें और किसी भ्रम में न आएं। उन्होंने कहा कि आपका सतर्क सहयोग शुद्ध व पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो लोकतंत्र की मजबूती का आधार है।

# चमन नगरिया में भिड़े दो धड़े, चले लाठी डंडे, दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र का गांव चमन नगरिया में मंगलवार की शाम उस समय रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जब एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच जमीन और पंचायत चुनाव की रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। देखते ही देखते लाठियां चलने लगीं, धारदार हथियार निकल आए और लोग इधर-उधर जान बचाकर भागने लगे, पूरे गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

ग्राम का फुरकान पुत्र इस्माइल एसआईआर फॉर्म भरवाने जा रहा था, तभी स्कूल गेट के पास पहले से घात लगाए बैठे फैमुद्दीन, परवेज, जाहिद समेत कई लोग उसे रोककर गाली देने लगे। विरोध करने पर उस पर एक साथ हमला कर दिया गया और लाठियों, ईंटों से उसे बेरहमी से पीटा गया। ग्रामीणों के जुटते ही हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस मामले की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दूसरे पक्ष के फैमुद्दीन ने पलटवार करते हुए थाने में दी तहरीर में बताया कि वह अपने परिवार का फॉर्म जमा करा कर लौट रहा था, तभी फुरकान व उसके साथियों ने पहले गाली गलौज शुरू की, और फिर उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। उसके सर और आंख के पास लगा, जिससे आंख की रोशनी जाने का खतरा पैदा हो गया। इसके बाद उसे जमीन पर पटक-पटक कर लाठी-डंडों से पीटा गया और बेहोशी की हालत में छोड़ दिया गया। मामले की सूचना पर 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया गया। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल गांव में सन्नाटा और दहशत का माहौल है, लोग अपने घरों में दुबके हुए हैं।

# संविधान दिवस पर कलक्ट्रेट में हुआ शपथ समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कर शपथ दिलाई गई।

एडीएम ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और इसका लोकतांत्रिक ढांचा भारतीय संविधान की मजबूत नींव पर खड़ा है। उन्होंने बताया कि संविधान 26 नवम्बर 1949 को अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ। यह दुनिया के सबसे विस्तृत और सर्वसमावेशी संविधानों में एक है, जिसमें नागरिकों के मौलिक अधिकार, कर्तव्य, नीति-निर्देशक सिद्धांत, केंद्र व राज्य सरकारों की शक्तियाँ और न्याय व्यवस्था का विस्तृत उल्लेख है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की सबसे बड़ी विशेषता उसकी एकता और समरसता है, जो विविधता से भरे देश को एक सूत्र में बांधती है। संविधान हर नागरिक को समान अवसर, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। एडीएम ने कहा कि संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं, बल्कि देश की राजनीतिक व सांस्कृतिक आत्मा का प्रतिबिंब है, जो नागरिकों को अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारियों का भी बोध कराता है। उन्होंने मौलिक कर्तव्यों के पालन को मजबूत राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य शर्त बताया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देशदीपक सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहात्री, जिला सूचना अधिकारी नीतू कनौजिया, और कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# डीएम के निर्देश पर पान दरीबा किला गेट से लेकर जामा मस्जिद तक सड़क निर्माण शुरू

■ जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष ने डीएम को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बुधवार को पान दरीबा किला गेट से लेकर जामा मस्जिद तक की सड़क बनवाने को लेकर 18।11।25 जन सेवा समिति की तरफ से जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया गया था। जिसका संज्ञान लेते हुए जिला अधिकारी ने तत्काल सड़क बनाने के दिए आदेश दे दिए हैं। जन सेवा समिति के सभी पदाधिकारी और व्यापारियों की तरफ से जिलाधिकारी का बहुत-बहुत धन्यवाद हैं। जिला. धिकारी के निर्देश पर बुधवार रात्रि 8रू00 बजे से किला गेट पान दरीबा से काम शुरू हो गया जिसमें लेबर द्वारा सड़क की टाइल्स उखाड़ी जा रही है और वह ट्रैक्टर ट्राली द्वारा हटाई जा रही है। उसके बाद इस रोड पर बोल्डर पड़ेगा और उसके बाद डामर हॉट मिक्स रोड का निर्माण होगा। जन सेवा समिति के जिला अध्यक्ष वसीम उल हसन खान कहा कि नगर पालिका द्वारा आज से दो वर्ष पहले पान दरीबा किला गेट से लेकर जामा मस्जिद सर्राफा बाजार तक की सड़क की नपत हुई थी लेकिन दो वर्ष बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हो पाया था। इसी संदर्भ में जन सेवा समिति का हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था और कई बार ज्ञापन भी दिया गया था।

जन सेवा समिति का एक प्रतिनिधिमंडल कुछ महीने पहले नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से मिला था जिसमें ज्ञापन सोपा गया। उसके बाद इस सड़क का नगर पालि. का बजट में पास भी हो गया था लेकिन उसके बाद भी यह सड़क का निर्माण नहीं हो पाया था।

किला गेट पान दरीबा से जमा मस्जिद सराफा बाजार की मुख्य सड़क हे जहां पर दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है। सड़क पर बड़े बड़े गड्डे हो गए है माल की रिक्शा पलट जाती थी यह सड़क पिछली 20 वर्ष पुरानी है इस सड़क का निर्माण न होने की वजह से व्यापारियों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ था है। जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला. धिकारी ने सड़क का निर्माण का आद. ेश कर दिया। जन सेवा समिति के सभी पदाधिकारी की तरफ से और किला पान दरीबा से लेकर जामा मस्जिद के व्यापारियों की तरफ से जिला अधिक. ारी का बहुत-बहुत धन्यवाद जो अपने तत्काल समस्या का निदान कर सड़क निर्माण का आदेश दिया।

# रामपुर में 28 नवम्बर को होगा 1045 जोड़ों का सामूहिक विवाह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा जनपद में सामूहिक विवाह की तिथि 28 नवम्बर, 2025 को राजकीय पद्धति विद्यालय के पीछे, गांधी समाधि रोड रामपुर में कराना निश्चित किया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि 28 नवम्बर को जनपद में कुल 1045 वर वधू का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जाएगा, जिसके लिए विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के पात्र लाभार्थियों की बायोमैट्रिक प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है।

इस प्रक्रिया के लिए दो प्रकार के ऑथेन्टीकेशन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बायोमैट्रिक ऑथेन्टीकेशन द्धफिंगरप्रिंटऋ एवं फेशियल ऑथेंटिकेशन द्धचेहरे की पहचानऋ। साथ ही जोड़ें द्धवर व वधूऋ यह सुनिश्चित कर लें कि उनके फिंगर आधार कार्ड में अपडेट है अथवा नहीं। यदि फिंगर आधार कार्ड में अपडेट नहीं है तो वह आधार केन्द्र में जाकर अपने फिंगर अपडेट करा लें, जिससे कि 28 नवम्बर 2025 को होने वाले विवाह कार्यक्रम में बायोमैट्रिक ऑथेन्टीकेशन की कार्यक्रम में कोई भी समस्या उत्पन्न न हो सके।

उन्होंने बताया कि किसी भी लाभार्थी द्धवर एवं वधूऋ द्वारा ऑथेन्टीकेशन मार्क कराए बिना कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान करने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई जोड़ा द्धवर एवं वधूऋ बायोमैट्रिक तथा फेशियल ऑथेन्टीकेशन कराए बिना कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान करता है, तो विवाह उपरान्त विभाग द्वारा उसको दी जाने वाली धनराशि उसके खाते में हस्तान्तरित नहीं की जाएगी, जिसके लिए लाभार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड बिलासपुर से 72, चमरौआ 190, मिलक 193, सैदनगर 211, शाहबाद 174, स्वार 72, नगर पालिका टाण्डा 49, नगर पालिका मिलक 20, नगर पालिका बिलासपुर 10, नगर पालिका दढ़ियाल 39, नगर पालिका केमरी 04, नगर पालिका मसवासी 09 एवं नगर पालिका नरपतनगर दूंदावाला 02 कुल 1045 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया जाएगा।

# खेती की जमीन को कब्जा मुक्त कराने को मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

शाह टाइम्स संवादाता

**शहजादनगर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में खेती की जमीन पर अवैध कब्जे को मुक्त करने के लिए ग्रामीण मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र लिख बैठा। जिसके चलते ग्रामीण ने स्थानीय पुलिस प्रशासन पर भी लापरवाही के आरोप लगाया है।

दरअसल मामला थाना क्षेत्र के अकोंदा गांव का है। गांव निवासी ज्वाला प्रसाद पुत्र रेवाराम ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र लिखकर गांव के ही आठ लोगों पर अपनी खेती की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की है।

ज्वाला प्रसाद ने आरोप लगाया है कि गांव के ही फूल बी, नन्नी, पप्पू, बबलू मुनीम, मुजीब, तौहीद, तै"यब समेत आठ लोगों ने गांव में ही उसकी खेती की ढाई बीघा जमीन जिस पर इन आठों लोगों ने अपना अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। पीड़ित का कहना है कि मामले की शिकायत पिछले दिनों शहजादनगर पुलिस से भी की जा चुकी है।

जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके बाद पीड़ित ने अपनी शिकायत रामपुर पुलिस अधीक्षक से भी की। लेकिन कोई सुझाव नहीं मिला। जिसके बाद पीड़ित ने अपनी शिकायत पोर्टल के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पोर्टल के माध्यम से शिकायत कर इंसाफ की गुहार लगाई है।

# डीएम ने दिए आईजीआरएस बैठक में अधिकारियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आईजीआरएस द्धइंटीग्रेटेड ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टमऋ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विगत आईजीआरएस बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने सब रजिस्ट्रार शाहबाद के एक दिन का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए तथा सेल्फ फीडबैक में संतोषजनक फीडबैक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से कड़ी नारा. जगी व्यक्त की और कहा कि शिकायत निस्तारण के दौरान गुणवत्तापूर्ण एवं वास्तविक समाधान



अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को 10-10 सेल्फ फीडबैक आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से कराए जाने के निर्देश दिए गए थे, ताकि जनशिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके और जिले की रैंकिंग सु.ढ़ बनी रहे। उन्होंने कहा कि निर्धारित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए तथा प्रत्एक शिकायत के निस्तारण की वास्तविक स्थिति पोर्टल पर समयबद्ध अपडेट की जाए। उन्होंने सेल्फ फीडबैक के सम्बन्ध में कहा कि सभी विभागीय अधिकारी प्राप्त शिकायतों के समाधान के उपरांत स्वयं शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित करें और उसी आधार पर पोर्टल पर सेल्फ फीडबैक दर्ज करें, जिससे निस्तारण की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सेल्फ फीडबैक आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से निष्पादित कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षी भावना गौतम को वरिष्ठ अधिकारियों ने किया सम्मानित




शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** रामपुर थाने में तैनात महिला आरक्षी भावना गौतम को रामपुर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित बताते चले कि बुधवार को पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय पर पुलिस कर्मियों की बीट बुक बीट संबंधी अभिलेखों का निरीक्षण किया गया बीट अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में निगरानी महिलाओं को जागरूक करने एवं जनसंपर्क बनाए रखने हेतू आवश्यक निर्देश दिए उत्तम बुक तैयार करने एवं बीट से संबंधित पूर्ण एवं अद्यतन जानकारी रखने के लिए महिला आरक्षी महिला आरक्षी 1950 भावना गौतम थाना सैफनी को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिया गया यह सम्मान पुलिस कर्मियों के श्रेष्ठ कार्य लगन तथा बीट प्रबंधन में उनकी दक्षता प्रतिबिंबित करता है।

# दीक्षित कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** दीक्षित कॉलेज ऑफ लॉ रामपुर में बुधवार को संविधान दिवस को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम को प्रारम्भ करने से पूर्व महाविद्यालय के संस्थापक पं। जागेश्वर दयाल दीक्षित एवं प्रबंधक विवेक दीक्षित और विभागाध्यक्ष डॉ चन्दन कुमार सिंह, द्वारा समस्त प्रवक्तागणों एवं महाविद्यालय में उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को संविधान का पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई।

शपथ कार्यक्रम होने के पश्चात पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में बी।ए।एल एल।बी। प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अना. मिका ने संविधान देश की आत्मा,




ज्योति यादव ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता, सुबुही ने मौलिक अधिकार और कर्तव्य, काजल ने संविधान देश की आत्मा पर, बी0ए0 एल0 एल0बी0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा प्रियंका प्रिया ने महिलाओं के अधिकार, एल एल।बी। प्रथम सेमेस्टर की छात्रा फिजा ने महिलाओं के अधिकार पर, एल,एल0बी0

तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रिया कश्यप व रितु यादव ने मौलिक अधिकार और कर्तव्य पर एल एल।बी। पंचम सेमेस्टर की छात्रा सामिया ने नि:शुल्क विधिक सहायता पर अपने - अपने पोस्टर तैयार किए तथा उन पर अपनी अपनी प्रस्तुति पेश की गई।

इस कार्यक्रम में निर्णायक टीम कुमकुम व नम्रता चौहान द्वारा बी।ए।एलएल।बी। पंचम सेमेस्टर की छात्रा प्रियंका प्रिया को प्रथम, एलएल।बी। तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रिया कश्यप को द्वितीय तथा बी।ए।एल एल। बी। प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुबुही को तृतीय स्थान पर चुना गया।

कार्यक्रम के पश्चात विजई छात्रों को महाविद्यालय के प्रबंधक विवेक दीक्षित व विभागाध्यक्ष द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी।एस। चौहान और सुनिधि सिंह ने किया।

# संविधान दिवस पर प्रस्तावना का पाठ

■ ग्राम पंचायत मनकरा में 'हमारा गांव हमारा संविधान' सभा का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** संविधान दिवस पर ग्राम पंचायतों में संविधान की प्रस्तावना का पाठ हुआ। चमरौआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनकरा में आयोजित हमारा गांव हमारा संविधान सभा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

संविधान अपनाने की 76वीं वर्षगांठ पर मनकरा स्थित पंचायत लर्निंग सेंटर में प्रस्तावना के पाठ के पश्चात् राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव व प्रवक्ता काशिफ खां ने संविधान दिवस के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था।



संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अम्बेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया तथा 26 नवम्बर 2015 से प्रत्एक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह दिन संविधान के महत्व का प्रसार करने और डॉ भीमराव अम्बेडकर के विचारों और अवधारणाओं पर अमल करने का संकल्प लेने का दिन है।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान सना काशिफ, ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद उमर फारूक, हरि राम, सलीम अल्वी, रामकिशोर, शहजान खां, गुलाम साबिर, सरदारजगदीश सिंह, ताहिर अली, सुमन वाल्मीकि, अजय कुमार, अनवार अल्वी, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

# विकास भवन सभागार में 27 नवम्बर को आयोजित होगी जिला सैनिक बंधु की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 27 नवम्बर, 2025 को पूर्वान्ह 11रू00 बजे विकास भवन सभागार में पूर्व सैनिकों एवं शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु ष्जिला सैनिक बन्धु ष्की मासिक बैठक आयोजित की जाएगी।

यह जानकारी जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले। कर्नल पंकज नैथानी ने दी। उन्होंने जिला सैनिक बन्धु के पदेन व गैर सरकारी सदस्यों से अनुरोध किया है कि इस बैठक में भाग लें और जनपद के पूर्व सैनिकोंध्शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियॉं तथा उनके आश्रित अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु अपने आवेदन पत्र दो प्रतियों के साथ लेकर बैठक में उपस्थित रहें।

# खुशहालपुर में नवनिर्मित शौचालय बने शो पीस पड़े हैं ताले, स्वच्छ भारत अभियान को लगा पलीता

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** क्षेत्र के खुशहालपुर ग्राम पंचायत में शौचालय ग्रामीणों के लिए शोपीस बन कर रह गए हैं ग्राम पंचायत ने उसमें ताले डालकर बंद कर रखा है जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ भारत अभियान का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्राम पंचायत मझरा खुशहालपुर में नवनिर्मित शौचालय में ग्राम पंचायत प्रशासन ताले डालकर बंद कर दिया है। जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ भारत अभियान के तहत इसका लाभ नहीं मिल रहा है शौचायलयों के निकट विद्यालय भी स्थित है लेकिन ग्राम पंचायत इसे खोलने के लिए तैयार नहीं है जिससे बाहरी लोगों को भी




आवश्यकता पड़ने पर शौचालय तलाशना पड़ता है लेकिन इस शौचालय में ताले पड़े मिलते हैं और ग्रामीणों को जंगल में जाकर शौच करना पड़ता है। इस मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि उन्हें इस मामले में कोई जानकारी नहीं है ग्राम प्रधान को ही इसके कारण का पता होगा। जबकि ग्राम प्रधान साजिद हुसैन का कहना है। कि नवनिर्मित शौचालय में ताला पडने की उन्हें भी कोई जानकारी नहीं है।

# ईओ ने एसआईआर के मद्देनजर कर्मियों की अनावश्यक छुट्टी पर लगाई रोक



शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा।** बुधवार को अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा ने नगर पालिका के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जब तक एसआईआर का कार्य चल रहा है,नगर के किसी भी व्यक्ति को कोई भी परेशानी नहीं आनी चाहिए तथा जिन कर्मचारियों की डडूटी बीएलओ के साथ लगाई है वो कर्मचारी बराबर अपनी अपडेट वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी को देते रहें और कोई भी कर्मचारी अनुपस्थित नहीं हो एवं कोई भी कर्मचारी सोमवार तक छुट्टी पर नहीं रहेगा। कर्मचारियों पर अधिशासी अधिकारी एवं वरिष्ठ लिपिक बराबर अपनी उपस्थिति में बीएलओ का ऑनलाइन कार्य कर्मचारियों द्वारा करा रहे हैं।

# दलित लड़की की बरामदी को लेकर भवादस के राष्ट्रीय संयुक्त मन्त्री दीप सिंह राही के नेतृत्व में किया प्रदर्शन

■ सात दिन बाद भी पुलिस लड़की को नही कर पाई है बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव निवासी की नाबालिग पुत्री को 20-11-2025 को हसनपुर उत्तरी गांव का यूवक रोंि. हत मौर्य अपने एक अन्य साथी के साथ अपहरण कर ले गया था जिस का कोतवाली स्वार मे मुकदमा दर्ज है जिसको सात दिन हो चुके लेकिन मसवासी चौकी पुलिस दलित लडकी को बरामद करने मे नकाम दिख रही है भवादस ने चेतावनी दी है कि पुलिस दुवारा जल्द ही दलित लडकी को बरामद नही किया गया तो भावाधस मजबूर होकर एस पी कार्यालय पर




धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगा।

चौकी पर धरना-प्रदर्शन करने बालो मे भावाधस के ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप राजहंस, सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष सरजीत वाल्मीकि, मुकेश कुमार, गौरव वाल्मीकि, सतपाल वाल्मीकि, मनोज कुमार, राकेश, सचिन, सारज, सुभाष, बीना, सुनीता, बब्ली,ममता, रेखा अनिता शानि आदि।

# एसआईआर अभियान में रामपुर अग्रसर, टीमवर्क और प्रतिबद्धता से मिल रही उत्कृष्ट उपलब्धियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर अभियान पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ संचा. लित है।

मतदाता सूची के अद्यतन, सत्यापन एवं डिजिटाइजेशन के प्रत्एक चरण में बीएलओ अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। घर-घर सर्वे, मृतध्स्थानांतरितध्डुप्लीकेट प्रविष्टियों की पहचान तथा पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है कृ यही टीम भावना जनपद को नए मानक स्थापित करने की दिशा में अग्रसर कर रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि विधानसभा



क्षेत्र 34-स्वार के बूथ संख्या-135 पर बीएलओ विमला ने डिजिटाइजेशन कार्य समय से पूर्व पूर्ण कर उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

बूथ संख्या-138 पर बीएल राजेन्द्र कुमार ने एसआईआर का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लक्ष्य प्राप्ति की प्रेरक मिसाल कायम की है।

विधानसभा क्षेत्र 36-बिलासपुर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बूथ संख्या-200 पिपलिया मिश्र सुनीता जैन आगंनवाड़ी कार्यकत्री के कुल वोट 696 थे उन्हें 696 फार्म प्राप्त हुए जिन सभी को आनलाइन कर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

विधानसभा क्षेत्र 35-चमरौआ के बूथ संख्या-52 पडपुरी कल्याणपुर निवासी शिक्षामित्र परवेज खान द्वारा कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन बीएलओ द्वारा शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उनको कल सम्मानित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि मतदाता सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण अभियान है। इसलिए सभी कार्मिक निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता और सकारात्मक .ष्टिकोण के साथ कार्य सम्पन्न करें।

दावे आपत्तियों का निस्तारण पारदर्शी और समयबद्ध हो, यही एक मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लापरवाही अथवा उदासीनता को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और आवश्यकतानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बी एल ओ के साथ एस आई आर फॉर्म भरवाने में अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने निभाई सक्रिय भूमिका

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** मानपुर उत्तरी में एस आई आर के फॉर्म भरने को लेकर बी एल ओ के साथ कुछ समाज सेवी संगठनों ने आगे बढ़कर सहायता करना शुरू कर दी है।

मानपुर में एस।आई आर के फॉर्म भरने को लेकर ग्रामीणों में होड़ मची हुई है तमाम ग्रामीण फार्म भरवाने को लेकर काफी परेशान है।

इस मामले में अपना दल एस के जिला सचिव शकील अहमद अंसारी, समाज सेवी, जमशेद आलम, नईम अहमद, नदीम कुरैशी, आदि ने बूथ स्थल के बाहर टेबल लगाकर फॉर्म भरकर लोगों की सहायता शुरू कर दी है। एस आई आर के फॉर्म भरने को लेकर मतदान स्थलों पर बैठे बी एल ओ की परेशानी बड़ी हुई है तमाम




ग्रामीणों का बी एल ओ के पास जमघट लगा हुआ है।

अधिकांश मतदाता फॉर्म भरने से अनजान है उनकी सहायता के लिए कुछ समाजसेवी लोगों ने टेबल लगाकर फार्म भरवाना शुरू कर दिए हैं जिससे लोगों ने कुछ राहत की सांस ली है।

# मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा।** कस्बा दढ़ियाल के मोहल्ला होली चौक में रविवार शाम घर के बाहर सड़क किनारे खड़ी एक मोटरसाइकिल अज्ञात चोर उड़ा ले गए।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित मनोज भटनागर ने पुलिस को बताया कि वह 23 नवंबर को शाम अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी करके अंदर चला गया था। जब कुछ देर बाद बाहर आया तो मोटरसाइकिल गायब थी। काफी तलाश करने और आसपास पूछताछ करने के बाद भी जब मोटरसाइकिल नहीं मिली तो वह कोतवाली पहुंचा और तहरीर दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

# टोल प्लाजा फुटेज में नहीं मिली बदमाशों की कार

## मुरादाबाद से चोरी एटीएम मिला था अतरासी में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुरादाबाद में एटीएम उखाड़कर सात लाख रुपये लेकर भागे बदमाशों का सुराग अब तक नहीं लग पाया है। पुलिस ने नारंगपुर टोल प्लाजा से डेढ़ घंटे की सीसीटीवी फुटेज खंगाली, लेकिन बदमाशों की ब्रेजा कार का कोई निशान नहीं मिला। इससे पुलिस की जांच नए मोड़ पर पहुंच गई है। अब दोनों जिलों की पुलिस अतरासी के आसपास के सभी रास्तों की सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। सीओ अभिषेक यादव के अनुसार मामले की गहनता से जांच जारी है और बदमाशों का जल्द सुराग मिलने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि मुरादाबाद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सोमवार रात बदमाशों ने एटीएम उखाड़ लिया था। वारदात अंजाम देकर भागे बदमाश उसमें से सात लाख का कैश निकालने के बाद एटीएम को रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगल में फेंक गए थे। मंगलवार सुबह में गांव निवासी गबरू के खेत में एटीएम की मशीनरी से जुड़े पुर्जे मिलने से हड़कंप मच गया था। सूचना मिलते ही मुरादाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। हालांकि, पुलिस ने बदमाशों की कार को ट्रेस कर लिया था। वारदात अंजाम देने के लिए बदमाशों ने ब्रेजा कार का इस्तेमाल किया था लिहाजा इसे पुष्ट करने के लिए पुलिस ने नारंगपुर टोल प्लाजा से सीसीटीवी कैमरों से करीब डेढ़ घंटा की फुटेज ली थी। पुलिस का मानना था कि वारदात अंजाम देने के बाद अतरासी तक पहुंचे बदमाश टोल प्लाजा से होकर गुजरे होंगे, उन्होंने हाईवे का रूट चुना होगा लेकिन पुलिस की ये सोच भी दम तोड़ गई। डेढ़ घंटा की फुटेज में पुलिस को बदमाशों की कार का कोई सुराग नहीं मिला है। जिसके बाद पुलिस का माथा भी चकरा गया है। लिहाजा, अब दोनों जिलों की पुलिस अतरासी से जोड़ने वाले सभी रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है। सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि मामले की गहनता के साथ जांच की जा रही है। बदमाशों का पता लगाने के लिए अमरोहा पुलिस भी मुरादाबाद पुलिस का पूरा सहयोग कर रही है। बदमाशों का जल्द ही सुराग निकाल लिया जाएगा।

### हाइवे में ट्रैक्टर चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** हाइवे पर देर रात एक्सयूवी कार ने गलत दिशा में जाकर ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चला रहा किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया। घायल युवक की पिता की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर निवासी देवेंद्र सिंह का पुत्र अमनप्रीत मंगलवार की रात को साढ़े दस बजे खेत की जुताई करके ट्रैक्टर से वापस घर आ रहा था। उसने हाइवे स्थित एक दुकान से चिप्स आदि खरीदे, जैसे ही उसने ट्रैक्टर आगे बढ़ाया वैसे ही गलत दिशा में आ रही एक्सयूवी कार ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे में अमनप्रीत घायल हो गया, जबकि ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। अमनप्रीत के परिवार के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए। बताते हैं कि काफी देर तक हंगामे की स्थिति भी बनी रही। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि, तहरीर के आधार पर कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर की गई है।

# हादसे में शिक्षिका की मौत, पति व बच्चे घायल

## हल्द्वानी से लौटते ठाकुरद्वारा में खड़े ट्रक में घुसी कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ठाकुरद्वारा में प्राथमिक विद्यालय में तैनात नौगावां सादात क्षेत्र निवासी 48 वर्षीय शिक्षिका मंजू लता की भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई जबकि शिक्षक पति समेत बेटा-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार देर रात परिवार हल्द्वानी में एक परिचित के शादी समारोह में शामिल होकर ठाकुरद्वारा लौट रहा था। ठाकुरद्वारा से दो किमी पहले इनकी कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। आधी रात में मिली हादसे की खबर से परिजनों व रिश्तेदारों में को. हराम मच गया। पोस्टमार्टम के



बाद घर पहुंचे शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

मृतक शिक्षिका मंजू लता मूलरूप से नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव नौगावां तगा की निवासी थीं। वर्तमान में उनकी तैनाती ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र के गांव पंडितपुर के प्राथमिक विद्यालय में थी वहीं पति नरेश कुमार भी पेशे से शिक्षक हैं, फिलवक्त उनकी तैनाती ठाकुरद्वारा के ही नवोदय विद्यालय में चल रही है। दोनों के अलावा परिवार में बेटा कुशाग्र व बेटी कृतिका है। 25 वर्षीय कुशाग्र दिल्ली की एक यूनिर्वसिटी से ग्रेजुएशन कर रहा है जबकि 13 वर्षीय बेटी कृतिका काशीपुर स्थित गुरुकुल में कक्षा सात की छात्रा है। परिजनों के मुताबिक मंगलवार को पूरा परिवार हल्द्वानी में एक परिचित के शादी समारोह में शामिल होने गया। वहां से देर रात करीब एक बजे चारों ठाकुरद्वारा स्थित घर लौट रहे थे। ठाकुरद्वारा से करीब दो किमी दूर इनकी कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए जबकि कार में सवार शिक्षक दंपति समेत बेटा-बेटी गंभीर घायल हो गए। ठाकुरद्वारा पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से चारों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने शिक्षिका मंजू लता को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे के बाद यहां गांव में मौजूद परिजनों और रिश्तेदारों में चीख-पुकार मच गई। आधी रात में ही परिजन ठाकुरद्वारा के लिए रवाना हो गए। बुधवार शाम पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# मारपीट में सगे भाईयों समेत छह पर मुकदमा

## मजदूरी के पैसे मांगने पर दबंगों ने पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मारपीट के दो मामलों में पुलिस ने चार सगे भाइयों समेत छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। परिजन निजी अस्पतालों में घायलों का उपचार करा रहे हैं।

यह मामले रजबपुर व नौगावां सादात थाना क्षेत्र से जुड़े हैं। कस्बा नौगावां सादात के मोहल्ला गूला तालाब का रहने वाला गुड्डू पेशे से मजदूर है। वह मोहल्ले में ही रहने वाले ठेकदार शानू के साथ में मजदूरी करता है। शानू पर मजदूरी के पैसे बकाया थे। मंगलवार सुबह वह भाई के साथ पैसे मांगने शानू के पास गया था। आरोप है कि शानू ने अपने भाई मुजम्मिल, नसीम व ताहिर के साथ दोनों भाइयों को घेर लिया। दोनों की लाठी-डंडों से पिटाई की। हमले में गुड्डू व उसका भाई गंभीर घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी चार भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। मारपीट की दूसरी घटना रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी कलां की है। यहां रहने वाला चमन अतरासी-हसनपुर रोड पर अंडे का ठेला लगाता है। उसका आरा. प है कि मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे गांव देवीपुरा के रहने वाला आकाश अपने साथ राजपाल के साथ ठेले पर पहुंचा। पुराने मुकदमे की रंजिश में दोनों ने चमन की बेरहमी से पिटाई की। हमले में वह गंभीर घायल हो गया। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

# चोरी के मामले में दो को दो-दो साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पिछले साल चोरी के एक मामले में अदालत ने दो चोरों को दो साल दो माह व 11 दिन की सजा सुनाई। जबकि कोर्ट ने छह हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

मामला सैदनगली थाने से जुड़ा था। नौ सितंबर 2023 को थाने के एसएसआई बृजेश कुमार, दरोगा चुन्नीलाल व अरुण कुमार पुलिसकर्मियों के साथ चेकिंग कर रहे थे। जैसे ही पुलिस कर्मी गलसुआ चौराहे पर पहुंचे तभी सामने से चार लोग आते हुए दिखाई दिए। चारों अभियुक्तों ने अपना नाम सद्दाम निवासी ढ्योटी शेरपुर थाना बछरायूं, गुलफाम, रिजवान और सुहैल निवासी फीना कॉलोनी चांदपुर जिला बिजनौर बताया। चारों के कब्जे से चोरी की बाइक और एक तमंचा बरामद हुआ। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से सैदनगली थानाक्षेत्र के गांव ढक्का में किसान के घर में हुई चोरी से जुड़े सोने जेवरात और रुपये भी बरामद हुए थे। इन आरोपियों में संभल जिले के गांव एचोड़ा कम्बोह से दो हजार रुपये और सरसों का तेल चोरी किया था जबकि रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अहमदपुर में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने चारों अभियुक्तों के खिलाफ धोखाधड़ी, चोरी का सामान बरामद होने और अवैध तमंचा रखने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी। बाद में सभी को जेल भेज दिया था। फिलहाल, चारों जमानत पर जेल पर थे। मुकदमे की सुनवाई एसीजेएम तृतीय की अदालत में चल रही थी। अदालत ने अंतिम सुनवाई के दौरान सद्दाम और गुलफाम को चोरी व तमंचा रखने के आरोप में दोषी पाया। दोनों को 2 साल 2 महीना 11 दिन कारावास की सजा सुनाई तथा छह हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# बेटे की बारात से चार दिन पहले उठी मां की अर्थी

## भात न्यौतकर लौटते समय हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भात न्योत कर लौट रही दूल्हा की मां की सड़क दुर्घटना में मौत होने से खुशियों के माहौल में मातम छा गया। महिला की मौत से घर में रंजो गम की लहर दौड़ गई।

थाना गजरौला क्षेत्र के गांव चोहड़ निवासी अंकित पुत्र ऋषिपाल बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे अपनी मां संतोष के साथ कोतवाली हसनपुर के गांव सिरसा रुखालू में रहने वाले अपने मामा रामकिशोर के घर अपनी शादी का भात का न्योता देकर बाइक से लौट रहे थे। अलीगढ़ हसनपुर मार्ग पर जब वह गांव डगरौली के समीप पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे संतोष आयु 50 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अंकित की बारात 30 नवंबर को जानी थी। 29 नवंबर को उसकी लगन आनी थी। शादी में शिरकत करने के लिए रिश्तेदार आने शुरू हो गये थे। घर में खुशियां मनाई जा रही थी। लेकिन इस हादसे ने घर में खुशियों के माहौल को मातम में बदल दिया। संतोष अपने पीछे 7 बच्चों को छोड़ गई है। जैसे ही संतोष की मौत की खबर घर पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। हादसे में अंकित भी घायल हो गया है। पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई थी। पुलिस लाश का पंचनामा पोस्टपार्टम को भेजे जाने की तैयारी कर रही थी।

# दौड़ में सलोनी व सांची ने सबको पछाड़ा

## स्पोर्ट्स स्डेडियम में हुई खेलकूद प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** 400 व आठ सौ मीटर बालि. का वर्ग दौड़ में सलोनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि सब जूनियर में सांची पहले स्थान पर रही।

मालीखेड़ा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज अमरोहा विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर व चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने किया। जिपं अध्यक्ष ललित तंवर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेल से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, शारीरिक व मानसिक विकास होता है। खेलों के माध्यम से युवा अपने परिवार, जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस दौरान खेल प्रतियोगिता में बालक जूनियन 400 मीटर दौड़ में मुजसीम प्रथम, मनोज द्वितीय व शिवांशु तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर सीनियर बालिका में सलोनी प्रथम, सरीन द्वितीय व सिमरन तीसरे स्थान पर रहीं। 800 मीटर जूनियर बालिका में सलोनी प्रथम, महक द्वितीय व विनीता तृतीय रहीं। 800 मीटर सब-जूनियर बालिका में सांची, शुभी द्वितीय व प्राची तीसरे स्थान पर रहीं। 800 मीटर सीनियर बालिका में शबाना प्रथम, राधा द्वितीय व जिया तीसरे स्थान पर रहीं। 400 मीटर सीनियर बालिका में सलोनी प्रथम, शहरीन दूसरे व सिमरन तीसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में महेश खड्गवंशी, पिंटू भाटी, चमन कसाना, मनोज शर्मा, आयुष चौधरी, जिला युवा कल्याण अधिकारी श्री ऋषि कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री देशकांत त्यागी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार, गौरव कुमार, अंकुर प्रकाश, प्रदीप कुमार आदि अधिकारी भी मौजूद रहे।

### हादसे में दो मजदूर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** फैक्ट्री से डयूटी करके घर वापस जा रहे बाइक सवार दो मजदूरों को बोलेरो ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अहरौला अहमद यार खां निवासी सत्यपाल के पुत्र हरिओम व छज्जू के पुत्र संतोष हाइवे स्थित टीटी फैक्ट्री में मशीन पर काम करते हैं। मंगलवार की रात को करीब आठ बजे डयूटी समाप्त करके दोनों मजदूर एक ही बाइक पर सवार होकर हाइवे से रहमापुर होते हुए अपने गांव वापस जा रहे थे। रास्ते में बोलेरो कार ने टक्कर मारकर इन्हें घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गई, साथ ही पुलिस भी आ गई। पुलिस ने दोनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया।

## एक नजर

### संविधान दिवस पर किया बाबा साहेब का नमन



**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** 26 नवंबर को अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ इकाई गजरौला के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। संविधान दिवस पर संविधान को बचाने की शपथ ली गई। वक्ताओं ने कहा कि, बाबा साहब द्वारा लिखित संविधान में पुरुषों एवं महिलाओं को बराबर का अधिकार दिया गया है। उन्होंने अपना समूचा जीवन समाज और देश के उत्थान के लिए न्यौछावर कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि हमें बाबा साहब के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के संरक्षक डॉ.डीएस हर्ष, अध्यक्ष परमेश्वरी लाल, जयवीर सिंह कोषाध्यक्ष, मुकेश कुमार महामंत्री, प्रीतम सिंह, अशोक कुमार, चेतराम सिंह, ओमपाल सिंह, सतवीर सिंह आदि उपस्थित रहे ।

### संविधान की मूल प्रस्तावना का कराया पाठ




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** संविधान दिवस के अवसर पर नगर पालिका में उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार द्वारा भारत के संविधान की मूल प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कराया गया तथा पालिका कर्मियों को शपथ दिलाई गई। उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ष्हमारा संविधान ख्र हमारा स्वाभिमानष थीम के अंतर्गत प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में संविधान में निहित लोकाचार व मूल्यों के प्रति नागरिकों और कार्मिकों की प्रतिबद्धता को मजबूत करने हेतु अमरोहा में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### संविधान के प्रति छात्रों को किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बुधवार को नगर के अमर सिंह मेमो. रियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संविधान दिवस श्रद्धा और गंभीरता के साथ मनाया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने संविधान की एकता और अखंडता को मजबूत करने वाली भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है और संविधान इस विविधता को एक सूत्र में पिरोता है। शपथ के दौरान विद्यार्थियों में संविधान के प्रति सम्मान और देशहित में कार्य करने की भावना स्पष्ट देखी गई। कार्यक्रम में डॉ. रूपा, चांदमोहन, डॉ. दिशांत, निसार अहमद, जितेंद्र सिंह, निसीन सैनी, सरपाल सिंह, आचल अग्रवाल सहित अनेक शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ मौजूद रहा।

# भ्रष्ट पुलिस कर्मियों को बचाने में लगे अफसर

## मीट विक्रेता को सवा लाख लेकर छोड़ा था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** लाइसेंसी मीट विक्रेता को पुलिस हिरासत में लेकर सवा लाख रूपये रिश्वत लेकर छोड़ने के मामले में जांच के बाद बयान दर्ज कराने सीओ कार्यालय पहुंचे मीट विक्रेता के बयान दर्ज नहीं हो सके। जबकि वह घंटों यहां बैठा रहा।

गौरतलब है कि शहर में धनौरा मार्ग पर मोहल्ला लकड़ा निवासी उबैद की लाइसेंसी मीट की दुकान है। करीब महीना भर पहले शहर कोतवाली के तीन चर्चित सिपाही उसे दुकान से जबरन उठाकर ले गए थे। उन्होंने अपने एक परिचित दुक. ानदार से मांस मंगाकर उबैद पर फर्जी मुकदमा दर्ज करवा दिया था। बाद में जेल भेजने के अलावा लाइसेंस निरस्त कराने की धमकी देकर 1.20 लाख रुपये ले लिए थे। उबैद ने उधार लेकर इन पैसों का इंतजाम किया था। शुरुआत में सिपाहियों ने उससे दो लाख रुपये मांगे थे लेकिन फिर 1.25 लाख रुपये में छोड़ने का सौदा कर लिया था। रात में करीब नौ बजे पैसे मिलने के बाद सिपाहियों ने उसे कोतवाली से जमानत दिलवाते हुए बमुश्किल छोड़ा था। इसके अगले दिन भी सिपाही उसकी दुकान पर पहुंचे थे और बकाया पांच हजार रुपये देने के लिए दबाव बनाया था। इनकार करने पर सिपाही उसकी दुकान से इलेक्ट्रानिक कांटा उठाकर ले गए थे। पीड़ित दुकानदार उबैद ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। एसपी के आदेश

**■ घंटों सीओ कार्यालय में बैठने के बाद भी नहीं दर्ज हुए बयान**

पर सीओ सिटी अभिषेक यादव द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है। चर्चा है कि मंगलवार रात सीओ ने तीनों सिपाहियों सूरज चौधरी, नितिन व शिवांग को कार्यालय में तलब करते हुए उनके बयान दर्ज कर लिए हैं वहीं बुधवार दोपहर में उबैद को भी सीओ कार्यालय बुलाया गया था। लिहाजा, वह भी सीओ कार्यालय पहुंचा था लेकिन काफी देर बैठाने के बाद उसे बिना बयान दर्ज किए लौटा दिया गया। बताते चलें कि इन चर्चित सिपाहियों में एक का तबादला नौगांवा थाने को हो गया परन्तु उसे रिलीव नहीं किया गया। उधर, चर्चा ये भी है कि अवैध वसूली की जांच में घिरे सिपाहियों के कुछ वर्दी वाले दोस्त भी उबैद पर मामले में समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। मंगलवार को उसे कोतवाली में बुलाकर भी खूब हड़काया गया है। जुबान खोलने पर लाइसेंस निरस्त करने के अलावा बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है।

# राजीव शर्मा हत्याकांड में चार दोषी करार

## तीन साल पुराने हत्याकांड में अदालत का फैसला, सजा पर आज होगी बहस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ईसापुर सुनवारी के चर्चित राजीव शर्मा हत्याकांड में अदालत ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया। अपर जिला सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट प्रथम) ने पत्रावली और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी सोमपाल, कुंवरपाल, विजेंद्र और विकास को दोषी करार देकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सजा पर अदालत आज सुनवाई करेगी।

मामला ईसापुर सुनवारी संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र का गांव है। जहां पर स्व.उमराव शर्मा का परिवार रहता है। उनके बेटे जयदेव शर्मा 25 फरवरी 2022 को वह अपने भाई राजीव शर्मा और गांव के ही रहने वाले सोमपाल के साथ पड़ोस में रहने वाले भगवान शरन की बेटी प्रियंका की हत्या से जुड़े मुकदमे में समझौते को पूर्व विधायक के मकान पर बैठी एक पंचायत में आए थे। शाम में करीब पांच बजे का वक्त था, जयदेव शर्मा, राजीव शर्मा और सोमपाल एक ही बाइक पर सवार होकर ढबारसी से संभल की ओर जा रहे थे। रास्ते में पांडली से सिरसा रोड पर जाने वाली सड़क पर बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने राजीव शर्मा के पेट में गोली मार दी थी। इसके बाद राजीव शर्मा बाइक से उतर खेत की तरफ भागे तो पीछे दौड़े बदमाशों ने पकड़ने के बाद कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले में जयदेव शर्मा ने शुरुआत में अज्ञात हत्यारों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान गांव के ही रहने वाले सोमपाल, पूर्व प्रधान पति कुंवरपाल, विकास और विजेंद्र को गिरफ्तार कर इस हत्याकांड का खुलासा किया था। चारों ने योजना बनाकर राजीव शर्मा की हत्या की थी। चारों हत्यारोपियों को जेल भेज दिया था। फिलहाल चारों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम की अदालत में चल रही थी। बुधवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने सोमपाल, कुंवरपाल, विजेंद्र और विकास को दोषी करार दिया। इसके बाद दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर अदालत गुरुवार को सुनवाई करेगी।

# भजनों की सुरधारा पर जमकर झूमे भक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के प्रतिष्ठित गढ़ी मंदिर परिसर में मंगलवार की रात भक्ति, भाव और भव्यता का अनूठा संगम देखने को मिला। श्री खाटू श्याम मित्र मंडल द्वारा लखदातार श्याम बाबा के चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर बेंगलुरु के रंग-बिरंगे फूलों से खूबसूरत श्रृंगार किया गया।

भक्तों को भक्तिरस में डुबाने के लिए आयोजित संगीतमयी संकीर्तन में श्रीधाम वृंदावन से आई सुप्रसिद्ध भजन गायिका खुशबू राधा ने जब घर से मैं लाया दो रोटी सांवरे और हाथों में प्रसाद है मेरे बाबा तुम्हारा जैसे भजनों की प्रस्तुति दी तो श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो उठे। भजन गायक दीपक

### वार्षिकोत्सव में फूलों का भव्य श्रृंगार



शर्मा ने भक्तों ने मिल-जुल कर उत्सव मनाया है तथा मेरी झोली भर दीजिए श्याम बाबा सुनाकर माहौल को और भी भक्तिमय कर दिया। अर्पित कौशिक की आवाज में श्याम के दर पे जा करके ग्यारस अर्जी लगा करके और सौरभ कौशिक के छोड़ दे चिंता यार, सांवरिया बैठा हैं ने पंडाल में बैठे हर भक्त को भाव-विभोर कर दिया। महिला भजन गायिका मीनू शर्मा द्वारा मेरी जो लाज है बाबा तेरे हाथ हैं पर भक्तगण तालियों और नृत्य से झूमते रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार, सर्वेश शर्मा, सचिन, नीरज रस्तोगी, पीतम सिंह, विशाल, नूतन, हर्ष, राखी, रिंकी, प्रीति, नरेंद्र, विनीत, आशु, सुमित, मनोज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। जिसके बाद पंडाल में तालियों की गड़गड़ाहट लंबे समय तक गूंजती रही। भजनों की मधुर धुन, फूलों की महक और भक्ति की दिव्यता से सजा यह वार्षिकोत्सव देर रात तक भक्तों को श्याम रंग में रंगता रहा।

# द. अफ्रीका का क्लीन स्वीप, भारत में 25 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज

## दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन भारतीय टीम को दूसरी पारी में 63.5 ओवर में 140 रन पर ढेर कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की



**गुवाहाटी, वार्ता।** साइमन हार्मर (छह विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बुधवार को भारतीय टीम को दूसरी पारी में 63-5 आवर में 140 रन पर ढ़ेर कर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दो मैचों की सीरीज भी 2-0 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने 25 सालों के बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीती है।

रनों के लिहजा से भारत की यह सबसे बड़ी हार है। मार्को यानसन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा सीरीज में कुल 17 विकेट लेने वाले साइमन हार्मर को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। चायकाल के बाद भारत का छठा विकेट साई सुदर्शन के रूप में गिरा। उन्होंने 139 गेंदों में एक चौके की मदद से 14 रन बनाए। वॉशिगटन सुदंर 44 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुए। 62वां ओवर कर रहे केशव महाराज की पहली गेंद पर छक्का लगाकर रवींद्र जडेजा ने अपना अर्धशतक पूरा किया। अगले ही ओवर में हार्मर, नीतीश कुमार रेड्डी को बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटा दिया। इसी के साथ छठी सफलता हार्मर के नाम रहीं। 64वें ओवर की पहली गेंद पर केशव महाराज ने रवींद्र जडेजा को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। रवींद्र जडेजा ने 87 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 54 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर महाराज ने को आउटकर 140 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। पहले टेस्ट में टेम्बा बवुमा ने अर्द्धशतकीय पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई तो वहीं गुवाहाटी टेस्ट में पारी लड़खड़ाने के बाद मुथुसामी और यानसन ने दक्षिण अफ्रीका को एक बड़े स्कोर पर पहुंचा और दोनों ही मैचों में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजो विशेषकर यानसन और हार्मर ने भारतीय बल्लेबाजों की नाक में दम कर रख दिया और एक ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत हासिल कर ली। 13 महीने के अंदर घर पर भारत को दूसरी बार किसी टीम ने टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले अक्तूबर-नवम्बर 2024 में न्यूजीलैंड ने भारत को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराया था।

हार्मर ने भारत में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे अधिक टेस्ट विकेट लिए हैं, उन्होंने डेल स्टेन को पीछे छोड़ दिया है । बिना कोई टेस्ट हारे कप्तान के तौर पर सबसे अधिक टेस्ट जीत - बावुमा 12 मैचों में 11 जीत के साथ सबसे आगे हैं, वह माइक ब्लेयरली के साथ थे जिन्होंने इससे पहले 15 में से 10 जीत हासिल की थीं। द- अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम पहली पारी 201 रन पर सिमट गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को फॉलोऑन नहीं खिलाते हुए दूसरी पारी में पांच विकेट पर 260 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। इसी के साथ उसने पहली पारी के आधार पर मिली 288 रन की बढ़त मिली और उसने भारत के सामने 549 रन का लक्ष्य रखा था। दक्षिण अफ्रीका के लिए साइमन हार्मर ने 23 ओवर में 37 रन देकर छह विकेट लिए। केशव महाराज को दो विकेट मिले। सेनुरन मुतुसामी और मार्को यानसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले हार्मर की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत का चायकाल के समय तक 90 के स्कोर पर पांच विकेट कर दिया था। भारत ने आज सुबह कल के 27 रन पर दो विकेट से आगे खेलना शुरु किया। पहले सत्र की शुरुआत में 24वें ओवर में साइमन हार्मर ने कुलदीप यादव (पांच) को बोल्ड कर भारत को तीसरा झटका दिया। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने ध्रुव जुरेल (दो) को एडन मारक्रम के हाथों कैच आउट भारत के मैच ड्रा कराने की उम्मीदों को करारा झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान ऋषभ पंत ने साई सुदर्शन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया और इसी दौरान एक चौका और एक छक्का लगाते हुए तेज शुरुआत का संकेत भी दिया। 32वें ओवर की दूसरी गेंद पर हार्मर ने पंत को मारक्रम के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पांचवां झटका दिया। पंत ने 16 गेंदों मे 13 रन बनाए। कुछ देर पिच पर जमने के बाद रवींद्र जडेजा ने भी हाथ खोला और 43वां शुरु कर रहे केशव महाराज की पहली ही गेंद छक्का जड़ा दिया। भारत ने चायकाल तक पांच विकेट पर 90 रन बनाए और साई सुदर्शन 138 गेंदों में (14) तथा रवींद्र जडेजा 40 गेंदों में (30) मैच बचाने के लिए संघर्ष करते दिखे। प्लेयर ऑफ द सीरीज साइमन हार्मर ने कहा कि जैसा कि मैंने पिछले टेस्ट मैच के बाद कहा था कि मैं काफ़ी लंबी यात्रा कर यहां पहुंचा हूं। भारत जैसी टीम के खलिाफ़ प्रदर्शन कर अच्छा कर रहा है। टीम के लिए योगदान देकर खुश हूं। स्लिप में मारक्रम ने कुछ अच्छे कैच पकड़े और यानसन ने भी अच्छे कैच पकड़े, यह पूर्ण रूप से एक टीम एफ़र्ट था।

---

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### खिलाड़ी और टीम के तौर पर हम बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाए: ऋषभ पंत

**गुवाहाटी, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली 408 रनों मिली हार पर कहा कि एक खिलाड़ी और टीम के तौर पर हम बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू जमी पर टेस्ट सीरीज हारने के बाद भारतीय कप्तान पंत ने कहा कि यह निराशाजनक है लेकिन एक टीम के तौर पर हमें बेहतर रहना होगा। विपक्षी टीम को भी श्रेय जाता है जिस तरह से उन्होंने इतनी अच्छी क्रिकेट खेली। दक्षिण अफ्रीका की टीम निश्चित तौर पर हावी रही लेकिन घर पर खेलते हुए भी आप विपक्षी टीम को हल्के में नहीं ले सकते। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेली, आप क्रिकेट में किसी को भी हल्के में नहीं ले सकते मुकाबले में कुछ वैसे पल होते हैं जहां आपको एक खिलाड़ी और टीम के तौर पर मौकों को भुनाना होता है लेकिन हम इसमें बेहतर नहीं कर पाए।

#### गुजरात ने सर्विसेज को हराया

**हैदराबाद, वार्ता।** कप्तान उर्विल पटेल (नाबाद 119) रनों आतिशी बल्लेबाजी के दम पर गुजरात ने बुधवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सर्विसेज को 45 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए आर्य देसाई और कप्तान उर्विल पटेल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 174 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम के जीत की मजबूत नींव रखी। 12वें ओवर की चौथी गेंद पर मोहित राठी ने आर्य देसाई को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। आर्य देसाई ने 35 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लागते हुए 60 रनों की पारी खेली। राठी ने इसी ओवर 5वींगेंद पर रिपल (शून्य) को आउटकर गुजरात को दूसरा झटका दिया।

---

## मारक्रम एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच लेने वाले पहले द. अफ्रीकी खिलाड़ी बने



एडन मारक्रम

● **ऐडन मारक्रम ने बरसा पारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी में 5 कैच पकड़े**

**गुवाहाटी, वार्ता।** एडन मारक्रम ने बुधवार को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में क्षेत्ररक्षक के तौर पर एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक नौ कैच लेने का कारनाम किया है, वह ऐसा करने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले खिलाड़ी है। इसके साथ ही उन्होंने अजिक्या रहाणे के विश्व रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने आज यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान पांच कैच पकड़े। इसके बाद दूसरी पारी में उन्होंने चार कैच लेते हुए अपने कैच की संख्या 9 कर ली। मार्करम से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच लेने का रिकॉर्ड बर्ट वोग्लर के नाम था। जनवरी 1910 में डरबन में इंग्लैंड के खिलाफ वोग्लर ने छह कैच लिए थे। उनके छह कैच की बराबरी ब्रूस मिशेल ने 1931 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, जैक्स कैलिस ने जनवरी 2012 में श्रीलंका के खिलाफ, ग्रीम स्मिथ ने नवम्बर-दिसम्बर 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूएसीए (पर्थ) में और डेविड बेडिंघम ने जनवरी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ की थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने देश के पांच दिग्गजों को पछाड़ दिया है। टेस्ट सीरीज में भारत का सुपड़ा साफ करने के बाद मारक्रम ने कहा कि यह बहुत अच्छा लग रहा है। सच कहूं तो सभी ने बहुत अच्छा प्रयास किया। भारत आकर जीतना कोई आसान काम नहीं था। मुझे लगता है कि रास्ते में कुछ अच्छे पलों के लिए अच्छी किस्मत की जरूरत थी। अब हम यहां हैं, टीम पर बहुत गर्व है। इसमें से बहुत कुछ कंडीशन के बारे में पहले से बनी सोच का नतीजा नहीं था। स्पिन और नई बॉल के साथ क्वालिटी सीमर के बारे में बहुत सारी बातें हुईं। आप अपनी पहली गेंद का सामना करने से पहले अपने मन में कोई डर नहीं रखना चाहते। मुझे यह नहीं पता था (रिकॉर्ड संख्या में कैच)। उन्होंने कहा कि अगर सही जगह गेंद डाले तो गेंदबाज को क्रेडिट जाता है और आप उन्हें पकड़ने और उन्हें खुश करने का प्रयास करते हैं। गेंद को अलग-अलग तरीकों से स्पिन करने से ऐसे कंडीशन में मदद मिलती है।

## यह जीत एक टीम के तौर पर बड़ी उपलब्धि है: बवुमा




**गुवाहाटी, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका टीम के कप्तान टेम्बा बवुमा ने बुधवार को भारत पर मिली 408 रनों की ऐतिहासिक जीत को बड़ी उपलब्धित करार दिया है। मैच के जीतने के बाद बवुमा ने कहा, यह एक बड़ी जीत है, खासतौर पर ऐसी स्थिति में जब मैं पिछले कुछ महीनों से खेल से बाहर थे। भारत में मिली यह जीत खास है। एक टीम के तौर पर हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हमारे माइंडसेट में बड़ा बदलाव आया है और हमारी तैयारी भी अच्छी है। खिलाड़ियों को पता है कि उनकी भूमिका क्या है और हर कोई टीम के लिए योगदान देने के लिए तत्पर रहता है। एक टीम के तौर पर हम बेहतर स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि एक कप्तान के तौर पर किसी गेंदबाज के हाथ से गेंद लेकर किसी और को देना कठिन होता है क्योंकि इस टीम में हर कोई अपना योगदान देना चाहता है। साइमन के पास 2015 में भारत में खेलने का अनुभव था और वह केशव का बढ़िया साथ दे रहे हैं।

---

## हार की जिम्मेदारी सभी को लेनी चाहिए: गंभीर



● **मैंने कभी किसी एक इंसान को दोष नहीं दिया और आगे भी ऐसा नहीं करुंगा**

**गुवाहाटी, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से सीरीज हार के बाद आलोचनाओं के बीच कहा कि इस हार की जिम्मेदारी सभी को लेनी चाहिए। आज यहां दूसरे टेस्ट में भारत की 408 रन से हार के बाद उनके भविष्य को लेकर गंभीर ने कहा कि यह बीसीसीआई को तय करना है। मैंने पहले भी यह कहा है, भारतीय क्रिकेट जरूरी है, मैं जरूरी नहीं हूं। मैं वही आदमी हूं जिसने इंग्लैंड में नतीजे हासिल किए, चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीता। यह एक ऐसी टीम है जो सीख रही है।

हार को सबकी कमियों बताते हुए गंभीर ने कहा कि तीसरे दिन भारत का 95/1 से 122/7 पर आना और मजबूत एग्जिक्यूशन की जरूरत को दिखाता है। उन्होंने कहा कि गलती सबकी है, सबसे पहले मैं। 95/1 से 122/7 तक जाना मंजूर नहीं है। आप किसी एक इंसान या किसी खास शॉट को दोष नहीं दे सकते। गलती सबकी है। मैंने कभी किसी एक इंसान को दोष नहीं दिया और आगे भी ऐसा नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए आपको सबसे तेज-तर्रार और टैलेंटेड क्रिकेटरों की आवश्यकता नहीं है। हमें कम स्किल वाले मजबूत लोगों की जरूरत है। वे अच्छे टेस्ट क्रिकेटर बनते हैं। उन्होंने पूरे देश में रेड-बॉल क्रिकेट को प्राथमिकता देने में बदलाव लाने की अपील करते हुए कहा कि अगर आप सच में टेस्ट क्रिकेट को लेकर सीरियस हैं, तो टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देना शुरू करें। सबके प्रयास की जरूरत है। आप केवल खिलाड़ियों या किसी खास इंसान को दोष नहीं दे सकते। वहीं भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच श्रीकांत ने गंभीर पर बहुत अधिक प्रयोग करने का आरोप लगाया और कहा कि चयन में लगातार बदलाव से टीम की स्टेबिलिटी खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि गंभीर भले ही बदलावों को 'ट्रायल एंड एरर' कहें, लेकिन उनका अपना अनुभव बताता है कि कंसिस्टेंसी से कोई समझौता नहीं किया जा सकता, खासकर उस टीम में जो अब अपने पिछले 18 टेस्ट में से नौ हार चुकी है, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ़ घरेलू मैच में क्लीन स्वीप भी शामिल है। श्रीकांत ने ऑलराउंडर्स की ओर बढ़ते झुकाव की आलोचना की। हर्षित राणा और नीतीश रेड्डी के पर्दापण और सरफराज खान, साई सुदर्शन और कुलदीप यादव के लिए कम मौकों का हवाला दिया। उन्होंने कोलकाता में वाशिंगटन सुंदर के नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने और फिर नीचे भेजे जाने जैसे पोजिशनल बदलावों पर भी सवाल उठाए। श्रीकांत नीतीश रेड्डी के सिलेक्शन को लेकर खास तौर पर नाराज थे, उन्होंने एक ऑल-राउंडर के तौर पर उनकी काबिलियत पर सवाल उठाया और पूछा कि उन्हें हार्दिक पांड्या की जगह कैसे लिया जा सकता है।

## भारोत्तोलन में गोलोम ने स्वर्ण व रिकी ने जीता रजत पदक

● **महिलाओं की 48 किग्रा. वर्ग में रिकी नायक ने रजत पदक अपने नाम किया**

**राजस्थान, वार्ता।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में अरुणाचल प्रदेश के 19 वर्षीय गोलोम टिकू ने पुरुषों के 60 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रिकी नायक का रजत पदक अपने नाम किया। वली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) का प्रतिनिधित्व करते हुए गोलोम टिकू ने मंगलवार को कुल 256 किग्रा (स्नैच 112 किग्रा( क्लीन एंड जर्क 144 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने नजदीकी प्रतिद्वंद्वी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के खुम्भेस्वर मलिक (223 किग्रा) से 33 किग्रा अधिक वजन उठाया जबकि सीटी यूनिवर्सिटी के सचिन कुल 214 किग्रा वजन के साथ कांस्य पदक ही हासिल कर सके। 19 वर्ष की उम्र में ही उन्हें भारी मुश्किलों से गुजरना पड़ा। 2016 में अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले के अपने गोडक गांव में एक हादसे में उनके पिता का निधन हो गया था। उसी दौरान उन्होंने वेटलिफ्टिंग की बुनियादी ट्रेनिग शुरू ही की थी। पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर के गोलोम अपने बड़े भाई और बहन से प्रेरित थे। उन्होंने तीन साल तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के नाहरलागुन कैंपस में प्रशिक्षण लिया और फिर सेकंद. राबाद के एओसी सेंटर में शिफ्ट हो गए। स्वर्ण जीतने के बाद गोलोम ने साई मीडिया से कहा कि मेरी बहन वहां कराटे करती थी और बड़ा भाई बैडमिंटन खेलता था। मैं सिर्फ उन्हें देखने जाता था। एक दिन एक कोच ने मुझसे पूछा-क्या तुम वेटलिफ्टिंग करना चाहोगे बस यहीं से मेरी यात्रा शुरू हुई। अब तक गोलोम एशियाई चैम्पियनशिप में तीन पदक (एक रजत, दो कांस्य) जीत चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2023 में कुल 230 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक भी जीता। इस समय गोलोम पुणे के आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनका मानना है कि खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में भाग लेना आगामी सीनियर नेशनल्स से पहले उनके लक्ष्यों में शामिल एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि थी।

---

## फीबा विश्व कप 2027 क्वालिफायर में भारतीय टीम का पहला मुकाबला सऊदी अरब से

● **क्वालिफीकेशन का यह चरण फीबा बास्केट विश्व कप 2027 के लिए 32 में से 31 जगहों का फैसला करेगा**

**सऊदी अरब, वार्ता।** भारतीय बास्केटबॉल टीम गुरुवार से शुरू हो रहे फीबा विश्व कप 2027 क्वालिफायर के शुरुआत चरण में सऊदी अरब से दो बार भिड़ेगी। भारतीय टीम का पहला मैच रियाद में और फिर रविवार को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में दूसरा मैच खेला जाएगा। क्वालिफिकेशन का यह चरण फीबा बास्केटबॉल विश्व. कप 2027 के लिए 32 में से 31 जगहों का फैसला करेगा। कतर को टूर्नामेंट में मेजबान देश के रूप में पहले ही प्रवेश मिल चुका है। अफ्रीका, एशिया और ओशिनिया, यूरोप और अमेरिका की कुल 80 टीमें क्वालिफाइंग चरण में मुकाबला कर रही हैं। भारत उन 16 टीमों में से एक है जो फीबा एशिया और ओशिनिया क्वालिफायर में हिस्सा ले रही हैं। भारतीय टीम को लेबनान, सऊदी अरब और कतर के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। वहीं ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, गुआम है। ग्रुप बी में जापान, चीन, दक्षिण कोरिया, चाइनीज ताइपे तथा ग्रुप सी में ईरान, जॉर्डन, सीरिया, इराक। वर्ल्ड नंबर 30 लेबनान इंडिया के ग्रुप में सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है। सऊदी अरब और कतर क्रमशः 64वें और 83वें रैंक पर हैं, जबकि इंडिया वर्ल्ड नंबर 76 पर है। सभी टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में अपने-अपने ग्रुप की दूसरी टीमों से दो बार भिड़ेंगी, जिसमें शीर्ष तीन टीमें दूसरे राउंड में पहुंचेंगी। दूसरा राउंड, जो क्वालिफिकेशन चरण के आखिरी तीन विडो के साथ खत्म होगा। उसमें 12 टीमें होंगी जिन्हें छह-छह टीमों के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। हर दूसरे राउंड के ग्रुप में वे टीमें होंगी जो पहले राउंड के चार पूल से आगे बढ़ी हैं और पिछले सभी नतीजे आगे बढ़ाए जाएंगे। इसके बाद टीमें उन तीन दूसरी टीमों के खिलाफ होम-एंड-अवे मैच खेलेंगी जिनका उन्होंने अभी तक सामना नहीं किया है। हर दूसरे राउंड के ग्रुप की टॉप तीन टीमें और चौथे नंबर की सबसे अच्छी टीम मेजबान कतर के साथ फीबा विश्व कप 2027 के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करेंगी। भारत ने फीबा विश्वकप 2027 क्वालिफायर के शुरुआती चरण में सऊदी अरब के खिलाफ अपने पहले दो मैचों में मुकाबला करने के लिए 12 सदस्ईय बास्केटबॉल टीम इस प्रकार है:- इंडियन बास्केटबॉल टीम: सहायज प्रताप सिंह सेखों, हर्ष डागर, मुईन बेक हफीज, कंवर गुरबाज सिंह संधू, अरविंद कुमार मुथुकृष्णन, साहिल, पलप्रीत सिंह बराड़, प्रत्यांशु तोमर, प्रणव प्रिंस,

## कोहली पहुंचे रांची एक झलक पाने को बेकरार दिखे फैंस

**रांची, वार्ता।** झारखंड की राजधानी रांची के जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम में 30 नवम्बर को होने वाले भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच को लेकर खेल प्रेमियों का यहां उत्साह चरम पर हैं। भारतीय टीम के खिलाड़ियों के रांची आने का सिलसिला जारी हैं। इसी बीच टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली आज सुबह रांची एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान को. हली के फैंस उनकी एक झलक पाने को बेकरार दिखे। बड़ी संख्या में एयरपोर्ट पर विराट को. हली को देखने के लिए भीड़ उमड़ी। सुरक्षा घेरा बेहद मजबूत था, इसलिए विराट को बिना रुके सीधे बाहर ले जाया गया और उन्हें होटल रेडिशन ब्लू पहुंचाया गया। इससे पहले मंगलवार देर शाम प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और तिलक वर्मा रांची पहुंच चुके थे। सभी

## टीम खिताब के बचाव की तैयारी कर रही है: सूर्य



● **मैं इस बार टीम का नेतृत्व करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह बहुत रोमांचक करने वाला है**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब का बचाव करने के लिए राष्ट्रीय टीम की अगुवाई को लेकर उत्साहित हैं। खास कार्यक्रम के दौरान सूर्यकुमार ने कहा कि मेरा मतलब है, उस टी-20 विश्वकप में जाना एक बड़ी चुनौती है। मैं इस बार टीम का नेतृत्व करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह बहुत रोमांचक होने वाला है। उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्वकप 2024 में भारत की जीत को याद करते हुए कहा कि मुझे उस ट्रॉफी को देखकर बहुत मोटिवेशन मिलता है। जब हम वेस्ट इंडीज (2024 इवेंट के को-होस्ट) पहुंचे और हर बार जब हमारा राष्ट्र गान बजाया जाता था तो हमारी नजर इस सिल्वरवेयर पर होती थी। हर बार। क्रिकेटर ने आगे कहा कि हमने सोचा है कि जैसे ही हम फाइनल आए, हमें यह ट्रॉफी जीतनी है। और इसे फिर से करीब से देखने के बाद, इससे मुझे बहुत मोटिवेशन मिलता है। वह भी भारत में खेलते हुए मुझे लगता है कि यह बहुत रोमांचक होने वाला है। उन्होंने कहा कि लड़के बहुत उत्साहित हैं। हर कोई टी-20 विश्व कप में जाने वाली इस टीम का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्सुक है। मैंने बहुत सारे अनुभव शेयर किए हैं। मैं 2023 में एक शानदार टीम का हिस्सा था, जब हमने भारत में एकदिवसीय विश्व कप खेला था। माहौल बिल्कुल अलग था। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे कहा है कि यह बिल्कुल अलग गेम है। हां, फैंस वैसे ही होंगे (टर्नआउट में), जैसा आप फ्रेंचाइजी क्रिकेट में देखते हैं, लेकिन जब भारत आता है, जब आप देश के लिए खेलते हैं।

### उत्तर प्रदेश ने गोवा को छह विकेट से हराया

**कोलकाता, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद आर्यन जुयाल (नाबाद 93) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर उत्तर प्रदेश ने बुधवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में गोवा को 10 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में कप्तान करण शर्मा (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए बल्लेबाजी करने आए प्रियम गर्ग ने आर्यन जुयान के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 71 रन जोड़े। छठें ओवर में दीपराज गांवकर ने प्रियम गर्ग 14 गेंदों में 28 रन को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। समीर रिजवी ने 26 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 38 रन बनाए। उन्हें 15वें ओवर में दीपराज गांवकर ने आउट किया। रिकू सिंह चार रन बनाकर आउट हुए।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

गुरुवार, 27 नवम्बर 2025

## उलझें नहीं

देश के नौ राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया जारी है। बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म वितरित कर रहे हैं, पर आधार कार्ड को लेकर मतदाताओं में भ्रम है, क्या केवल आधार कार्ड से ही मतदाता सूची में नाम शामिल करवाया जा सकता है चुनाव आयोग के अनुसार लगभग 99 फीसदी फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं और अब फॉम संग्रह करने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि एसआईआर फॉर्म भरने में बीएलओ मतदाताओं की मदद कर रहे हैं, लेकिन फिर भी फॉर्म भरने को लेकर मतदाताओं में कन्फ्यूजन है। यह सवाल किए जा रहे हैं कि क्या आधार कार्ड रहने से ही वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवाया जा सकता है या फिर अन्य डाक्यूमेंट्स की जरूरत पड़ेगी। चुनाव आयोग के निर्देश और भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, आधार कार्ड अकेले किसी को वोटर बनने के योग्य नहीं बनाता है, हालांकि एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आधार कार्ड का उपयोग अधिनियम के अनुरूप है। आधार अधिनियम के सेक्शन-9 में कहा गया है कि आधार कार्ड को डोमिसाइल या सिटीजनशिपका प्रमाण नहीं माना जा सकता है। हालांकि बीएलओ की ओर से मतदाताओं को जो गणना प्रपत्र दिए जा रहे हैं। उसमें नाम के बाद दूसरा कालम आधार कार्ड है और मतदाताओं को अपना आधार कार्ड नंबर लिखने के लिए कहा गया है, लेकिन इस एसआईआर की प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण पार्ट है। वह है कि यदि आप मतदाता हैं, तो अपना वर्तमान एपिक नंबर लिखें और 2002-2003 की एसआईआर के लिस्ट में आपका नाम है, तो उसका विवरण फॉर्म के निचले हिस्से में दाएं ओर लिखें और यदि आपका नाम नहीं है, तो अपने माता-पिता, दादा -दादी या फिर नाना-नानी जिनका भी 2002-2003 के वोटर लिस्ट में नाम है। उसे फॉर्म के नीचे बाईं ओर लिखें और उनका वोटर कार्ड नंबर, मतदान केंद्र का नाम, पार्ट नंबर और सीरियल नंबर आदि का उल्लेख करें। यदि 2002 या 2003 के वोटर लिस्ट नाम नहीं तो भी आप फॉर्म भरें और उसे बीएलओ को जमा दें। उसके बाद आपको नोटिस जारी किया जाएगा और फिर डोक्यूमेंट का सत्यापन किया जाएगा, लेकिन आधार कार्ड को लेकर चुनाव आयोग का साफ निर्देश है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में वोटर लिस्ट में केवल आधार के आधार पर किसी व्यक्ति का नाम शामिल नहीं किया जाएगा। चुनाव आयोग ने मान्य 13 दस्तावेजों की लिस्ट जारी की है। यदि 2002 और 2003 के वोटर लिस्ट में नाम नहीं है, तो सुनवाई के दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के लिए ये दस्तावेज साक्ष्य के रूप में पेश किया जा सकता है। ऐसे सभी वोटर जिनके नाम साल 2003 के वोटर लिस्ट से मिलान या लिंक हैं। उन्हें संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ की तरफ से सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। सुनवाई के दौरान उस शख्स को इन 12 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज पेश करना होगा और उनका सत्यापन किया जाएगा। दस्तावेजों की लिस्ट किसी भी सेंट्रल गवर्नमेंट/स्टेट गवर्नमेंट/पीएसयू के रेगुलर एम्प्लाई/ पेंशनर को जारी किया गया कोई भी आइडेंटिटी कार्ड, पेंशन पेमेंट ऑर्डर। इंडियन गवर्नमेंट/बैंक/लोकल अथारिटी/पीसीयू द्वारा जारी किया गया कोई भी आइडेंटिटी कार्ड/ सर्टिफिकेट/ डाक्यूमेंट्स। काम्पिटेंट अथारिटी द्वारा जारी किया गया बर्थ सर्टिफिकेट। पासपोर्ट। रिकाग्नाइज्ड बोर्ड/ यूनिवर्सिटी द्वारा जारी किया गया मैट्रिकुलेशन/एजुकेशनल सर्टिफिकेट। स्टेट अथारिटी द्वारा जारी किया गया परमानेंट रेजिडेंट सर्टिफिकेट। फारेस्ट राइट्स सर्टिफिकेट। ओबीसी/ एसटी/एससी या कोई भी कास्ट सर्टिफिकेट।

### संविधान के खिलाफ था संघ



आरएसएस ने संविधान को पाश्चात्य मूल्यों को आधारित बताया था और संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर का पुतला फूंका था, भारत रत्न डा. अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरु और डा. राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा के साथ मिलकर संविधान का ही नहीं, एक ऐसे भारत का निर्माण किया, जहां लोकतंत्र सर्वोपरि है, भारत न्याय, समानता, आजादी, परस्पर भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद भारत की पहचान बन गया था, लेकिन आज ये पहचान खतरे में है, जब संविधान लागू हुआ था, तब आरएसएस जैसे संगठन खुले तौर पर कहते थे कि संविधान पाश्चात्य मूल्यों पर आधारित है और उनका आदर्श तो मनुस्मृति है, इतिहास गवाह है कि आरएसएस संविधान के खिलाफ था।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## बाल उत्पीड़नः समस्या कितनी गहरी है





**रजनीश कपूर**

कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने बाल यौन शोषण पर दायर एक याचिका सुनते हुए कड़ी टिप्पणी की और संबंधित कानूनी एजेंसियों को इन शिकायतों को गंभीरता से लेने के लिए कहा। भारत में आध्यात्मिक, धार्मिक. शैक्षणिक संस्थानों में हो रहे बाल उत्पीड़न का प्रश्न सिर्फ अपराध का नहीं, बल्कि सत्ता, आस्था और चुप्पी के गठजोड़ का सवाल है। यह समस्या अपवाद नहीं, एक संरचनागत विकृति बन चुकी है, जिस पर त्वरित और कड़े हस्तक्षेप की जरूरत है।

राष्ट्रीय स्तर पर हुए अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में बच्चों के बड़े हिस्से ने किसी न किसी रूप में यौन शोषण का अनुभव किया है। कई अध्ययनों में यह अनुपात 40.50 प्रतिशत तक बताया गया है। आध्यात्मिक आश्रमों, धार्मिक आवासीय विद्यालयों, मदरसों, कॉन्वेंट्स, हॉस्टलों और कोचिंग संस्थानों जैसे बंद व अनुशासित माहौल में, जहां गुरु-शिष्य या शिक्षक-छात्र संबंध में भारी शक्ति-असमानता होती है, वहां यह जोखिम और अधिक बढ़ जाता है।

इन संस्थानों में धर्म, राष्ट्रवाद या संस्कार की भाषा के सहारे एक ऐसी पवित्रता की छवि गढ़ी जाती है, जिसके कारण पीड़ित, परिवार और समाज शिकायत को पाप या अविश्वास मानकर दबा देते हैं। नतीजा यह कि जो अपराध सामान्य समाज में भी कम ही रिपोर्ट होते हैं, वे इन संस्थागत दीवारों के भीतर लगभग अदृश्य हो जाते हैं।

बड़ी संस्थाओं पर कार्रवाई न होने का पहला कारण है इन संगठनों की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक पकड़य बड़े आश्रमों, पंथों या प्रतिष्ठित स्कूलों के संचालक अक्सर राजनीतिक दलों, नौकरशाही और स्थानीय पुलिस से गहरे जुड़े होते हैं, जिससे शुरुआती शिकायत दर्ज कराना ही कठिन हो जाता है। कई मामलों में देखा गया है कि जब पीड़ित या सामाजिक संगठन शिकायत लेकर जाते हैं तो पुलिस पहले समझौता, प्रतिष्ठा और छवि का हवाला देकर मामला दबाने की कोशिश करती है।दूसरा कारण है हमारे समाज की अंध-श्रद्धा कई अनुयाई या अभिभावक खुद यह मानने को तैयार नहीं होते कि उनके पूजनीय गुरु, फादर, मौलवी या प्रिंसिपल ऐसा अपराध कर सकते हैं। कभी-कभी तो वे ही संस्थान के पक्ष में खड़े होकर पीड़ित को ही झूठा साबित करने लगते हैं। तीसरा, इन संस्थाओं का प्रशासन अक्सर यह तर्क देता है कि पूरा संगठन बदनाम न हो, सिर्फ व्यक्ति पर दिखावटी कार्रवाई ही हो। इसी सोच के चलते संस्थागत जवाबदेही, सिस्टम में सुधार और संरचनागत जांच टलती रहती है। यूं तो कागज पर भारत के पास कई मजबूत कानून हैं। बाल यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम POCSO Act 2012 हर तरह के यौन शोषण, उत्पीड़न और पोर्नोग्राफी को अपराध मानता है और 18 वर्ष से कम आयु के हर बच्चे को लैंगिक रूप से तटस्थ सुरक्षा देता है। यह कानून विश्वास की स्थिति में बैठे व्यक्ति जैसे शिक्षक, धार्मिक गुरु, वार्डन या डॉक्टर द्वारा किए गए अपराध को गंभीर श्रेणी में रखता है और सख्त सजा का प्रावधान करता है। फिर भी, दिक्कतें प्रक्रियागत हैं। जांच एजेंसियों की संवेदनशीलता की कमी, पीड़ित के बार-बार बयान होना, ट्रायल में देरी और गवाहों पर सामाजिक-आर्थिक दबाव के कारण बहुत से मामले या तो दर्ज नहीं हो पाते या अदालत तक पहुंचते-पहुंचते कमजोर हो जाते हैं। कई बार स्थानीय पुलिस या बाल अधिकार आयोगों तक गई शिकायतों पर भी महीनों कार्रवाई नहीं होती, जैसा हाल में कुछ बड़े धार्मिक संस्थानों से जुड़े मामलों में याचिकाकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष भी उठाया। ऐसे में पीड़ितों व उनके परिवार की सबसे पहली और कठिन जिम्मेदारी है चुप्पी तोड़नाय बच्चों को यह बताया जाना जरूरी है कि कोई भी गुरु, फादर, मौलवी, भाईया 'या दीदी यदि उनकी मर्यादा का उल्लंघन करे, शरीर को गलत तरीके से छुए, तो यह गलती नहीं, अपराध है। माता-पिता और अभिभावकों को बच्चों की बात को गंभीरता से सुनना, उनके व्यवहार में अचानक आए बदलाव (डर, चिड़चिड़ापन, किसी स्थान या व्यक्ति से घबराहट) को संकेत मानना चाहिए। उन्हें धार्मिक या संस्थागत प्रतिष्ठा से ऊपर अपने बच्चों की सुरक्षा को रखना चाहिए। घटना होने पर तुरंत स्थानीय पुलिस या विशेष किशोर पुलिस इकाई को सूचना देना और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराने पर जोर देना आवश्यक है। क्योंकि कानून यह भी कहता है कि शिकायत मिलते ही बच्चे की सुरक्षा, चिकित्सा और पुनर्वास के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। साथ ही, बाल अधिकार आयोगों, विश्वसनीय बाल अधिकार संगठनों या कानूनी सहायता समूहों से संपर्क कर पीड़ित के लिए परामर्श, सुरक्षित ठिकाना और कानूनी सहयोग सुनिश्चित किया जा सकता है। अदालतें सिर्फ व्यक्तिगत मामलों में सजा देने तक सीमित न रहकर संस्थागत जवाबदे. ही तय कर सकती हैं। जैसे किसी बड़े आश्रम, कॉन्वेंट या स्कूल में दोहराए जा रहे आरोपों के मामले में स्वतरू संज्ञान लेकर स्वतंत्र जांच कमेटी, विशेष जांच दल या मॉनिटरिंग मेकनिज्म बनाने के निर्देश देना। न्यायालय समयबद्ध ट्रायल, पीड़ित गवाहों की सुरक्षा, मुआवजा और मनो. सामाजिक पुनर्वास को अनिवार्य करने वाले विस्तृत दिशानिर्देश जारी कर सकते हैं, ताकि हर निचली अदालत में एक समान मानक लागू हो।

**जांच एजेंसियों की संवेदनशीलता की कमी, पीड़ित के बार-बार बयान होना, ट्रायल में देरी और गवाहों पर सामाजिक-आर्थिक दबाव के कारण बहुत से मामले या तो दर्ज नहीं हो पाते या अदालत तक पहुंचते-पहुंचते कमजोर हो जाते हैं। कई बार स्थानीय पुलिस या बाल अधिकार आयोगों तक गई शिकायतों पर भी महीनों कार्रवाई नहीं होती, जैसा हाल में कुछ बड़े धार्मिक संस्थानों से जुड़े मामलों में याचिकाकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष भी उठाया।**

साथ ही, सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालय सरकारों को बाध्य कर सकते हैं कि सभी धार्मिक आध्यात्मिक-शैक्षणिक संस्थानों के लिए बाल सुरक्षा नीति और आंतरिक शिकायत तंत्र कानूनी रूप से अनिवार्य हो, जिसकी नियमित ऑडिटिंग हो और उल्लंघन पर पंजीकरण रद्द करने तक की कार्यवाही हो सके। जब तक आस्था का आवरण, सत्ता का संरक्षण और समाज की चुप्पी मिलकर अपराधियों के लिए ढाल बने रहेंगे, तब तक कानून की धार भी कुंद रहेगी। यह लड़ाई सिर्फ अदालतों की नहीं, परिवार, मीडिया, नागरिक समाज और जिम्मेदार धार्मिक-शैक्षणिक नेतृत्व की है, जो बच्चों की गरिमा और सुरक्षा को किसी भी पवित्र संस्था से ऊपर रख सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## धनिया भी देता है आपको सुंदर काया

**धनिया तथा लैमन ग्रास के पेस्ट से कील मुहांसों को रोकने में मदद मिलती है। एक चम्मच धनिया रश तथा एक चम्मच लेमन ग्रास को उबलते पानी में डालकर एक घण्टा तक रहने दें तथा इससे बने पेस्ट को कील, मुहांसों पर लगाकर आधा घण्टा बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। ताजा धनिया पत्तियों के जूस तथा नींबू जूस को मिलाकर कील-मुहांसों तथा ब्लैक हैडस पर लगाकर आधा घण्टा बाद साफ ताजे पानी से धो डालिए। धनिया का फेस पैक त्वचा में चमक तथा आभा बढ़ाता है। ताजा टमाटर, हरी धनिया की पत्तियां तथा गुलाब जल को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद ताजे साफ जल से धो डालिए।**



**शहनाज हुसैन**

रसोई घर में सब्जियों का जायका बढ़ाने के लिए सर्दियों में प्रयोग किए जा रहे धनिए को हाल ही के वर्षों में सौंदर्य जगत का नया राक्स्टार माना जाने लगा है। सौंदर्य जगत में आज कल कील मुहांसों, तैलीय तथा शुष्क त्वचा, काले धब्बों के इलाज के लिए धनिए को हर्बल सौंदर्य प्रसाधन के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। घरेलू व्यंजनों को सुगन्ध प्रदान करने वाली जादुई जड़ी बूटी धनिए के नियमित उपयोग से कोलेस्टरोल को कम करने, पाचन तंत्र को मजबूत करने, हीमोग्लोबिन को बढ़ाने तथा चर्म रोगों के उपचार में मदद मिलती है।


शरीर में पितवात को सन्तुलित एवं प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली धनिए की हरी पत्तियां शरीर में अम्ल को कम करके चेहरे के दाग, धब्बों को कम करके चेहरे की आभा को बढ़ाती है। धनिए की हरी पत्तियां चबाने से शरीर में एनिमिया को रोकने में मदद मिलती है जो कि शुष्क तथा निष्प्राण त्वचा का मुख्य कारण है ताजा धनिया में विटामिन-सी, वीटा कारोटीन, एण्टीऑक्सीडैंट के गुण विद्यमान होते हैं तथा इसकी सुगन्ध से मानसिक व शारीरिक ताजगी का अहसास होता है जिससे आपकी त्वचा मुलायम, कोमल तथा चमकदार बनती है। धनिया की पत्तियों का पेस्ट खोपड़ी पर लगाने से खुजली तथा खुशकी से निजात मिलती है। धनिया को पीस कर थोड़ा सा शहद मिलाकर बने पेस्ट को खोपड़ी पर लगाने से ताजगी तथा सफुर्ति का अहसास होता है।

धनिया तथा लैमन ग्रास के पेस्ट से कील मुहांसों को रोकने में मदद मिलती है। एक चम्मच धनिया रश तथा एक चम्मच लेमन ग्रास को उबलते पानी में डालकर एक घण्टा तक रहने दें तथा इससे बने पेस्ट को कील, मुहांसों पर लगाकर आधा घण्टा बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। ताजा धनिया पत्तियों के जूस तथा नींबू जूस को मिलाकर कील-मुहांसों तथा ब्लैक हैडस पर लगाकर आधा घण्टा बाद साफ ताजे पानी से धो डालिए। धनिया का फेस पैक त्वचा में चमक तथा आभा बढ़ाता है। ताजा टमाटर, हरी धनिया की पत्तियां तथा गुलाब जल को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद ताजे साफ जल से धो डालिए। गर्मियों में तापमान में वृद्धि तथा सूर्य की तेज किरणों से त्वचा में कालापन आ जाता है। आधा कप जई, एक चौथाई कप दही तथा एक चौथाई कप धनीया पत्तियों को काटकर मिक्सी में ब्लैंड कर लें तथा इस पेस्ट को चेहरे, गर्दन तथा आदि खुले भागों में लगाकर 20 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए तथा इससे गर्मियों में झुलसी त्वचा को शीतलता प्रदान होगी।

दो चम्मच धनिया पत्तियों का जूस तथा एक चम्मच नींबू जूस को मिलाकर रात को अपने होठों पर मालिश कर लें तथा इसे होठों पर रात भर रहने दें व सुबह ताजे पानी से धो डालें । इसे हफ्ते में दो बार प्रयोग करने से आपके होठ मुलायम तथा गुलाबी हो जाएंगे। गर्मियों में धूप से त्वचा अक्सर झुलस जाती हैं इसके उपचार के लिए एक चम्मच धनिया बीज पाउडर को एक कप सूर्यमुखी, बादाम या जैतून के तेल में एक हफ्ते तक इन्फ्यूज करके बने मिश्रण को सनबर्न से प्रभावित अंगों पर लगाने से शीतलता मिलती है।

धनिए की पत्तियों के जूस को ऐलोवेरा से मिश्रित कर बने मिश्रण को लगाने से चेहरे पर झुर्रियां रोकने में मदद मिलती है। धनिया की पत्तियों, चावल के आटे तथा दही के मिश्रण से बने फेस पैक के लगाने से चेहरे की मांसपेशियां तथा कोशिकाएं तरो ताजा हो जाती हैं तथा आप खिली-खिली महसूस करती हैं। ताजा हरी धनिया पत्तियों को ग्राइन्डर में डालकर पानी डालकर इसे ग्राइन्ड करके पेस्ट बना लें। अब इस मलमल को कपड़े या स्ट्रेनर की मदद से जूस अलग कर लें। थोड़े से जूस में चुटकी भर हल्दी मिलाकर बने पेस्ट को रात को सोते समय चेहरे पर लगाकर सुबह ताजे पानी से धोने से त्वचा में निखार आता है।

## तुम्हारा है, तो परिवारवाद, हमारा है, तो गुणवाद



**निर्मल रानी**

बात जब परिवारवाद की आती है तो सबसे पहला निशाना गांधी-नेहरू परिवार पर साधा जाता है। उसके बाद मुलायम सिंह यादव व लालू यादव जैसे नेताओं पर परिवारवादी राजनीति करने का आरोप लगाया जाता है। इन लोगों के श्परिवारवाद श का विरोध करने वाले विशेषकर भारतीय जनता पार्टी के नेता जनता को यह समझाने की कोशिश करते हैं कि इस परिवार के लोग लोकतंत्र विरोधी हैं और अपने परिवार के लोगों को राजनैतिक विरासत के रूप में जनता पर थोपने की कोशिश करते हैं। जबकि वास्तव में नेहरू घराने से लेकर मुलायम सिंह व यादव,लालू यादव जैसे नेताओं की भारतीय राजनीति में अहम भूमिका रही है। नि:संदेह नेहरू -इंदिरा -राजीव ने देश को विकास व आधुनिकता की राह पर लाने,देश को आत्मनिर्भर बनाने व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश को सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसी तरह लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव को भी भारतीय राजनी. ति में मुख्य रूप से मंडल राजनीति के दो सबसे बड़े चेहरे और उत्तर भारत में जातिगत गोलबंदी की राजनी. ति के जनक के रूप में याद किया जाता है। इन दोनों ही नेताओं ने 90 के दशक में ओ बी सी विशेषकर यादव-दलित-मुस्लिम गठजोड़ को इतनी शक्ति दी कि उत्तर प्रदेश और बिहार में लंबे समय तक कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा दोनों को सत्ता से बाहर रखा। आज भी इन्हें मंडल क्रांति के नायक, सामाजिक न्याय के प्रतीक तथा भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राष्ट्रीय दलों का विकल्प देने की क्षमता रखने वाले नेताओं के रूप में याद किया जाता है।

पूरे देश में नेहरू-इंदिरा परिवार ने और देश के दो सबसे बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश व बिहार में इन यादव घरानों ने धर्मनिरपेक्ष व समाजवादी राजनीति की जो अमिट छाप छोड़ी है उसी ने भाजपा को लंबे समय तक सत्ता से दूर रखा। अपनी इसी कसक को भाजपा नेता परिवारवाद के रूप में प्रचारित कर अपनी भड़ास निकालते रहते हैं। जबकि इन परिवारों की वर्तमान पीढ़ियों में राहुल गांधी ने पहले हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका में पढ़ाई की बाद में रोलिंस कॉलेज, फ्लोरिडा, अमेरिका से स्नातक की डिग्री ली और ट्रिनिटी कॉलेज, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, ब्रिटेन से 95 में डेवलोपमेन्ट स्टडीज में एम फिल पूरी की। चार बार सांसद भी चुने जा चुके हैं। इसी तरह अखिलेश यादव ने भी सिविलध्एनवायर्नमेंटल इंजीनियर की डिग्री व मास्टर्स डिग्री सिडनी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया से हासिल की है। वे भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व पांच बार सांसद होने का अनुभव रखते हैं। गोया यह लोग न अशिक्षित हैं न ही अनुभवविहीन न ही नकली डिग्री धारी। तेजस्वी यादव अशिक्षित जरूर हैं परन्तु उनके पास राजनीति का एक दशक से भी लंबे समय का अनुभव होने के साथ साथ पांच बार विधायक दो बार उपमुख्यमंत्री व नेता विपक्ष के पद पर रहने का अनुभव व लालू के कारण ही सही परन्तु भारी लोकप्रियता भी है। सवाल यह है कि परिवारवाद का विरोध करने वाली भाजपा क्या खुद भी परिवारवाद से दूर रहती है ? क्या उन क्षेत्रीय पार्टियों या नेताओं से पार्टी फासला बनाकर रखती है जो परिवारवाद की राजनीति करते हैं?



इस समय वर्तमान नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में ही कम से कम 15 मंत्री ऐसे हैं जो परिवारवाद से जुड़े हैं या अपनी राजनीतिक विरासत आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा के कुल सांसदों में से लगभग 12 प्रतिशत राजनैतिक विरासत से आते हैं। अनुराग ठाकुर,ज्योतिरादित्य सिंधिया, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरेन रिजिजू, राव इंद्रजीत सिंह, रक्षा खड़से आदि ऐसे कई उदाहरण हैं जो परिवारवाद के चलते ही केंद्र में मंत्री पद तक पहुंच सके हैं परन्तु जब विपक्ष भाजपाई परिवारवाद का यही दर्पण भाजपा को दिखाता है तो भाजपा दावा करती है कि इनका चयन योग्यता अर्थात श्गुणवादश पर आधारित है, न कि परिवारवाद पर। इससे बड़ा पाखंड और क्या हो सकता है?

अभी पिछले दिनों बिहार में जब नितीश कुमार मंत्रिमंडल ने शपथ ली तो उसमें भी भाजपा व उसके सहयोगी दलों का परिवारवाद टिकट वितरण से लेकर मंत्री मंडल में स्थान पाने तक सिर चढ़कर बोलता दिखाई दिया। यहां विधान सभा चुनाव में एन डी ए की ओर से 29 ऐसे विधायक जीतकर आए हैं जो परिवारवाद का प्रतीक हैं। जबकि 26 मंत्रियों में से 9 मंत्री भी परिवारवाद से जुड़े हैं। इनमें सबसे प्रमुख परिवार केंद्रीय मंत्री व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का है। जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा को 2025 चुनाव में हिस्से में कुल 6 सीटें मिली थीं जिनमें से 5 पर उन्होंने अपने रिश्तेदारों को टिकट दे दिया। इस समय उनके परिवार के 7 सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं तथा 5 व्यक्ति सांसद, विधायक व मंत्री बने हैं। इनमें संतोष कुमार सुमन, जीतन राम मांझी के पुत्र हैं ए विधान पार्षद (एमएलसी) हैं तथा इन्हें इस बार तीसरी बार नितीश मंत्रिमंडल में जगह मिली है। इसके अतिरिक्त दीपा मांझी, जीतन राम की पुत्रवधू अर्थात संतोष (मंत्री जी) की पत्नी हैं। यह विधायक हैं। जीतन मांझी की भाभी ज्योति देवी विधायक हैं। प्रफुल्ल कुमार दामाद , संतोष (मंत्री जी) का साला विधायक है । एक अन्य रिश्तेदार देवेंद्र मांझी दामाद उपाध्यक्ष व बिहारै ब आयोग का अध्यक्ष है। यह पूर्व में मुख्यमंत्री काल में मांझी के पी ए भी रह चुके हैं।

इसी तरह बिहार की एक और क्षेत्रीय पार्टी है राष्ट्रीय लोक मोर्चा। बिहार चुनाव में राज्यसभा सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली आर एल एम के हिस्से में बिहार के 2025 चुनाव में 6 सीटें मिलीं इनमें से 4 पर विजय हासिल की। इनके परिवार में भी कुल 3 व्यक्ति सांसद, विधायक व मंत्री बने हैं। उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र दीपक प्रकाश न तो विधायक हैं न ही विधान पार्षद न ही वे चुनाव लड़े परन्तु इस भरोसे मंत्री बना दिए गए कि अगले 6 महीने में यह विधान परिषद् सदस्य बन जाएंगे। इसी तरह उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता कुशवाहा इस बार सासाराम से विधायक चुनी गई हैं। लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान की पार्टी में कई रिश्तेदार विधायक चुने गए हैं। पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी के बेटे सम्राट चौधरी भाजपा से उपमुख्यमंत्री हैं। कैप्टन जय नारायण निषाद पूर्व सांसद की बहू रमा निषाद को मंत्री बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री स्व जगन्नाथ मिश्रा के बेटे नीतीश मिश्रा को मंत्री बनाया। पूर्व मुख्यमंत्री हरिहर सिंह के बेटे भाजपा विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह को मंत्री व जे डी यू के पूर्व विधायक राम नंदन सिंह के बेटे श्रवण कुमार को मंत्री बनाया गया। भाजपा शासित अन्य कई राज्यों में भी इसी तरह के परिवारवाद की पताका लहराती दिखाई देगी। परन्तु गत चार दशकों से इन्हें केवल विपक्षी दलों का ही परिवारवाद नजर आता है। गोया तुम्हारा है तो परिवारवाद हमारा है तो गुणवाद?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नोएडा। शहर की वायु गुणवत्ता लगातार खराब होने के कारण कम दृश्यता के बीच जाते यात्री।

## चीन की हरकत भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने में मददगार नहीं: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने अरूणाचल प्रदेश की रहने वाली एक भारतीय महिला के साथ शंघाई हवाई अड्डे पर वीज़ा और पासपोर्ट को लेकर की गई हरकत पर सख्त रूख अपनाते हुए कहा है कि इस तरह की हरकतें दोनों देशों के बीच परस्पर विश्वास और समझ बनाने तथा संबंधों को सामान्य बनाने में मददगार नहीं होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा कि अरूणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और इस तरह की हरकतों से हकीकत नहीं बदल सकती। उन्होंने कहा कि भारत पहले भी कई बार यह स्पष्ट कर चुका है कि भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखाना जरूरी शर्त है।

## ऑस्ट्रेलिया में भीषण तूफान, एक की मौत

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य में भीषण तूफानों के कारण एक व्यक्ति की मौत और 75000 घरों में बिजली गुल हो गई है। इन तूफानों ने सिडनी से लेकर राज्य के पश्चिमी हिस्सों तक व्यापक नुकसान पहुंचाया है। अमेरिकन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी (एबीसी) ने बुधवार को राज्य आपातकाल. ीन सेवा (एसईएस) के हवाले से बताया कि 110 किलोमीटर प्रति घंटे (68 मील प्रति घंटे) से अधिक की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं वाले इन तूफानों ने राज्य के केंद्रीय पश्चिमी क्षेत्र, केंद्रीय तट, इलवारा और सिडनी क्षेत्रों में पेड़ों और बिजली की लाइनों को गिरा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, एसईएस ने 1000 से अधिक घटनाओं की सूचना दी है और उम्मीद है कि सफ़ाई अभियान में कई दिन लगेंगे।

# दावा: एच-1बी वीजा में हो रही धोखाधड़ी

## दुनिया के लिए 85 हजार तय थे, लेकिन अकेले चेन्नई को ही 2.2 लाख वीजा मिल गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एच-1बी वीजा प्रोग्राम को लेकर एक नया विवाद शुरू हो गया है। अमेरिकी अर्थशास्त्री और पूर्व सांसद डेव ब्रैट ने आरोप लगाया है कि एच-1बी सिस्टम में बड़ी धोखाधड़ी हो रही है।

उनका दावा है कि चेन्नई जिले को 2.2 लाख वीजा मिले हैं, जबकि पूरी दुनिया के लिए 85,000 की लिमिट तय है। ब्रैट का कहना है कि यह संख्या तय सीमा से ढाई गुना ज्यादा है। एक पाडकास्ट में ब्रैट ने कहा कि एच-1बी वीजा इंडस्ट्रीयल लेवल की धोखाधड़ी का शिकार बन चुका है। उन्होंने बताया कि 71 प्रतिशत एच-1बी वीजा भारत को मिलते हैं, जबकि दूसरे नंबर पर चीन को सिर्फ 12 प्रतिशत मिलते हैं। ये आंकड़े खुद बताते हैं कि वीजा सिस्टम का गलत





- 71 प्रतिशत एच-1बी वीजा भारत को मिलते हैं जबकि दूसरे नम्बर पर चीन को सिर्फ 12 प्रतिशत मिलते हैं

फायदा उठाया जा रहा है। ब्रैट ने इस मुद्दे को अमेरिका की घरेलू राजनीति से भी जोड़ा और कहा कि एच-1बी वीजा अमेरिकी कामगारों की नौकरियां छीन रहा है। उनके मुताबिक, कई लोग खुद को स्किल्ड वर्कर बताकर अमे. रिका पहुंच जाते हैं, जबकि कई मामलों में उनकी स्किल्स उतनी मजबूत नहीं होतीं। चेन्नई अमे. रिकी कान्सुलेट दुनिया के सबसे बिजी एच-1बी प्रोसेसिंग सेंटर्स में से एक है, जहां तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और तेलंगाना से बड़ी संख्या में एप्लिकेशन आते हैं। इन राज्यों में आईटी कंपनियों और टेक वर्कर्स की संख्या बहुत ज्यादा है, इसलिए यहां से वीजा आवेदन भी सबसे ज्यादा होते हैं। ब्रैट के आरोपों से कुछ दिन पहले एक भारतीय-अमेरिकी पूर्व डिप्लोमैट महविश सिद्दीकी ने भी ऐसा ही दावा किया था। उन्होंने कहा था कि एच-1बी वीजा में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी होती है, खासकर भारत में। उनका कहना था कि कई वीजा फर्जी एम्पलायर लेटर, नकली डिग्रियों और किसी और से इंटरव्यू दिलवाकर लिए जाते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हैदराबाद में कई जगह वीजा के लिए नकली कागजात और फर्जी जाब लेटर खुलेआम बेचे जाते हैं। अभी तक अमेरिकी सरकार ने इन आरोपों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। एच-1बी वीजा को लेकर अमे. रिका में पहले से ही काफी बहस होती रही है और इन नए आरोपों ने इस मुद्दे को फिर से गरमा दिया है। ट्रम्प सरकार ने 21 सितम्बर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ाकर 1 लाख डालर (करीब 88 लाख रुपये) कर दी है। व्हाइट हाउस के मुताबिक यह बढ़ी हुई फीस सिर्फ वन टाइम है, जो एप्लिकेशन देते समय चुकानी होगी। एच-1बी वीजा के लिए पहले 5.5 से 6.7 लाख रुपये लगते थे।

# राम मंदिर में मोदी का ध्वजारोहण नाजायज: पाक

## कहा: यह भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर बढ़ते दबाव और मुस्लिम विरासत को मिटाने की कोशिश का हिस्सा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अयोध्या के राम मंदिर में पीएम मोदी के ध्वजारोहण पर विरोध जताया है, और कहा कि यह एक नाजायज काम है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि यह भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर बढ़ते दबाव और मुस्लिम विरासत को मिटाने की कोशिश का हिस्सा है। पाकिस्तान ने कहा कि जिस जगह पहले बाबरी मस्जिद थी, वहां अब राम मंदिर बनाया गया है।

पाकिस्तान ने दावा किया कि बाबरी मस्जिद कई सदियों पुरानी धार्मिक जगह थी। 6 दिसम्बर 1992 को इसे भीड़ ने गिरा दिया था। पीएम मोदी ने मंगलवार को मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने सुबह 11.50 बजे अभिजीत मुहूर्त में 2 किलो की केसरिया ध्वजा 161 फीट ऊंचे शिखर पर फहराई। पाकिस्तान ने कहा कि भारत की अदालतों ने बाबरी मस्जिद गिराने के आरोपियों को बरी कर दिया और उसी जमीन पर मंदिर निर्माण की इजाजत दे दी। यह अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर मुसलमानों पर दबाव बढ़ रहा है। भारत की कई ऐतिहा. सिक मस्जिदें खतरे में हैं। मुसलमानों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक तौर से हाशिये पर धकेला जा रहा है। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह भारत में बढ़ते इस्लामोफोबिया, नफरत और मुसलमानों पर हमलों पर ध्यान दे। उसने न्छ और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से कहा कि वे भारत में अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएं। भारत पर झूठा आरोप लगाने वाले पाकिस्तान में खुद बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की जा रही है। अमेरिका की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमले और धमकियों की कई घटनाएं हुईं, लेकिन वहां की सरकार ने दोषियों पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की। 2023 में एक चर्च जलाने के आरोप में पकड़े गए 10 लोगों को हाल ही में अदालत ने बरी भी कर दिया। पाकिस्तान में अक्सर हिंदू और ईसाई लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन और जबरन शादी के मामले सामने आते रहते हैं, खासकर सिंध और पंजाब में। पाकिस्तान ने करीब 2 साल पहले 22 जनवरी 2024 को हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भी निंदा की थी।

तब पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था-हम अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की निंदा करते हैं। यह मंदिर बाबरी मस्जिद को तोड़कर बनाया गया है। ध्वस्त मस्जिद की जगह पर बना मंदिर आने वाले समय में भारतीय लोकतंत्र के माथे पर कलंक की तरह बना रहेगा। भारत में बढ़ती 'हिंदुत्व' विचारधारा धार्मिक सद्भाव और क्षेत्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा है। ऐसा करके भारत मुस्लिमों को दरकिनार करने की कोशिश कर रहा है। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने एक्स पर भारत को राम मंदिर के ध्वजारोहण की बधाई देते हुई कुछ तस्वीर शेयर कीं। उन्होंने लिखा कि अयोध्या में राम मंदिर के ध्वजारोहण पर भारत को बधाई। यह सभ्यता के लिए बेहद महत्वपूर्ण क्षण है। इसके साथ ही उन्होंने पिछले साल मंदिर निर्माण के दौरान अपनी अयोध्या यात्रा की कुछ तस्वीरें भी शेयर कीं।



- जगह पहले बाबरी मस्जिद थी, वहां अब राम मंदिर बनाया गया
- भारत की अदालतों ने बाबरी मस्जिद गिराने के आरोपियों को बरी कर दिया: पाक

## विदेश मंत्रालय का पाकिस्तान को करारा जवाब

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के ध्वजारोहण समारोह में पीएम मोदी की भागीदारी पर पाकिस्तान ने अनर्गल टिप्पणी की है। पड़ोसी देश की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम उनकी टिप्पणी को उस अवमानना के साथ अस्वीकार करते हैं जिसके वे हकदार हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कटरता, दमन, अल्पसंख्यकों के साथ प्रणालीगत दुर्व्यवहार के गहरे दागदार रिकार्ड के साथ, पाकिस्तान के पास दूसरों को उपदेश देने का कोई नैतिक आधार नहीं है। उन्होंने कहा, पाखंडपूर्ण उपदेश देने के बजाय, पाकिस्तान को अपने स्वयं के खराब मानवाधिक. ार रिकार्ड पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। शंघाई एयरपोर्ट पर जो कदम उठाए गए। उस पर हमने स्टेटमेंट जारी किया था। हमने उसमे कहा कि अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग। इसमें कोई बदलाव नहीं आएगा। चीन द्वारा उठाया गया कदम गलत है। इस पर भारत ने कार्रवाई भी की है। चीन की मनमानी हरकते दोनों देशों को रिश्तों के लिए मददगार नहीं है। शेख हसीना के मामले में हमे उनका अनुरोध मिला।

## बोल्सोनारो को 27 साल की सजा काटने का आदेश

**ब्रासीलिया।** ब्राजील सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जैंडर डी मोसियस ने पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो और उनके छह करीबी सहयोगियों को तख्तापलट की कोशिश मामले में दोषी पाए जाने पर 27 साल की जेल की सजा काटने का आदेश दिया है। ग्लोबो अखबार ने यह जानकारी दी है। प्रकाशित रिपोर्ट में न्यायमूर्ति मोराएस के हवाले से कहा गया मैं जेयर बोल्सोनारो की सजा तुरंत शुरू करने का आदेश देता हूं। यह सजा 27 साल और तीन महीने की होगी, जिसमें 24 साल और नौ महीने पूर्ण रूप से बंद जेल में तथा शेष दो साल और छह महीने अर्ध-हिरासत में काटने होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, मुकदमा वर्चुअल तरीके से चला और न्यायमूर्ति मोराएस ने घोषणा की कि यह अब अंतिम रूप से पूरा हो चुका है, क्योंकि बोल्सोनारो के बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने सोमवार को निर्धारित अंतिम तारीख तक कोई नई अपील दाखिल नहीं की थी। पूर्व राष्ट्रपति अपनी सजा राजधानी ब्रासीलिया स्थित फेडरल पुलिस मुख्यालय में काटेंगे, जहां वह पहले से ही मामले की सुनवाई के समय से ही हिरासत में हैं।

## हॉन्गकॉन्ग की 35 मंजिला इमारत में आग, 4 की मौत

**हान्ग कान्ग।** हान्गकान्ग के उत्तरी ताई पो जिले में बुधवार को एक 35 मंजिला रिहायशी काम्प्लेक्स की 3 इमारतों में आग लग गई। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के मुताबिक इस हादसे में चार लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 9 लोग घायल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि आग कम से कम तीन इमारतों तक फैल गई थी। बीबीसी के मुताबिक कम से कम 13 लोग इमारत के अंदर अब भी फंसे हुए हैं।

वांग फुक कोर्ट के ये टावर बांस की मचान से ढके हुए थे। हान्गकान्ग में निर्माण और मरम्मत कार्यों में बांस की मचान का बहुत ज्यादा इस्तेमाल होता है। ऐसा माना जा रहा है कि इसकी वजह से आग तेजी से फैली। फिलहाल आग लगने के कारणों की पक्की जानकारी नहीं है। हालांकि माना जा रहा है कि आग इमारतों के बाहर लगी बांस की स्कैफोल्डिंग (मचान) के जरिए तेजी से फैल गई। आग इमारतों के बाहर लगे बांस के बंदों (स्कैफोल्डिंग) के जरिए तेजी से फैल गई। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां और बचाव दल पहुंचकर आग बुझाने और लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटे हैं। घटनास्थल से मिली फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि इमारत के कई फ्लैटों के बाहर लगी बांस की मचान तेज लपटों में घिरी हुई है। वांग फुक कोर्ट न्यू टेरिटरीज के ताई पो इलाके में बना एक हाउसिंग काम्प्लेक्स है, जहां इस समय मरम्मत और नवीनीकरण का काम चल रहा है। इस एस्टेट में 1984 फ्लैट हैं और यहां करीब 4000 लोग रहते हैं। हान्गकान्ग सरकार ने कहा है कि वांग फुक कोर्ट काम्प्लेक्स में लगी आग के बाद अस्थायी शेल्टर खोले गए हैं। ये शेल्टर क्वान्ग फुक कम्युनिटी हाल और तुंग चेओंग स्ट्रीट लीजर बिल्डिंग में बनाए गए हैं। इसके अलावा ऐलिस हो मियू लिंग नेथरसोले अस्पताल में एक हेल्प डेस्क बनाया गया है, ताकि लोगों को मदद और जानकारी दी जा सके। सरकार ने कहा कि ताई पो जिला कार्यालय हालात पर कड़ी नजर रख रहा है और जरूरत होने पर और शेल्टर खोले जाएंगे।

- बांस का मचान होने से आग तेजी से फैली, इमारत में 13 लोग अब भी फंसे हुए
- हान्गकान्ग में निर्माण और मरम्मत कार्यों में बांस की मचान का बहुत ज्यादा इस्तेमाल होता है

# ट्रम्प ने टर्की पक्षियों को क्षमादान देने की परंपरा निभाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने थैंक्सगिविंग पर्व से पहले बुधवार को एक समारोह में 'गॉबल' और 'वाडल' टर्की पक्षियों को क्षमादान देने की परंपरा निर्वाह किया। राष्ट्रपति ने एक टर्की को संबोधित करते हुए हास्यबोध के साथ कहा कि गॉबल, तुम्हें बिना शर्त क्षमादान दिया जाता है।

जिस पर उस पक्षी ने अपनी विशिष्ट 'गॉबल' ध्वनि से प्रतिक्रिया दी। उत्तरी कैरोलिना से लाए गए दोनों टर्की पक्षियों को व्हाइट हाउस में लाए जाने से पहले 'द विलार्ड इंटरकांटिनेंटल होटल' में ठहराया गया था। इस वार्षिक आयोजन में कुछ चुनिंदा टर्की पक्षियों को क्षमादान दिया जाता है और उन्हें छोड़ दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि थैंक्सगिविंग के अवसर टर्की पक्षियों को पका कर दावत में परा. ेसा जाता है। यह प्रथा 1863 में अब्राहम लिंकन के समय से चली आ रही है, लेकिन जॉर्ज एच-डब्ल्यू-बुश के शासन काल में 1989 में इसे एक औपचारिक 'राष्ट्रपति क्षमादान' का रूप दिया गया। ट्रम्प ने समारोह के दौरान अपने पूर्ववर्ती राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा दिए गए टर्की क्षमादानों की आलोचना करते हुए दावा किया कि वे एक अमान्य थे, क्योंकि स्वयं बाइडेन ने क्षमापत्र पर हस्ताक्षर नहीं किया था, बल्कि 'ऑटोपेन' से हस्ताक्षर किया गया था। उन्होंने घोषणा की कि पहले क्षमादान प्राप्त टर्की 'पीच' और 'ब्लॉसम' को वध होने से बचा लिया गया है। उन्होंने कहा कि मेरे पास आधिकारिक कर्तव्य है कि मैं यह निर्धारित करूं और मैंने निर्धारित किया है कि पिछले साल के टर्की क्षमादान पूरी तरह से अमान्य हैं। राष्ट्रपति ने मजाकिया लहजे में 'गॉबल' और 'वाडल' का नाम लोकतांत्रिक नेताओं चक शूमर और नैन्सी पेलोसी के नाम पर भी रखा, लेकिन साथ ही अपनी ही युक्ति का भी मजाक उड़ाया कि वह दोनों नेताओं को कभी माफ नहीं करेंगे।

- थैंक्सगिविंग के अवसर टर्की पक्षियों को पका कर दावत में परोसा जाता है

# आर्मेनिया ने भारत से तेजस जेट खरीदने का समझौता रोका

## दावा: दुबई क्रैश के बाद फैसला, 10 हजार करोड़ में 12 तेजस विमानों की होनी थी डील

**नई दिल्ली।** आर्मेनिया ने भारत से तेजस फाइटर जेट खरीदने की बातचीत फिलहाल रोक दी है। इजराइली मीडिया यरुशलम पोस्ट के मुताबिक यह फैसला 21 नवम्बर को दुबई एयरशो में तेजस के क्रैश होने के बाद लिया गया। इस हादसे में भारतीय पायलट विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत हो गई थी।

आर्मेनिया, भारत से करीब 1.2 बिलियन डालर (10 हजार करोड़) में 12 तेजस विमान खरीदने की तैयारी कर रहा था। यह डील लास्ट स्टेज में थी। ये तेजस की पहली विदेशी डील हो सकती थी। हालांकि इस पूरे मामले पर आर्मेनिया सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। भारत सरकार ने भी अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की है। 20 महीने में दूसरी बार तेजस क्रैश दुबई एयर शो के आखिरी दिन शुक्रवार दोपहर करीब 2:10 बजे (भारतीय समय के मुताबिक 3.40 बजे) एरियल डिस्प्ले चल रहा था। इस दौरान भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान तेजस लो-एल्टीटयूड मैन्यूवर कर रहा था। तभी अचानक उसकी ऊंचाई कम हुई और कुछ ही सेकेंड में विमान जमीन पर जा गिरा। मौके पर विमान में धमाके के साथ आग लग गई। इस हादसे में पायलट की मौके पर ही मौत हो गई। मार्च 2024 में राजस्थान के जैसलमेर में भी तेजस क्रैश हुआ था, लेकिन तब पायलट सुरक्षित इजेक्ट कर गए थे। यह 20 महीने में तेजस का दूसरा हादसा है। इस वक्त भारतीय वायु सेना के बेड़े में जो टाप फाइटर जेट हैं उनमें सुखोई एसयू-30एमकेआई, राफेल, मिराज, एमआईजी-29 और तेजस का नाम शामिल है। तेजस अपनी इन खूबियों की वजह से बाकी के चारों फाइटर जेट से अलग और खास है। अब तेजस का एक उन्नत संस्करण ए1 बनना शुरू हुआ है, जिसमें कई आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी। इसके कई सिस्टम इजराइल की कंपनियों ने डेवलप किए हैं। तेजस ए1 में इजराइली कंपनी **IAI&Elta** का **AESA** रडार, इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम और एल्बिट का नया हेलमेट-माउंटेड डिस्प्ले लगाया जाएगा। इसके साथ ही विमान में राफेल द्वारा बनाए गए डर्बी मिसाइल भी लगाए जाएंगे। पीएम मोदी खुद भी तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भर चुके हैं। उन्होंने 25 नवम्बर 2022 को इसमें उड़ान भरी थी। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की फाइटर प्लेन में पहली उड़ान थी। आर्मेनिया और भारत के बीच एक और डिफेंस डील है, जिसमें फ्रांस भी पार्टनर के तौर पर शामिल है। इसके तहत भारत आर्मेनिया को देश में बना एंटी-एयर सिस्टम आकाश एक्सपोर्ट करेगा। हवाई हमले रोकने वाले इस सिस्टम में तोप, गोला-बारूद और ड्रोन शामिल हैं। इसके लिए दोनों देशों में करीब 6 हजार करोड़ रुपये का समझौता हुआ था।




- भारत सरकार ने भी अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की
- मार्च 2024 में राजस्थान के जैसलमेर में भी तेजस क्रैश हुआ था

# सोशल मीडिया पर इमरान की मौत की अफवाह

## पाकिस्तान सरकार चुप, बहनों ने कहा: मिलने नहीं दिया जा रहा, पुलिस पर बदसलूकी का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से उनकी बहनें मुलाकात नहीं कर पा रही हैं। एक साल से जारी को. शिशों के बावजूद जेल प्रशासन हर बार सुरक्षा कारणों का हवाला देकर मुलाकात से रोक रहा है। मंगलवार रात इमरान खान की बहनें इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डा. उज्मा खान, इमरान के समर्थकों के साथ जेल के बाहर धरने पर बैठ गईं।

उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध के दौरान पंजाब पुलिस ने अंधेरा कर उन पर लाठीचार्ज किया। 71 साल की नोरीन खान ने दावा किया कि उन्हें बालों से पकड़कर सड़क पर घसीटा गया। अन्य महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। इस बीच, इमरान खान को लेकर सोशल मीडिया पर उनकी मौत की अफवाहें फैल गईं। कुछ पोस्ट में दावा किया गया कि उन्हें किसी दूसरी जगह ले जाया गया है। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कई अकाउंट ने इमरान की मौत की अफवाह फैला दी है। मार्च 2025 में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान खान को परिवार और वकीलों से नियमित मुलाकात की मंजूरी दी थी, लेकिन जेल प्रशासन आदेश का पालन नहीं कर रहा। अक्टूबर 2025 में अदालत ने दोबारा मुलाकातें बहाल करने का निर्देश दिया, फिर भी उनकी बहनों को अब तक एक भी मुलाकात नहीं मिल पाई है। पिछले हफ्ते इमरान खान की बहनों के साथ रावलपिंडी पुलिस ने बदसलूकी की थी। उन्हें सड़क पर घसीटा गया और जबरदस्ती हिरासत में लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब उनकी बहनें इमरान खान से होने वाली साप्ताहिक मुलाकात के लिए अडियाला जेल पहुंची थीं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने एक्स पोस्ट में कहा कि इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डा. उज्मा खान जेल के बाहर शांतिपूर्वक बैठी थीं, तभी पुलिस ने उन्हें जबरन उठाकर ले जाने की कोशिश की। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में इमरान खान की बहनों के साथ इस तरह घटना हुई हो। इससे पहले सितम्बर 2025 में, अडियाला जेल के बाहर मीडिया से बात करते वक्त अलीमा पर अंडे फेंके जाने की घटना हुई थी। इसके अलावा अलीमा, नोरीन और उज्मा को अप्रैल 2025 में जेल पहुंचने की कोशिश के दौरान भी गिरफ्तार किया गया था।



- दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं
- शांतिपूर्ण विरोध के दौरान पंजाब पुलिस ने अंधेरा कर उन पर लाठीचार्ज किया

## नाइजीरिया में अगवा हुई सभी छात्राएं सकुशल रिहा

**अबुजा।** नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टिनुबु ने अगवा की गई 24 छात्राओं के सकुशल रिहा होने की पुष्टि की है। इन लड़िकयों को संदिग्ध आतंकी गत 17 नवम्बर को एक सरकारी स्कूल के छात्रावास से अपहरण करके ले गए थे। राष्ट्रपति टिनुबु ने देर रात जारी बयान में कहा कि मुझे राहत है कि सभी 24 छात्राओं को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है। सरकारी अधिकारियों ने भी बताया कि सभी लड़िकयां स्वस्थ हैं और उन्हें जल्द ही उनके परिवारों से मिलवाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, इस स्कूल पर धावा बोलने वाले हमलावरों ने दो कर्मचारियों की हत्या कर दी थी और इन छात्राओं को साथ ले गए थे। छात्राओं की रिहाई कैसे हुई, इसका खुलासा नहीं किया गया है। राष्ट्रपति ने सुरक्षा बलों की 'तेज कार्रवाई' की सराहना भी की। इस अपहरण के बाद पिछले सप्ताह देश के मध्य हिस्से में कई इसी तरह की घटनाएं सामने आई थीं। इनमें एक चर्च से 38 श्रद्धालुओं का अपहरण और नाइजर देश के एक विद्यालय से 300 से अधिक विद्यार्थियों का अपहरण भी शामिल है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108